निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

• बोकारो, बुधवार, 17 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 122 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 300 सहायक आचार्यों को दिया नियुक्ति पत्र

# शिक्षा से बदलेगा राज्य का भविष्य : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को राज्यस्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सफल 300 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव भी मौजूद रहे और उन्होंने भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें 131 स्नातक प्रशिक्षित और 170 इंटर प्रशिक्षित उम्मीदवार शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले भी नियुक्तियां हुई हैं। राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री आधारित, इंजीनियरिंग, मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सीएम उत्कृष्ट विद्यालय शुरू हुआ तो कई अभिभावकों ने अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में लिखवाया। प्राइवेट स्कूलों में पैसे देने की स्थिति उनकी नहीं है। इसलिए सरकार ने क्वालिटी



एजुकेशन के लिए उत्कृष्ट विद्यालय शुरू किया है। हालांकि सीएम उत्कृष्ट स्कूलों में अभी और बेहतर चीजों को समाहित करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के अनुरूप तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों का समूह है। शिक्षकों की तरफ से बेहतर शिक्षा के लिए कोई सुझाव है तो वह सरकार को दें। आपके सुझाव पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नए नियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही राज्य की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों का बौद्धिक विकास शिक्षा से ही संभव है। डिजिटल युग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समय में हमें अपनी रफ्तार और बढ़ानी होगी। झारखंड को 'मजदूर प्रदेश' की पहचान से निकालकर ज्ञान और शिक्षा की धरती के रूप में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। सीएम ने शिक्षकों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कहा कि आपको मिलने वाला वेतन जनता का पैसा है। इसलिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएम एक्सीलेंस स्कूलों में बड़ी संख्या में बच्चों का दाखिला हुआ है। कई अभिभावक निजी स्कूलों से नाम कटवाकर इन स्कूलों पर भरोसा जता रहे हैं। सरकार का लक्ष्य शिक्षा को सबके लिए सुलभ और बेहतर बनाना तथा निजी स्कूलों के एकाधिकार को समाप्त करना है। श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि दौलत विरासत में मिल सकती है लेकिन पहचान ज्ञान से ही बनती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 6 से 12 प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह ने स्वागत भाषण दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन परियोजना निदेशक संजय रंजन ने किया।

## धनबाद जेल में कैदी एचआइवी पॉजिटिव, हाईकोर्ट सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**धनबाद।** झारखंड में जेल व्यवस्थाओं और कैदियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। धनबाद मंडल कारा में बंद एक सजायाफ्ता कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया है। नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई। यह कैदी 27 जून से जेल में बंद है। मामला झारखंड हाईकोर्ट की जानकारी में आने के बाद अदालत ने इसे बेहद गंभीर मानते हुए कहा कि जेलों में कैदियों की स्वास्थ्य सुरक्षा न केवल उनकी बल्कि अन्य कैदियों और जेलकर्मियों की जिंदगी से भी जुड़ी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एचआईवी जैसी संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए जेलों में ठोस व्यवस्था होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए गृह सचिव, जेल अधीक्षक, चिकित्सा पदाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि जेलों में स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति क्या है और ऐसी बीमारियों से निपटने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जेलों में नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श और संक्रमित कैदियों के लिए अलग चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। इस मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। उस दिन संबंधित अधिकारी अदालत में पेश होकर विस्तृत जवाब देंगे।

### सूचना

**विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितम्बर को प्रकाशित होगा।**

संपादक

## 30 सितंबर तक सभी सफल अभ्यर्थियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रशिक्षित सहायक आचार्य के सभी सफल घोषित अभ्यर्थियों को 30 सितंबर से पूर्व नियुक्ति पत्र दे दिए जाएंगे। कुल 4333 अभ्यर्थियों में से अब तक सीमित संख्या को ही नियुक्ति पत्र सौंपा गया है जबकि शेष 4120 से अधिक अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सरकार का प्रयास है कि आगामी दशहरा त्योहार से पूर्व सभी सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र मिल जाए ताकि वे अपने परिवारों के साथ खुशियां बांट सकें और नई जिम्मेदारी की शुरुआत कर सकें। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विभागीय स्तर पर तेजी से काम किया जा रहा है। जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लंबित नामों की सूची को शीघ्र अंतिम रूप दें और अभ्यर्थियों को बुलाकर नियुक्ति पत्र सौंपें। विभाग का कहना है कि पारदर्शिता और समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में समान रूप से यह कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को अब राहत देने का समय आ गया है। सरकार की मंशा है कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही नव नियुक्त सहायक आचार्य स्कूलों में योगदान दे सकें। इससे शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी और रिक्त पदों की समस्या काफी हद तक दूर होगी। अभ्यर्थियों में भी इस घोषणा से उत्साह का माहौल है। उनका कहना है कि दशहरा से पहले नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए किसी त्योहारी तोहफ़े से कम नहीं होगा।

## झारखंड में खुलेंगे 700 अबुआ मेडिकल स्टोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंडवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार राज्यभर में अबुआ मेडिकल स्टोर खोलने की जा रही है। पहले चरण में कुल 700 अबुआ मेडिकल स्टोर खोले जायेंगे। इस स्टोर के माध्यम से राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक दवा पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इन स्टोरों से गरीबों को मुफ्त में दवा उपलब्ध करायी जायेगी। कल सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दवा के अभाव में किसी गरीब की जान नहीं जानी चाहिए और स्वास्थ्य विभाग को दवा उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। उनके निर्देश पर पहले चरण में 700 अबुआ



मेडिकल स्टोर खोले जायेंगे। राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक दवा पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने बताया कि अगले चरण में स्टोरों की संख्या और बढ़ायी जायेगी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और एनएचआरएम के निदेशक शशि प्रकाश झा भी मौजूद थे। इस दौरान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 सितंबर को राजधानी में इस अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदौर से करेंगे।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय के डाटा सेंटर में लगी आग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित झारखंड पुलिस मुख्यालय के डाटा सेंटर में आज मंगलवार की अहले सुबह भीषण आग लग गयी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक आग बुझी तब तक कमरे में रखे अधिकतर सामान जलकर राख हो गये। आग की चपेट में आने से कमरे में रखे कई कंप्यूटर समेत अन्य उपकरण भी जल गये। वहीं कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी आग की चपेट में आ गये। आग कैसे लगी इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आयी है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मालूम हो झारखंड पुलिस मुख्यालय में आग लगने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार यहां आग लग चुकी है।

### संक्षिप्त समाचार

#### मधुमक्खियों के हमले से बच्ची की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के पपरामो गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। मधुमक्खियों के हमले में 5 वर्षीय करीना कुमारी की मौत हो गई। करीना अपने भाई दीपांशु और पड़ोस के एक बच्चे के साथ बकरी चराने गई थी जहां मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।

#### चतरा में बालू माफिया ने चौकीदार को कुचला

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बालू माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। हंटरगंज के खूंटी केवाल और इमलियाटांड़ इलाके में अवैध बालू तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सीओ के साथ गए एक चौकीदार को ट्रैक्टर से कुचल दिया गया। घायल चौकीदार को पहले सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। इय क्रम में सीओ ऋतिक कुमार ने अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को जब्त किया।

#### जेट 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनने और पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए दूसरी बार झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट) - 2025 ली जा रही है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन झारखंड लोकसेवा आयोग की वेबसाइट से किए जा सकते हैं।

## आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर रही राज्य सरकार : सीएम

### खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल के प्रस्तावित विधिज्ञ परिषद भवन का हुआ शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में मंगलवार को कचहरी परिसर खूंटी में आयोजित खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल के प्रस्तावित विधिज्ञ परिषद भवन का शिलान्यास कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। चाईबासा एवं चांडिल में बनने वाले बार भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यूं तो आज एक छोटा सा शिलान्यास समारोह आयोजित है लेकिन इसके मायने बहुत बड़े हैं।



इसके कार्य भी बड़े हैं, जिसके माध्यम से राज्य के आम जनों को न्याय प्राप्त होता है। इस प्रक्रिया को चलाने के कई पायदान हैं। कई लोग कार्य करते हैं। आज उसी कड़ी में खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में बार भवन का शिलान्यास संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि झारखंड के सभी जिलों में एक सुंदर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बार भवन का निर्माण किया जाए। आने वाले तीन वर्ष के अंदर सभी जिलों में बार भवन बनकर तैयार हो, इसी लक्ष्य के साथ कार्य योजना को मूर्त रूप देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ न्यायालय नहीं बल्कि एक ऐसा मंदिर है जहां कि बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को न्याय प्रदान किया जाता है। यह स्वतंत्र रूप से अपने कार्यों को अंजाम देते हुए हमारी संवैधानिक व्यवस्था को और मजबूत बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक राम सूर्या मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया, महाधिवक्ता राजीव रंजन, न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारीगण, गणमान्य अतिथिगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एनआइए ने शाहबाज अंसारी के घर मारा छापा, कैश जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कोयला नगरी धनबाद के वासेपुर में एनआईए की टीम ने मंगलवार की सुबह बड़ी कार्रवाई की। सुबह 6 बजे एनआईए की टीम वासेपुर निवासी शाहबाज अंसारी के घर पहुंच छापेमारी की। खबर है कि इस दौरान भारी मात्रा में कैश मिले हैं। यह मामला मोबाइल हैकिंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। वासेपुर का शाहबाज अंसारी प्रज्ञा केंद्र चलाता है। इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। एनआईए की ओर से अब तक इस बाबत कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। मामला टेरर फंडिंग से जुड़ा बताया जा रहा है। थानीय लोगों के अनुसार, शाहबाज के आवास से भारी मात्रा में नकदी की प्राप्ति हुई है। इसी कारण टीम को धनबाद के अलग-अलग बैंकों से नोट गिरने की मशीन मंगानी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार शाहबाज या उसके परिवार का स्वभाव बिल्कुल आम लोगों की तरह ही है। हालांकि स्थानीय पार्षद निसार आलम ने बताया कि उनके घर के सामने ही सुबह से पुलिस की हलचल मची हुई थी। जब मैं शाहबाज के घर पर पुलिस को जाते देखा तो मैंने उनको फोन किया। शाहबाज ने बताया के 5:30 लाख रुपये कैश पुलिस को मिला है। हालांकि यह पैसा मैंने अपनी शादी के लिए रखा था। शाहबाज ने बताया कि हमने टीम को शादी का कार्ड भी दिखाया है। टीम का कहना है कि यह पैसा आप कोर्ट से छुड़ा लीजिएगा। इस दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।



## सरायकेला में 2800 किलो मादक पदार्थों का किया विनष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मंगलवार को देशभर में प्रतिबंधित मादक पदार्थों का विनष्टीकरण अभियान चलाया गया, जिसकी निगरानी सीधे गृह मंत्रालय स्तर से की गई। इसी क्रम में सरायकेला जिले के सिनी मोड़ स्थित आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में करीब 2800 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। यह मादक पदार्थ झारखंड के विभिन्न जिलों से पिछले सात महीनों में बरामद किया गया था। झारखंड नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद ने जानकारी दी कि इस अभियान में 300 किलो गांजा, लगभग 2500 किलो डोडा और अन्य मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 25 किलो अफीम को ट्रीटमेंट कर राजकीय अफीम फैक्ट्री गाजीपुर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान के दौरान सरकार की सभी गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया गया। इस मौके पर सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत, एनसीबी के सब जोनल डायरेक्टर राणा प्रताप यादव, सिनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार, कंपनी के प्लांट हेड आशीष सिंह और नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड झारखंड का एकमात्र बायो एंड इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट है, जहां सरकारी मानकों के तहत वेस्ट का सुरक्षित निस्तारण किया जाता है। इससे पहले जनवरी माह में भी यहां झारखंड के विभिन्न जिलों से जब्त किए गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया था।

# रांची में 251 चौकीदारों को मिला नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जिला प्रशासन ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर अंतिम रूप से चयनित 251 अभ्यर्थियों को चयन पत्र प्रदान किया। यह कार्यक्रम समाहरणालय के ब्लॉक-ए सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने की। नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के संवेदनशील दिशा-निर्देशों के आलोक में यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता के साथ की गई है। सभी नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए चौकीदारों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि चौकीदारों को जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और



निष्ठा से करना होगा। उपायुक्त ने नवचयनित चौकीदारों से समाज सेवा के प्रति समर्पण और उत्साह बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद उनकी पदस्थापन होगी और इस दौरान उन्हें समाज की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। चौकीदारों को गांव और राज्य के विकास में योगदान देने का अवसर मिला है। इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने नशे के खतरों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आने का यह सुनहरा अवसर है। जिससे समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा लेकिन नशा व्यक्ति और परिवार दोनों के लिए विनाशकारी है। उन्होंने खैनी, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से पूरी तरह दूर रहने की सलाह दी। डीसी ने कहा कि देश में ड्रग्स का चलन बढ़ रहा है और कुछ क्षेत्रों में गैरकानूनी अफीम की खेती की जाती है। उन्होंने चौकीदारों को चेताया कि वे अपने क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और तुरंत प्रशासन को सूचना दें। उन्होंने साफ कहा कि अफीम की खेती और मादक पदार्थों के व्यापार के खिलाफ जिला प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगा। सदर अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों ने भी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने चौकीदारों से अपने कार्यों को संजीदगी और जिम्मेदारी के साथ निभाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि चौकीदार गांव में शांति, सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार, प्रभारी उप समाहर्ता विवेक सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय और सर्जेंट मेजर आनंद खलखो भी मौजूद रहे रहे।

C M Y K

# विभिन्न विभागों के बीच समन्वय व पारदर्शिता से ही बेहतर परिणाम संभव : उपायुक्त

## डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत अबुआ आवास की समीक्षा के दौरान पांडु व मेदिनीनगर में आवासों को पूर्ण करने में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।

**ऑन स्पॉट संबंधित अधिकारियों संग वार्ता कर उपायुक्त ने निकाला हल**

बेहतर समन्वय स्थापित नहीं होने के कारण लंबित योजनाओं सूची बनाकर एक-एक कर सभी की समीक्षा की गयी। ऐसे कई मामलों को निपटाया गया।




सतबरवा में बन रहे बीडीओ-सीओ के आवास में स्थान को लेकर विवाद था। इस मामले पर संबंधित अभियंता को शुक्रवार को बीडीओ संग स्थल का विजिट कर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये गये। इसी तरह पाटन अंचल में बनने वाले एक आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर उसके पोषण क्षेत्र से जुड़े मामले का निपटारा किया गया। इसी तरह अन्य मामले जो भूमि विवाद के कारण फंसे थे, ऐसे सभी मामलों को संबंधित सीओ संग चर्चा कर हल निकाला। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। आपसी समन्वय के माध्यम से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं व कार्यक्रमों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। विभागों के बीच समन्वय व पारदर्शिता से ही बेहतर परिणाम संभव हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को विकास योजनाओं, जनसुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं व विशेष अभियानों की प्रगति नियमित रूप से रिपोर्ट करें को निर्देशित किया। साथ ही आपसी संवाद व समस्या समाधान को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी समेत बीडीओ व सीओ उपस्थित थे।

# किसान का ट्रैक्टर चोरी, थाना पर लापरवाही का आरोप

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलवारा गांव के किसान एकरामुल अंसारी ने अपने ट्रैक्टर चोरी मामले में थाना पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से करते हुए निष्पक्ष जांच और ट्रैक्टर की बरामदगी की मांग की है।

**■ एसपी से निष्पक्ष जांच और ट्रैक्टर बरामदगी की लगाई गुहार**

पीड़ित किसान ने बताया कि 8 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे उनके घर के सामने खड़ा लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर (पंजीकरण संख्या JH 02 ZB F931) चोरी हो गया। उन्होंने इस घटना को लेकर मुफस्सिल थाना में नामजद आवेदन दिया था। आरोप है कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पकड़ा, लेकिन दो दिन बाद उन्हें छोड़ दिया। अंसारी का कहना है कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज और फोन कॉल डिटेल जैसे साक्ष्य मौजूद हैं, जो संदिग्धों की संलिप्तता को स्पष्ट करते हैं। बावजूद इसके, थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। किसान का यह भी आरोप है कि आरोपी लगातार उन्हें गाली-गलौज कर रहे हैं और जान से मारने की धमकियाँ भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि थाना से पूछने पर उन्हें कहा गया कि नामजद अभियुक्तों पर केस दर्ज नहीं होगा, बल्कि अज्ञात चोरों के खिलाफ नया आवेदन देना होगा। किसान का कहना है कि ट्रैक्टर ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन था, जिसकी चोरी से उनका जीवन संकट में पड़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर थाना स्तर पर ऐसी ही उदासीनता जारी रही तो चोरी और आपराधिक घटनाओं में इजाफा होगा। इस संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि नामजद अभियुक्तों से जांच में संलिप्तता नहीं मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया गया है।

# चौपारण टीवीएस शोरूम में त्योहारी सीजन पर विशेष छूट व आसान फाइनेंस सुविधा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के चतरा मोड़,चौपारण स्थित टीवीएस शोरूम में ग्राहकों के लिए खास ऑफर की घोषणा की गई है। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि त्यौहारी सीजन पर हर मॉडल की बाइक पर मॉडल वाइज नगद डिस्काउंट दिया जा रहा है। यह ऑफर केवल विश्वकर्मा पूजा तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले त्योहारों के सीजन में भी लगातार जारी रहेगा।

ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोरूम में आकर्षक फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। अब ग्राहक कम डाउन पेमेंट पर अपनी पसंदीदा बाइक खरीद सकते हैं और उन्हें कम ईएमआई में भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। इस योजना से उन ग्राहकों को भी फायदा होगा, जो एकमुश्त राशि चुकाने में सक्षम नहीं हैं। पूरे शोरूम को त्योहार की रौनक के मुताबिक सजाया गया है और विश्वकर्मा पूजा की तैयारी अंतिम चरण में है। शोरूम प्रबंधन का कहना है कि इस ऑफर का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारी सीजन में विशेष लाभ पहुंचाना और उनके सपनों को साकार करने में मदद करना है। स्थानीय लोगों और बाइक प्रेमियों में इन ऑफर्स को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई ग्राहकों का कहना है कि विश्वकर्मा पूजा और त्योहारी सीजन में वाहन खरीदना शुभ माना जाता है, और टीवीएस शोरूम की यह पहल उनके लिए बड़ी राहत और खुशी लेकर आई है। शोरूम प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपनी मनपसंद टीवीएस बाइक घर लेकर जाएं।

# हरिहरगंज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान के लिए प्रशिक्षण का आजआयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर गोपाल प्रसाद ने किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉक्टर प्रसाद ने सभी को एएनएम सहिया सहिया साथी बि टी टी कोवह बताया कि 17 सितंबर 25 से लेकर 2 अक्टूबर 25 तक चरमबद्ध तरीके से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में होने वाले सभी गतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हरिहरगंज ने बताया कि एक खुशहाल परिवार के लिए एक नारी का स्वस्थ होना अति आवश्यक है इस कार्यक्रम के तहत पूरे हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड के तहत अंतर्गत सभी प्रकार के जांच इस दौरान किए जाने का निर्देश दिया गया एवं प्रतिदिन इसका रिपोर्ट हरिहरगंज मुख्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया ताकि स समय प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को भेजा जा सके इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक बनाने हेतु प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार प्रखंड डाटा प्रबंधक सत्यनारायण कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

# हजारीबाग पुलिस ने लूट कांड का किया खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

नवीन सिन्हा

## देशी कट्टा, मोटरसाइकिल और 39,500 रुपये नगद

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग लूट कांडों का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से देशी कट्टा, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, 39,500 रुपये नगद और कई जरूरी कागजात बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देशन में गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए अंकित कुमार, प्रवीण कुमार, सुजीत कुमार गिरी और लक्ष्मण कुमार पासवान को गिरफ्तार किया। सभी ने 9 सितंबर को डामोडीह सीएसपी सेंटर के पास 2.52 लाख रुपये की लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इससे पहले 25 जुलाई को मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस के कलेक्शन मैनेजर से 56



हजार रुपये लूट की घटना भी इन्हीं अपराधियों ने अंजाम दी थी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से बरामद सामानों में एक देशी कट्टा, दो मोटरसाइकिल (अपाची और हीरो होंडा), तीन मोबाइल फोन, वादिनी के आधार, पैन, वोटर कार्ड, पासबुक, चेकबुक और एटीएम कार्ड शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न व्यक्तियों के पासबुक और आधार कार्ड भी बरामद हुए। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पहले भी चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुके हैं। छापामारी दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार ने किया। टीम में परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय सहित कटकमदाग एवं पेलावल ओपी के कई पदाधिकारी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए रक्षक सैट टीम का गठन किया गया है, जो लगातार सक्रिय रहकर अपराधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। हाल की कई घटनाओं का सफल खुलासा इसी टीम की सक्रियता से संभव हुआ है।

## उपायुक्त ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में साप्ताहिक जनता दरबार लगाया

# आये सैकड़ों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत कारवाई का आश्वासन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमिसुधार उपसमाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी जनता दरबार से जुड़े हुए थे, जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है आमजनों की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसमें किसी की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए सैकड़ों लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। आज की जनता दरबार की खास बात यह रही कि वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत, सभी भूमिसुधार उपसमाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी जनता दरबार से



जुड़े हुए थे, जिसका उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। इस दौरान आमजनों की शिकायतों का समयबद्धता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने की पहल की गई। साथ ही कुछ मामलों का ऑन द स्पॉट निदान किया गया तथा कुछ मामलों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, म्यूटेशन, पेंशन, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल प्रायोजन, भू अर्जन, पेयजल, पथ निर्माण विभाग आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए आगे उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दूर दराज से आमजन अपनी शिकायत लेकर समाहरणालय आते हैं, उन शिकायतों पर प्राथमिकता के साथ उचित कारवाई होनी चाहिए। उनकी शिकायतों का ससमय निराकरण करने के प्रयास होने चाहिए। ताकि आमजनों को बार-बार प्रखंड/ अनुमंडल और समाहरणालय का चक्कर काटना न पड़ें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि आमजनों के शिकायतों का निराकरण प्रखंड/ अंचल स्तर पर ही किया जाय, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। आमजनों की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसमें किसी की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जेएसलपीएस की दीदियों को उपायुक्त ने सौंपा सवारी वाहन एजीइवाइ, हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सुदूर क्षेत्र को यातायात सुविधा से जोड़कर सखी मंडल को आजीविका उपलब्ध कराना है उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज समाहरणालय परिसर से जेएसएलपीएस के आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना एजीइवाइ के अंतर्गत सवारी वाहन की चाबी प्रदान कर एवं हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया।

इस योजना का उद्देश्य सुदूर क्षेत्र को यातायात सुविधा से जोड़कर




सखी मंडल को आजीविका उपलब्ध कराना है। इस योजना अंतर्गत सखी मंडल/संकुल संगठन को प्रति वाहन 6 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। उपायुक्त के द्वारा दीदियों को नियमित चलने और लेखा-जोखा रखने पर बल दिया, जिससे आय-व्यय का पता चल सके। सखी मंडल की दीदी को इस योजना से नये आजीविका का अवसर से जोड़ा गया जिससे गांव की दीदी को लाभ मिल सके। प्रथम चरण में चार प्रखण्डों का 8 दीदियों को संकुल संगठन द्वारा राशि उपलब्ध कराई गई इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना एजीइवाइ के तहत आजीविका संगठनों की दीदियों को वाहनों की उपलब्धता हो जाने से ये महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। वे स्वयं सहायता समूह के माध्यम से न सिर्फ अपनी आजीविका में सुधार ला रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ा रही है। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री गुलाम समदानी, जेएसएलपीएस डीपीएम जैवियर एक्का,जिला प्रबंधक नॉन-फार्म राकेश कुमार, बीपीओ-ईपी सुभाष चन्द्र बॉस, सुनील, संदीप, धर्मेंद्र एवं जसलपीएस जिला कर्मी संकुल संगठन की दीदियां उपस्थित रहीं।

# अमित कुमार ने अद्यतीकरण एवं एपीएएआर बनाने हेतु आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी ने जिले के विभिन्न मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में आधार अद्यतीकरण एवं एपीएएआर बनाने हेतु आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया, आधार ऑपरेटर को दिए जरूरी दिशा-निर्देश उपायुक्त के निदेर्शानुसार आज जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी ने जिले के विभिन्न मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में आधार अद्यतीकरण एवं एपीएएआर बनाने हेतु आयोजित कैम्प



का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर जे.सी. बोस सीएम सोई गर्ल्स, डिस्ट्रिक्ट सीएम सोए पचम्बा गिरिडीह तथा सीएम सोए के.जी.वी.भी विद्यालयों का अवलोकन कर मैंडेटरी आधार अपडेशन और एपीएएआर बनाने का कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान आधार ऑपरेटर को कैंप के दौरान पूरी तत्परता के साथ कार्य करने की बात कहीं तथा बच्चों को जागरूक करते हुए जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी अमित कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को परीक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति और डीबीटी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। साथ ही बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट करवाया जा रहा है, जिसमें उनके अंगुलियों के निशान, आइरिस स्कैन और फोटो अपडेट किया जाएगा। ताकि भविष्य में बच्चों का आधार कार्ड ऑथेंटिकेशन से संबंधी परेशानी न हो।

# जेडआरयूसीसी की बैठक में उठे महत्वपूर्ण मुद्दे : मुकेश जालान




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कोलकाता के ताज बंगाल होटल में आयोजित जेआरयूसीसी बैठक में गिरिडीह-कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के मुख्य सदस्य मुकेश कुमार जालान ने पूर्वी रेलवे के विकास और यात्री सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने सबसे पहले मधुपुर-न्यू गिरिडीह-कोडरमा रेल लाइन के दोहरीकरण पर जोर दिया और कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही गिरिडीह से पटना और कोलकाता के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग की, क्योंकि प्रतिदिन हजारों यात्री शिक्षा, चिकित्सा और व्यवसायिक कार्यों से इन शहरों की ओर जाते हैं।

उन्होंने हावड़ा-पटना वंदे भारत ट्रेन का मधुपुर स्टेशन पर ठहराव अनिवार्य करने का अनुरोध किया और कहा कि गिरिडीह व कोडरमा के यात्री सीधे इससे लाभान्वित होंगे। वहीं आसनसोल-हटिया एक्सप्रेस की भीड़भाड़ को देखते हुए उन्होंने बताया कि फिलहाल इसमें 6 सामान्य डिब्बे हैं, जिन्हें बढ़ाकर 10 किया जाना चाहिए। साथ ही एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ने और महेशमुंडा व सलैया पर इसका ठहराव देने का भी सुझाव दिया जालान ने6 आगे कहा कि हावड़ा-गया वंदे भारत की सीटें अक्सर खाली रहती हैं, इसलिए इसे सप्ताह में तीन दिन गया-कोडरमा-न्यू गिरिडीह-मधुपुर-आसनसोल होकर हावड़ा तक चलाया जाए। इससे यात्रियों को सीधी सुविधा मिलेगी और रेलवे की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने टुंडी रोड के जर्जर रेलवे ओवरब्रिज की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नया डबल लेन पुल बनाने की भी मांग रखी। इसके अलावा गिरिडीह की बंद पड़ी रेलवे लाइब्रेरी को पुनः चालू करने और अंटाबंगला मैदान को खेल व पार्क के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। अंत में, स्थानीय जनता की भावनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने सलैया स्टेशन का नाम बदलकर 'पचम्बा स्टेशन' करने का अनुरोध किया बैठक में उनके साथ सहयोगी के रूप में उपस्थित भाजपा आईटी सेल गिरिडीह जिला संयोजक शाहिल शर्मा ने भी इन सभी मांगों का समर्थन किया और कहा कि यह क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरणविद डॉ. कौशल ने कठौतिया कोल माइंस में किया पौधा रोपण

## ओजोन परत में छेद होना 84 लाख योनियों पर खतरा : ट्री मैन डॉ. कौशल

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस प्रबंधन के सीएसआर ईकाई के तत्वावधान में ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल व चियांकी अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर किया।

चियांकी अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के काफी दिनों से पौधा लगाने व पर्यावरण बचाने के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ओजोन परत में जो छेद हो गया था वह धीरे-धीरे बंद हो रहा है। यह सुखद समाचार है। क्योंकि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति से केवल लेने की



जो परंपरा विकसित हुई है उसमें परिवर्तन लाने की जरुरत है। इसके साथ मिट्टी, जल को भी प्रदूषित होने से बचाना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन किया। कहा कि आने वाले पीढ़ी व धरती के सभी जीवों को बचाने के लिए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। आधुनिक सुख सुविधा

**■ पर्यावरण के प्रति जागरूकता से धीरे-धीरे बंद हो रहा है ओजोन छिद्र : वैज्ञानिक प्रमोद कुमार**

का इस्तेमाल कम से कम करना होगा। प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करे और न ही जलाएं । ओजोन परत को हम ठीक रख पाएंगे जिससे सूरज का प्रकाश छनकर धरती पर पड़ेगा तभी हम सुखद जीवन की कामना कर सकते हैं। ट्री मैन डॉ कौशल ने वनराखी मूवमेंट तहत बृक्षों पर राखी बांधे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कठौतिया कोल माइंस के सीएसआर हेड शोभारानी मोहंती ने किया । सीएसआर हेड ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कंपनी की ओर से ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों वितरण किया जा रहा है। पौधे को लगाकर इसकी देखरेख बेहतर ढंग से करें। कठौतिया के निवासी भोजपुरी कलाकार नागेंद्र सिंह ने लोक संगीत के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# कोचा गांव में रंग लाई समुदाय आधारित योजना, ग्रामीण विकास मंत्री ने सफल मॉडल को हर गांव तक पहुंचाने की कही बात





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। तोरपा प्रखंड का कोचा गांव अब क्लाइमेट स्मार्ट गांव के रूप में पहचाना जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री ने मंगलवार को यहां समुदाय आधारित क्लाइमेट स्मार्ट विलेज योजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गांव को कई सौर ऊर्जा आधारित सुविधाओं और प्रोसेसिंग यूनिट्स की सौगात दी गई।

कोचा गांव के 110 परिवार अब सोलर लाइट और पंखे से रोशन हो चुके हैं। सौर ऊर्जा की उपलब्धता से गांव को बिजली कटौती की समस्या से मुक्ति मिल गई है। इसके साथ ही सोलर संचालित लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम भी शुरू किया गया, जिससे किसानों को सिंचाई में सहूलियत होगी। गांव में धान से चावल बनाने की प्रोसेसिंग यूनिट, लाह प्रोसेसिंग यूनिट, सरसों तेल उत्पादन इकाई समेत कई वनोत्पादों से जुड़ी यूनिट की स्थापना की गई है। इन इकाइयों के जरिए महिला समूह और युवा किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) के माध्यम से इन उत्पादों की मार्केटिंग की जाएगी, जिससे गांव के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और आय के अवसर मिलेंगे।ग्रामीणों का मानना है कि इन योजनाओं से अब कोचा गांव से पलायन की समस्या रुकेगी। महिलाएं भी रोजगार पाकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। गांव की महिलाओं ने बताया कि अब जीवन में सकारात्मक बदलाव नजर आ रहा है। कार्यक्रम में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री के प्रयासों से खूंटी में विकास की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि कोचा गांव की तस्वीर बदलने में सबसे बड़ा योगदान यहां की महिलाओं का है। उन्होंने न केवल नशाबंदी लागू की, बल्कि गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लातेहार के कुकू गांव के लोग खतरों से कर रहे गुजर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार**। सरयू प्रखंड अंतर्गत कुकू गांव के ग्रामीणों और बच्चों की जिंदगी रोजाना खतरे के साए में गुजर रही है। गांव से स्कूल या बाजार जाने के लिए नदी पार करना अनिवार्य है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि नदी पर बना पुल पिछले 10 वर्षों से जर्जर पड़ा है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई के लिए और ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामकाज के लिए टूटे पुल से होकर गुजरना पड़ता है।

**पहली बारिश में बह गया था पुल**

ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2012 में तत्कालीन उपायुक्त राहुल पुरवार की पहल पर सरयू एक्शन प्लान के तहत सड़क और पुल का निर्माण कराया गया था। मगर तेज बहाव की पहली ही बारिश में पुल ध्वस्त हो गया। इसके बाद से अब तक उसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं हुआ। नतीजतन सैकड़ों लोग मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण रघुवर सिंह और प्रमिला देवी बताते हैं कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ।

कुकू गांव के बच्चों को पढ़ाई के लिए पीरी गांव जाना पड़ता है। नदी पर पुल न होने के कारण कभी उन्हें पानी में उतरकर तो कभी टूटे पुल के अवशेषों पर चढ़कर नदी पार करनी पड़ती है। बरसात में यह खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बच्चे साइकिल पर टूटे पुल से गुजरते हैं, तो देखने वालों की सांसें थम जाती हैं।

**रोजगार और खेती पर भी असर**

ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से एक दर्जन से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। कुकू क्षेत्र में बड़ी मात्रा में खेती होती है, लेकिन कनेक्टिविटी की कमी के कारण ग्रामीण अपने उत्पाद बाजार तक नहीं पहुंचा पाते। ऐसे में खेती पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। सरयू प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने बताया कि जिले में जरूरत के अनुसार पुल-पुलिया की सूची तैयार की गई है और कुकू नदी पर पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। संभावना है कि जल्द ही यहां नया पुल बनकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# आज होगी भगवान विश्वकर्मा की पूजा रांची समेत पूरे प्रदेश में तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। शिल्पकारों के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा की पूजा बुधवार को धूमधाम से की जाएगी। पूजा को लेकर राजधानी रांची समेत पूरे प्रदेश में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दिन शाम 5:19 बजे कन्या संक्रांति है। संक्रांति का पुण्य काल छह घंटे 24 मिनट पहले से शुरू हो जाता है, जिसके कारण इसी दिन पूजा का आयोजन किया जा रहा है। संयोग से आज इंदिरा एकादशी भी है। मंगलवार को दिनभर बाजारों में पूजा सामग्री, फल, प्रसाद, गाड़ियों की सजावट के सामान और मिठाइयों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ रही। होटलों में बुंदिया और लड्डू की खूब बिक्री हुई। कई पूजा समितियों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा मूर्तिकारों से जयकारों के बीच पंडालों तक पहुंचाई। पूजा का आयोजन राजधानी के सभी




औद्योगिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, बिजली ग्रिड, एयरपोर्ट, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी किया जाएगा। इसके अलावा लोग अपने घरों और कार्यस्थलों पर भी भगवान विश्वकर्मा की आराधना करेंगे।

**प्रमुख पूजा स्थल और विशेष आयोजन**

श्री जगतगुरु विश्वकर्मा मंदिर, मेन रोडः यहां 1930 से पूजा हो रही है। इस वर्ष 95वां वर्ष है। सुबह 10 बजे पंडित राजाराम शास्त्री पूजा कराएंगे। दोपहर 1 बजे इस्कॉन मंदिर द्वारा भजन-कीर्तन, 2:30 बजे महाभंडारा और प्रसाद वितरण तथा शाम 4 बजे से भजन संध्या होगी।

श्री विश्वकर्मा मंदिर, मधुकम चुन्ना भट्ठा, रातू रोडः प्रातः 8 बजे से पूजा-अर्चना शुरू होगी। शाम 4 बजे खिचड़ी और खीर का वितरण किया जाएगा।

विश्वकर्मा जीवन कल्याण समिति, चटकपुरः सुबह 10 बजे प्रतिमा स्थापना और पूजा के बाद प्रसाद वितरण होगा। शाम 7 बजे पंडाल का उद्घाटन और जागरण का आयोजन होगा। 18 सितंबर को दिन 11 बजे से भंडारा और शाम में शोभायात्रा के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। पूजा आयोजनों में मंत्री, सांसद, विधायक और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# दो पक्षों में मारपीट व छिनतई प्राथमिकियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जसीडीह**। जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी परमेश्वर चौक के पास दो पक्षों के बीच मारपीट व छिनतई की घटना हुई। घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने थाने में अलग-अलग आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। पहले पक्ष के पीड़ित रोहिणी केवट टोला निवासी कन्हैया कापरी ने कहा है कि उसके भाई विक्रम कापरी रविवार की शाम को परमेश्वर चौक पर मछली बेच रहा था। इसी क्रम में दशरथ कापरी, दयानंद कापरी,गौरीशंकर कापरी, त्रिवेणी कापरी, अजय कापरी, नितेश कापरी, निरज कापरी मिलकर आये और गाली-गलौज देते हुए मछली बेचने से मना करने लगा। इसका विरोध पीड़ित ने किया, तो सभी ने लाठी, रड व भुजाली से उस पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो कर अपने घर भाग गया, जहां पर उक्त सभी आरोपी आकर पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद 30 हजार रुपये छीन लिये। वही दूसरे पक्ष से पीड़ित दशरथ केवट ने कहा है कि वह रविवार की शाम को मछली बेच कर घर जा रहा था। इसी क्रम में उक्त स्थान पर विकास कापरी, कन्हैया कापरी व प्रदीप कापरी ने रोका और पुराने विवाद को लेकर गाली देने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। हो हल्ला करने पर उसे बचाने पीड़ित के पिता आया तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। इसके बाद पीड़ित के पैकेट से 2000 रुपये छीन लिये। घटना को लेकर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई हैं।

# बालू माफिया का दुस्साहस, जब्त ट्रैक्टर से कुचलकर चौकीदार को मारने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। जिले में बालू माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हंटरगंज प्रखंड में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने गई सीओ की टीम पर बालू माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में सीओ के बॉडीगार्ड एवं चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गए।

**जब्त ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश**

सूत्रों के अनुसार, हंटरगंज सीओ ऋतिक कुमार को सूचना मिली थी कि खूंटीकेवाल इमलियाटांड़ इलाके में अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर जा रहा है। सीओ ने ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाने का निर्देश दिया और अपने बॉडीगार्ड चौकीदार योगेंद्र कुमार को ट्रैक्टर पर बिठा दिया। इस दौरान ट्रैक्टर मालिक सह चालक ने जानबूझकर गाड़ी को तेज और बेकाबू तरीके से चलाना शुरू कर दिया।



इसी क्रम में चौकीदार संतुलन खोकर सड़क पर गिर गए और ट्रैक्टर के ट्रॉली का टायर उनके दोनों पैरों पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक मौके से फरार हो गया।

**गंभीर हालत में रांची रेफर**

स्थानीय लोगों की मदद से घायल चौकीदार को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। योगेंद्र कुमार चतरा सदर थाना क्षेत्र के सिन्दूवारी बधार गांव के रहने वाले बताए जाते हैं।

**पुलिस ने जब्त किया ट्रैक्टर, आरोपी की तलाश तेज**

थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि चौकीदार को घायल करने वाले ट्रैक्टर मालिक की पहचान कर ली गई है। वह खुद ही ट्रैक्टर चला रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सीओ पर लापरवाही का आरोप**

इधर, चौकीदार संघ ने इस घटना को लेकर हंटरगंज के अंचलाधिकारी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। संघ ने हमलावर वाहन मालिक की अविलंब गिरफ्तारी और घायल चौकीदार के समुचित इलाज की व्यवस्था की मांग जिला प्रशासन से की है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगो की मौत हो गई। बताया जाता है कि गिरियक-राजगीर मुख्य मार्ग पर वाटर पार्क के समीप हुए सड़क हादसें में गिरियक थाना क्षेत्र के रैतर पंचायत स्थित तारापुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (45) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धर्मेंद्र कुमार किसी काम से जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र कुमार अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियों सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही राजगीर थाना प्रभारी रमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। **वहीं दूसरी घटना** वेन थाना क्षेत्र के वेन बाजार में मंगलवार सुबह ऑटो और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पलट गई।हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान वेन थाना क्षेत्र के नोहसा गांव निवासी 55 वर्षीय मिथिलेश पासवान, पिता मुनेश्वर पासवान के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश पासवान अपनी पत्नी के साथ ऑटो से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान वेन बाजार के पास सामने से आ रही एक स्कूटी ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही वेन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# विद्युत करंट से किसान की मौत

## कई दिनों से खेत में गिरा हुआ था तार, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। छबीलापुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर धनु बीघा गांव में सोमवार की शाम करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 57 वर्षीय बेचन रविदास, पिता स्वर्गीय विलास रविदास, निवासी लोदीपुर धनु बीघा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम बेचन रविदास अपनी पत्नी कालो देवी के साथ खेत में धान की मोरी पटाने गए थे। इसी दौरान खेत में पहले से गिरा 440 वोल्ट का तार उनके संपर्क में आ गया। करंट लगते ही बेचन जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से झुलस गए। पत्नी के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए राजगीर रेफर कर दिया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर छबीलापुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। गांव वालों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ही यह घटना घटी है। लोगों का कहना है कि तार कई दिनों से खेत में गिरा हुआ था, जिसकी सूचना कई बार दी गई थी, लेकिन समय पर सुधार नहीं किया गया। ग्रामीणों ने दोषी कर्मियों पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के हिंदी विभाग में मंगलवार को हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह की अध्यक्षता गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने की, जबकि मंच संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्धि और उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने हिंदी की प्रसिद्ध कविताओं का पाठ कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया तथा हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखे। विभागाध्यक्ष सह बर्सर डॉ. अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में हिंदी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसकी बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रकाश डाला। समारोह में शामिल अतिथियों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उर्दू विभाग के सहायक प्राध्यापक मोहम्मद राशिद ने किया। इस मौके पर डॉ. कमलेश कुमार सिंह, ओझा सर, सूभोजीत मंडल, डॉ. संजीव रंजन, चर्चित साहित्यकार धनंजय जयपुरी, हिमांशु चक्रपानी, पूर्व बर्सर संतोष सुमन, प्रेम शंकर गोंद, अनुज बेचैन, सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. श्रुति, विभीषण कुमार, मंजीत कुमार, ओमप्रकाश कुमार, नीरज कुमार, छोटे लाल यादव, कौशल किशोर, शशि कांत कुमार, डॉ. किरण कुमारी, कंचन पटेल, मनोज कुमार सिंह (लेखापाल), प्रवीण दुबे, राजेश मिश्रा, अंशु कुमारी, निशा सिन्हा, नेहा आर्या, पप्पू सिंह, सरोज सिंह, अंकित सिंह, शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-छात्र मौजूद रहे। हिंदी दिवस समारोह ने महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में हिंदी भाषा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

# जीएसटी सुधार से सभी वर्ग को मिलेगा फायदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के जैन धर्मशाला में जीएसटी में सुधार एवं इससे व्यवसायियों एवं आम आवाम को तथा देश के अर्थव्यवस्था पर सकारात्मकता पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार एवं उद्योग भारत सरकार सुनील सांघी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कारगिल शहीद गैस एजेंसी के एवं क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल गुप्ता संचालन प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय व्यवसायियों ने पूर्व सांसद शुशील कुमार सिंह,पूर्व विधायक, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सांघी का स्वागत फूल माला एवं बुके देकर किया। पूर्व सांसद ने कहा कि भारत में जीएसटी टैक्स कम किये जाने आम आवाम को काफी फायदा मिलेगा। साथ ही 12 लाख तक आय वाले मध्य वर्गीय को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है। इन्होंने कहा कि कहीं भी कुछ होता है तो विपक्षी कहते हैं कि कहां गया 56 इंच का सीना एक तरफ अमेरिका ने




टैक्स बढ़ाया इधर हमारे प्रधानमंत्री ने जीएसटी टैक्स को घटा कर भारत की जनता को फायदा दिया हैं वहीं अर्थव्यवस्था को भी पंख लगेगा। स्वदेशी अपनाने पर इन्होंने बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं जन कल्याणकारी आर्थिक सुधारों के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया किया। जिन्होंने भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समावेशी अर्थव्यवस्था के पथ पर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं न्यायसंगत बनाया गया है। इन सुधारों से व्यापारियों को सुविधा, उपभोक्ताओं को लाभ तथा राज्यों को समुचित राजस्व सुनिश्चित हुआ है।मध्यम वर्ग को राहत प्रदान करने हेतु 12 लाख तक की वार्षिक आय को करमुक्त करने का निर्णय एक ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है। इससे करोड़ों परिवारों को आर्थिक सुरक्षा एवं क्रय शक्ति प्राप्त हुई है। स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और स्थानीय उद्योगों व लघु उद्यमों को सशक्त बनाने की नीति ने आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ किया है। इससे राष्ट्रीय गौरव की भावना और 'बोकल फॉर लोकल' का संकल्प जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री को उनके दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक निर्णयों एवं राष्ट्रहित में किए गए ऐतिहासिक सुधारों के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया जाए। इन सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु देशव्यापी जागरुकता अभियान चलाया जाए। नागरिकों को इन नीतियों का लाभ उठाने तथा' हरघर स्वदेशी' के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया जाए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। यह प्रस्ताव राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं अटूट समर्थन की सामूहिक अभिव्यक्ति है। पूर्व विधायक एवं विधान पार्षद ने जीएसटी टैक्स घटाने पर फायदा गिनाया।उपस्थित लोगों को हांथ उठाकर अपने जीवन में स्वदेशी सामग्री का उपयोग करने का संकल्प कराया। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह, दीनानाथ विश्वकर्मा,जदयू प्रखण्ड सह बीस सूत्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा,भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, महामंत्री शिवनारायण साहू, चंदन कुमार, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र सिंह, राणा विवेक सिंह, शुभम सिंह, शंकर शौंडिक,अनिल जैन, संजय चौरसिया,संगीता प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, उदय सिंह, अशोक प्रसाद, कौशल चंद्रवंशी, रोहित कुमार, संजीत कुमार, संजय यादव, महेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खाद के लिए किसानों ने की मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। यूरिया खाद को लेकर मचा हाहाकार अब विकराल रूप धारण कर लिया है। महज चार बोरी यूरिया के लिए अन्नदाता एक-दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं। औरंगाबाद बिस्कोमान भवन के बाहर का नजारा सरकारी दावों की पोल खोल रहा था, जहां सुबह से भूखे, प्यासे कतार में हजारों लोग कतार में खड़े थे। इसी क्रम में किसानों का सब्र का बांध टूट गया और वे आपस में ही भिड़ गए। इस क्रम में जमकर मारपीट हुई लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना रही। बता दें कि धान की फसल में सोहनी के बाद यूरिया की तत्काल आवश्यकता होती है परंतु जिले के किसी भी प्रखंड में खाद उपलब्ध नहीं है। डीलर हाथ खड़े कर चुके हैं और जहां चोरी-छिपे मिल भी रही है, वहां ब्लैक में मुंहमांगी कीमत वसूली जा रही है। अपनी सालों भर की मेहनत और रोजी-रोटी बचाने की जद्दोजहद में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष किसान बिस्कोमान भवन पहुंचे थे। सुबह से लगी लंबी कतारें, अव्यवस्था का आलम और खाद न मिलने की आशंका ने माहौल को विस्फोटक बना दिया। इतने में कतार में लगे किसान आपस में ही उलझ पड़े और स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था। इधर किसानों के बीच हुई इस झड़प ने जिले की प्रशासनिक विफलता और सरकार की लापरवाही को उजागर कर दिया है। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता आलोक सिह ने सीधे तौर पर डीएम, जिला कृषि पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को जिम्मेदार ठहराया है। जब धान की खेती में यूरिया की जरूरत थी तो कृषि विभाग समय पर आपूर्ति सुनिश्चित क्यों नहीं कर सका। यदि विभाग विफल रहा तो जिले के नोडल पदाधिकारी होने के नाते डीएम ने किसानों के हित में कदम क्यों नहीं उठाए। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए पूछा कि आखिर यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग कैसे हो रही है। क्या ऊंचे दामों पर खाद बेचने वाले दुकानदारों को पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

# जहानाबाद से तेजस्वी यादव ने शुरू की बिहार अधिकार यात्रा, कहा – 'यह बेरोजगार युवाओं की लड़ाई'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जहानाबाद के गांधी मैदान से अपनी बहुचर्चित बिहार अधिकार यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह यात्रा बेरोजगार युवाओं की लड़ाई है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाला समय परिवर्तन का है, हमें मिलकर इस नकलची सरकार को उखाड़ फेंकना है। अगर आप हमें मौका देंगे तो हमारी सरकार बिहार को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त बनाएगी। कोई भी अपराधी या गड़बड़ी करने वाला हो, उसे सजा जरूर दिलाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में साफ कहा कि वे अनुशासनप्रिय राजनीति में विश्वास रखते हैं और अपराधियों के खिलाफ किसी भी जाति या धर्म का भेदभाव नहीं किया जाएगा। तेजस्वी ने नीतीश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज की सरकार सिर्फ





हमारी बातों की नकल करती है, लेकिन काम करने की नीयत और क्षमता नहीं रखती। भीड़ में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने वादा किया कि यदि उनकी सरकार बनती है तो 'माई बहिन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को भी आश्वस्त किया कि रोजगार सृजन उनकी प्राथमिकता होगी। तेजस्वी ने 2020 विधानसभा चुनाव की याद दिलाते हुए कहा कि इसी गांधी मैदान से मैंने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। तब हमारे विरोधियों ने कहा था कि पैसा कहां से आएगा? क्या अपने पिता के पास से लाकर लोगों को वेतन देंगे? लेकिन आज बिहार की जनता जान चुकी है कि असल विकल्प कौन है। गांधी मैदान में उमड़ी भीड़ और गूंजते नारों से माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में डूब गया। जैसा कि ज्ञात हो तेजस्वी की अधिकार यात्रा 16 से 20 सितंबर तक बिहार के कई जिलों में जाएगी, जिसका मकसद जनता के बीच सरकार की नीतियों के खिलाफ माहौल तैयार करना और विपक्ष को मजबूत करना है।

# डीसी ने इवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा**। डीसी रवि आनंद ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर स्थित इवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, परिसर की साफ-सफाई आदि की जानकारी आधिकारियों से ली। अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रि- मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है। मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सत्य प्रकाश सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. 4446–जीआरसी–सीई–सी–0I–15–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य अभियंता (निर्माण)/I/गार्डन रीच द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तिथि को 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** सीई/कॉन/I/जीआरसी, निर्माण संगठन, दक्षिण पूर्व रेलवे के कार्यक्षेत्र में विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों में परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **अनुमानित मूल्य:** रु.13.13 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु.8,06,700/–, **समापन अवधि:** 24 माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 10.10.2025, इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** "प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।" (PR-630)

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 16-09-2025 21:10 Page 1



# विधान सभा में बढ़ी आधी आबादी की धमक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजनीति में आधी आबादी की भागीदारी बढ़ रही है। इसकी नजीर है-राजनीतिक पार्टियों में आधी आबादी को विभिन्न पदों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है तो उन्हें चुनावी मैदान में उतारने में भी पार्टियां पीछे नहीं हैं। इसकी धमक विधानसभा में बखूबी सुनाई दे रही है।

सदन में महिला विधायकों की मुखर होती आवाज ने आधी आबादी को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया है। इसकी वजह महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति आई जागृति को माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नीतीश शासन में विभिन्न क्षेत्रों में आधी आबादी को आगे बढ़ने का भरपूर अवसर मिला।

यही अवसर महिलाओं को राजनीति के रास्ते विधानसभा से लेकर संसद तक पहुंचाने में मददगार साबित हो रहा है। देखा जाए तो बीते दो दशक में आधी आबादी की भागीदारी विधायिका में तेजी से बढ़ी और यह उम्मीद की जा रही है कि इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में भी आधी आबादी की विधायिका में भागीदारी बढ़ने वाली है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि देश की आजादी के बाद 1952 के पहले बिहार विधानसभा चुनाव में 46 महिला उम्मीदवारों में से 25 ने दमदार जीत के साथ बतौर विधायक सदन में पहुंची थीं। तब से आधी आबादी की जीत का सिलसिला चल पड़ा। हालांकि, 1972 के चुनाव में महिला विधायक की संख्या शून्य पर आ गई थी, जबकि उस चुनाव में 45 महिलाएं चुनाव मैदान में थीं। इससे पहले 1957 के चुनाव में 46 महिलाए बतौर उम्मीदवार थीं तब 30 महिलाएं विधायक बनी थीं।

1962 में 42 महिला उम्मीदवार में से 25,1967 में 29 उम्मीदवार में से 6 और 1969 में 20 उम्मीदवार में से चार महिलाएं जीती थीं। रोचक यह कि 1977 के चुनाव में 96 महिला उम्मीदवार थीं उनमें मात्र 13 महिलाएं ही जीत पायी थीं। वैसे बिहार विधानसभा के सत्रह बार चुनाव हुए हैं जिसमें कुल 285 महिलाएं विधायक हुईं।

बिहार विधानसभा चुनाव संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़े को देखें तो 1980 के चुनाव में 77 महिला उम्मीदवार थीं, किंतु उनमें से मात्र 11 महिलाओं को जीत नसीब हुई।इसी प्रकार 1985 के चुनाव में 103 महिला उम्मीदवार थीं, परंतु सिर्फ 15 महिलाएं ही जीत दर्ज कर पायीं। 1990 को सामाजिक व राजनीतिक रूप से उथल-पुथल का दौर माना जाता है। इस बदलाव के दौर में जब 1990 का विधानसभा चुनाव हुआ तब 147 महिला उम्मीदवार मैदान में उतरीं, किंतु मात्र 10 महिला ही विधायक बन पाईं। वहीं 1995 के चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या 263 पर आई, किंतु मात्र 11 महिलाएं ही सदन में पहुंची।

2000 के चुनाव में 189 महिला उम्मीदवारो में 19 ही जीत पाईं। 2005 में विधानसभा का दो बार चुनाव हुआ। इस साल फरवरी के चुनाव में 138 महिला उम्मीदवार थीं परंतु 25 महिलाएं ही जीतीं। दोबारा अक्टूबर के चुनाव हुआ तब 234 महिला उम्मीदवारों में से मात्र तीन ही जीत सकीं। 2010 के चुनाव में 307 महिला उम्मीदवार थीं इनमें से 34 महिलाएं जीतीं। 2015 के चुनाव में 273 महिलाएं उम्मीदवारों में से 28 विधायक बनीं। 2020 के चुनाव में 370 महिला उम्मीदवार थीं उनमें 26 महिलाएं विधायक बनकर सदन में पहुंची।

# बाराचट्टी विधान सभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज

## लोगों में चर्चा खास, चेहरा नहीं, चरित्र के साथ विकास चाहिए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव की दस्तक नजदीक आ रही है, गया जिले की बाराचट्टी सुरक्षित एससी सीट पर राजनीतिक सरगर्मी तेज होती जा रही है। चौक-चौराहों से लेकर पंचायतों की बैठकों तक एक ही चर्चा छाई हुई है इस बार किसे मिलेगा टिकट? दलों के भीतर जोड़तोड़ और दबाव की राजनीति चरम पर है, जबकि जनता उम्मीदवार से ज्यादा विकास और ईमानदारी पर निगाहें गड़ाए बैठी है। पिछले चुनाव में यह सीट महागठबंधन के हिस्से में आई थी। हालांकि तब की उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। अब एक बार फिर पार्टी के भीतर टिकट को लेकर रस्साकशी चल रही है। सूत्रों की मानें तो यहां कम से कम तीन दावेदार सक्रिय हैं। इनमें एक पारिवारिक विरासत से जुड़े चेहरे हैं, जबकि अन्य वे कार्यकर्ता हैं जिन्होंने संगठन में वर्षों से पसीना बहाया है। राजद खेमे में बहस इस बात पर है कि क्या वफादार कार्यकताओं को तरजीह दी जाएगी या फिर राजनीतिक परिवारों की परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा। यह सीट वर्तमान में एनडीए के एक घटक दल के पास है। मौजूदा विधायक दोबारा दावेदारी कर रही हैं। लेकिन भाजपा और जदयू के स्थानीय नेता भी इस सीट को लेकर सक्रिय हैं। एनडीए खेमे से करीब तीन चेहरे टिकट की दौड़ में बताए जा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कुछ ने पटना से लेकर दिल्ली तक संपर्क साधकर दबाव बनाने की कोशिश तेज कर दी है। लोजपा भी अपनी पुरानी पकड़ मजबूत करने की रणनीति में है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, यहां भी तीन प्रमुख दावेदार चर्चा में हैं। इनमें कोई स्थानीय स्तर पर लंबे समय से सक्रिय है, कोई सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है और एक पारिवारिक पृष्ठभूमि से आता है। पार्टी चाहती है कि इस बार ऐसा उम्मीदवार उतारा जाए, जो युवा वोटरों को साध सके।

महागठबंधन के भीतर वामपंथी दल माले भी इस सीट पर दावेदारी जाता रहा है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की ओर से एक नया चेहरा सामने है, जिसे वैचारिक राजनीति और छात्र आंदोलन से जोड़कर प्रचारित किया जा रहा है।

वहीं, जनसुराज पार्टी ने भी इलाके में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इस दल से तीन नाम टिकट की दौड़ में हैं, जो लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। गांव-गांव जाकर वे लोगों के सुख-दुख में शामिल होने और एक नए विकल्प के रूप में सामने आने की कोशिश कर रहे हैं।

हलांकि, दल टिकट के लिए जोड़तोड़ में लगे हैं, मगर जनता की प्राथमिकता कुछ और है। ग्रामीण इलाकों में चर्चा करते लोग कहते हैं कि उन्हें अब जात-पात या परिवारवाद से मतलब नहीं, बल्कि ऐसा उम्मीदवार चाहिए जो सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर ठोस काम करे। युवा मतदाता तो साफ शब्दों में कहते हैं कि वे वोट देते समय जाति से ऊपर उठकर विकास को देखेंगे।

## रडार पर थे बड़े अधिकारी

# निगरानी ने आदेशपाल को रंगे हाथों दबोचा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** निगरानी विभाग ने बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशपाल बिनोद कुमार को 1.60 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग ने यह कार्रवाई मंगलवार को करीब 12 बजे दिन में की।

निगरानी डीएसपी नरेन्द्र कुमार ने बताया कि धनगाई निवासी राकेश कुमार के शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। शिकायत के बात इसका सत्यापन किया गया और जांच में यह सही पाई गई। तय रकम देने जब बुधवार को परिवादी आया तो आदेशपाल बिनोद कुमार ठाकुर ने सीसीटीवी का हवाला देते हुए रुपये पीछे की ओर रख देने को कहा।

इसके बाद तुरंत ही निगरानी विभाग की टीम ने उसे दबोच लिया। यह मामला धनगाई में भूमि विवाद का है। इस मामले में डीएसपी ने बताया कि वह किस वरीय अधिकारी के लिए रिश्वत लिया है इसकी जांच होगी। उन्होंने इशारे में यह भी कहा कि यहां तो भूमि विवाद का मामला डीसीएलआर कार्यालय में निपटारा होता है। बता दें कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार और अभियुक्त बिनोद कुमार दोनों आपस में पटीदार हैं और दोनों धनगाई के निवासी हैं। बताया जाता है कि मामला भूमि सुधार उप समाहर्ता के न्यायालय से संबंधित है। सूत्रों ने बताया कि निगरानी के रडार पर बड़े अधिकारी थे।

# हड़ताल के ऐलान से सफाई व्यवस्था पर गहरायेगा संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** शहरी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बिहार राज्य सफाई मजदूर संघ द्वारा ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो बुधवार को औजार बंद हड़ताल को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

लंबित बकाया, वेतन भुगतान में देरी जैसी समस्याओं को लेकर नगर निगम परिसर में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों ने अपनी हाजिरी में कटौती का भी आरोप लगाया। संघ ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से औजार बंद हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सफाईकर्मी शामिल हुए, जिससे नगर निगम की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। प्रदर्शन का नेतृत्व गणपत हरि ने किया।

वार्ड संख्या 34 में कार्यरत सफाइकर्मी अनिता देवी ने स्थानीय पार्षद बीबी बलिमा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अनिता देवी ने नगर आयुक्त को एक लिखित शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने पार्षद पर गाली-गलौच करने, जातिसूचक शब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शिकायत के अनुसार, सोमवार सुबह जब अनिता देवी वार्ड में झाड़ू लगा रही थीं, तब पार्षद बीबी बलिमा अपने बेटे के साथ वहां आईं और कथित तौर पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। अनिता देवी का आरोप है कि पार्षद ने उनकी चोटी पकड़कर मारने की धमकी भी दी। घटना के समय अन्य सफाइकर्मी और वार्ड प्रभारी मौजूद थे। घटना के विरोध में नगर निगम के सभी सफाइकर्मी एकजुट होकर नगर निगम कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए और पार्षद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के माहौल में काम करना मुश्किल है और उन्होंने नगर आयुक्त से पार्षद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# मप्र से आ रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस डंपर से टकरायी

## पिण्डदान के लिए गया जा रही थी बस, एक की मौत, नौ घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 19 पर ग्राम कुल्हड़िया के समीप तीर्थयात्रियों की बस डंपर से टकरा गई। जिससे बस के खलासी की मौत हो गई एवं नौ तीर्थयात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद सभी घायल तीर्थयात्रियों को एनएचएआइ के एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी तीर्थयात्री पिंडदान करने के लिए मध्यप्रदेश से गया जी जा रहे थे।

मृतक बस का खलासी महेश वर्मा 33 वर्ष मध्यप्रदेश के खरगौन जिले के महेश्वर गांव का निवासी था। जबकि घायलों में नरेंद्र कुमार 72 वर्ष, चंपालाल परिहार 55 वर्ष, खर्चीजन सेठ 22 वर्ष, शकुंतला सेठ 60 वर्ष , रमेश कुमार 53 वर्ष, अनिता यादव 45 वर्ष, बलराम केंवट 48 वर्ष, संजय कुमार 51 वर्ष व राजेश कुमार 40 वर्ष हैं। बस में कुल 14 महिला व 24 पुरुष सवार थे।

बस में सवार सभी तीर्थयात्री मध्यप्रदेश के खरगौन जिले के निवासी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। इस दुर्घटना में सभी घायल उपचार के बाद कुल्हड़िया में स्थित एक नवनिर्मित भवन में ठहरे। तीर्थयात्री वाली बस के चालक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि तीर्थयात्रियों को गया जी जाने के लिए दूसरी बस मंगाई गई है। बस आने के बाद तीर्थयात्रियों को गयाजी पहुंचाया जाएगा।

चालक ने बताया कि बस के आगे डंपर जा रहा था। उत्तरी लेन के ओवरब्रिज के नीचे उतरने के बाद अचानक ब्रेक लगा कर सर्विस लेन में विपरीत दिशा में डंपर मुड़ गया। जिससे बस पीछे से डंपर में टकरा गई। सूचना के बाद एनएचएआइ की पेट्रोलिंग टीम एंबुलेंस व दो क्रेन लेकर पहुंची। एक घंटे के बाद स्थानीय पुलिस भी पहुंची।

बस में फंसे मृत खलासी को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद क्रेन की मदद से बस को हटाया गया। तब आवागमन बहाल हुआ। दुर्घटना के बाद डंपर चालक गाड़ी लेकर इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ भाग गया। जो अपने पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए गया जी जा रहे थे।

# चिकित्सक ने भुगतान के एवज में प्रसूता को बनाया बंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** नवजात की मौत होने बाद भुगतान को लेकर एक प्रसूता को बंधक बनाकर रखने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर स्थानीय विधायक और नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उक्त महिला को मुक्त कराया। कपूरींग्राम पंचायत के डढ़िया बेलार वार्ड 15 निवासी राजेन्द्र पासवान की पुत्री को प्रसव पीड़ा के बाद शहर के मोहनपुर रोड स्थित यूनिटी इमरजेंसी हास्पिटल में 2 सितंबर को भर्ती कराया गया। जहां उसने एक साथ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस दौरान नवजात की हालत बिगड़ती देख उसे दूसरे अस्पताल में रेफर दिया गया लेकिन, दोनों की जान नहीं बच की। स्वजनों को इलाज का तीन लाख रुपये का बिल बताया गया। बकाया राशि के भुगतान बाद ही प्रसूता को छोड़ने की बात कही।आरोप है कि महिला को एक सप्ताह से अधिक समय से रुपये के लिए बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान स्वजनों ने किसी तरह से 90 हजार रुपये की राशि अस्पताल प्रबंधन को दी लेकिन, इसके बाद भी उसे मुक्त नहीं किया गया। पैसों की व्यवस्था करने में असमर्थ होने बाद उसने विधायक से गुहार लगाई।

नगर थाना पुलिस के साथ स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन अस्पताल पहुंचे। जहां पुलिस की मदद से पीड़िता को मुक्त कराया गया। अस्पताल के चिकित्सक डा मयंक राज को विधायक ने कड़ी फटकार भी लगाई। बाद में स्वजनों के साथ उसे सदर अस्पताल में बेहतर उपचार को लेकर आवश्यक जांच कराई।

इधर, नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि बकाया भुगतान को लेकर मरीज को डिस्चार्ज नहीं करने की शिकायत पर पुलिस टीम गई थी। महिला को मुक्त कराया गया है। स्वजनों की शिकायत मिलने पर अग्रेतर कर्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि जिले में दर्जनों अस्पताल बिना निबंधन के चल रहे। इन निजी अस्पतालों में सुविधाओं का घोर अभाव है। चिकित्सक नहीं रहते जरूरत पड़ने पर बाहर से चिकित्सकों को बुलाया जाता है। लापरवाही से लगातार मरीजों की जान भी जा रही लेकिन, स्वास्थ्य विभाग चैन की नींद सोया है। कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

## थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**बगहा।** पुलिस जिला के बथवरिया थाना के थानाध्यक्ष कामेश कुमार को कार्य में लापरवाही और भूमि विवाद के एक मामले में एकतरफा कार्रवाई करने के आरोप में एसपी सुशांत कुमार सरोज ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पुलिस लाइन से अनुपम कुमार राय को बथवरिया थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें 24 घंटे के भीतर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष के खिलाफ भूमि विवाद के एक मामले में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने की शिकायत की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी के निर्देश पर जांच का आदेश दिया गया था। एसपी ने इस जांच के लिए दो टीमों का गठन किया था। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस पदाधिकारियों को निष्पक्ष और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना चाहिए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय स्तर पर भी थानाध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर असंतोष व्याप्त था। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी कई शिकायतें डीआइजी तक पहुंच चुकी थीं।

# सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के पुरैनी खुर्द गांव में विषैले सांप के डंसने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। रविवार को बहन ने इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि, भाई ने सोमवार की देर रात इलाज के दौरान पीएमसीएच, पटना में अंतिम सांस ली। मृतकों में पुरैनी खुर्द वार्ड नंबर-दो निवासी रामबाबू राम की पुत्री 20 वर्षीय कंचन कुमारी और 10 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार शामिल है। मंगलवार को प्रियांशु के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल,आरा में कराया गया। स्वजनों के अनुसार शनिवार की रात करीब दो बजे दोनों भाई-बहन घर में पलंग पर सोए थे। उसी दौरान विषैले सांप ने दोनों को डंस लिया।

उनकी हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने उन्हें पहले पीरो पीएचसी, फिर आरा सदर अस्पताल ले जाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। इस बीच रविवार को कंचन कुमारी की रास्ते में ही मौत हो गई। परिवार वालों ने उसका बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि, प्रियांशु को पटना पीएमसीएच ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की मध्यरात्रि उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

मृतक कंचन कुमारी अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी तथा स्नातक पास कर चुकी थी। जबकि प्रियांशु अपने भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर था। परिवार में अब एक भाई सूरज और एक बहन आयुषी कुमारी है। तीन वर्ष पूर्व ही उनकी मां बेबी देवी की मौत बीमारी के कारण हो गई थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## हत्या मामले में दो और गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** हिलसा में भूषण यादव हत्याकांड का समय सीमा करीब पांच महीने बीत चुके हैं, हत्याकांड में अभी तक दो आरोपित पर कार्रवाई किया गया है। और शेष आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस मामले में रामप्रवेश शर्मा समेत 9 लोगों को आरोपित किया गया है।

बताया गया है कि परवलपुर थाना क्षेत्र के तारा बिगहा, मिलकीपर गांव निवासी कमलेश यादव उर्फ भूषण यादव को बदमाशों ने 12 अप्रैल 2025 को सुबह करीब दस बजे सूर्य मंदिर तालाब के पास गोली मारकर हत्या कर दिया, मृतक के स्वजनों में डर का वातावरण बना है। मोहल्ले वासियों द्वारा घटना के संदर्भ में बताया है, कि हिलसा शहर के बस स्टैंड में विवादित जमीन को खरीदारी करने का आरोप है, विवादित जमीन को लेकर घटना का अंजाम दिया गया है। हालांकि इसी जमीन में पूरे परिवार वर्षों से रह रहे थे। अदालत में मुकदमा चल रहा है। मृतक पर भी परवलपुर थाना, हिलसा थाना में पूर्व में मुकदमा दर्ज है।

# नालंदा हाउस ने साकेत हाउस को हराया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर के प्रांगण में आज उत्साह और जोश से भरपूर भव्य अंतर-गृह बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की सचिव रानी कुमारी ने की। प्रतियोगिता में सभी टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना व खेल भावना का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद नालंदा हाउस विजेता तथा साकेत हाउस उपविजेता घोषित हुआ। पूरे मैदान में दर्शकों का उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट देखने योग्य थी। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित शिक्षक, छात्र एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों के जज्बे और मेहनत की सराहना की।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को विकसित करते हैं बल्कि अनुशासन, धैर्य, संघर्षशीलता और टीमवर्क जैसी जीवन मूल्यों को भी सिखाते हैं। प्रतियोगिता का समापन उल्लास, उत्साह और भविष्य में और भी बड़े स्तर पर भागीदारी के संकल्प के साथ हुआ।

# अपनी मांगों को लेकर स्वच्छता कर्मियों ने समाहरणलय को घेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिवान।** स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश को सौंपा। स्वच्छता कर्मियों ने बताया कि बिहार के प्रत्येक पंचायत में सरकार द्वारा स्वच्छता कार्यों का चयन आम सभा द्वारा किया जाता है, लेकिन इस व्यवस्था में स्वच्छता पर्यवेक्षक को अधिकतम 7,500 रुपये और स्वच्छता कर्मी को मात्र 3,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में इतनी कम राशि से परिवार चलाना बेहद मुश्किल है। आरोप लगाया गया कि साफ-सफाई जैसे जिम्मेदार कार्य के बावजूद न तो उन्हें उचित मानदेय मिलता है और न ही सुरक्षा या अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। कर्मियों ने अपनी पांच प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि उन्हें अंशकालिक से पूर्णकालिक किया जाए और संविदाकर्मी का दर्जा दिया जाए। स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय 20 हजार रुपये और स्वच्छता कर्मियों का मानदेय 10 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। इसके अलावा कार्यकाल के दौरान किसी की मृत्यु होने पर आश्रितों को उसी पद पर चयनित किया जाए। पांचवीं मांग में कहा गया कि सरकार गरीबों और वंचितों के साथ हमेशा न्याय की बात करती है, इसलिए उनकी समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए।

प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि वे 8 सितंबर से हड़ताल पर हैं। इसके पूर्व वे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को भी अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंप चुके हैं। आज उन्होंने जिला



पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे काम पूरी तरह बंद कर देंगे और आंदोलन को और तेज करेंगे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों की हड़ताल से गांव-मोहल्लों में गंदगी का अंबार लग रहा है और इसकी जिम्मेदारी सरकार पर होगी। प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से अपनी मांगों को तुरंत पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन में अंगद कुमार, संत कुमार, रवि प्रकाश रंजन, अमन यादव, दिलीप कुमार, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमित कुमार, कृष्ण कुमार, अरुण कुमार, सुमंत चौधरी, शत्रुघन कुमार और राम राजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आपस में भिड़े प्रशिक्षु जवान

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में ट्रेनी होमगार्ड जवानों के दो गुट आपस में भिड़ गए। मामूली विवाद से शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई और दुर्गा पूजा पंडाल के लिए रखे गए बड़े-बड़े बांस से मारपीट की गई। घटना बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर की है। यहां बड़ी बलिया जीटीआर उच्च विद्यालय और पीडीएस कॉलेज सदानंदपुर स्थित ट्रेनिंग सेंटर के सैकड़ों ट्रेनी जवान मंगलवार सुबह पीटी करने मैदान में पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद भड़क गया और दोनों गुट आमने-सामने हो गए। रोड़ेबाजी और मारपीट का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दर्जनों जवान एक-दूसरे पर पथराव करते और हमला करते नजर आ रहे हैं। हंगामे के दौरान ट्रेनिंग सेंटर में तैनात एंबुलेंस में भी तोड़फोड़ की गई। इस झड़प में आधा दर्जन से अधिक जवान घायल हो गए, जिन्हें बलिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# खाद को लेकर आपस में ही भिड़े किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** धान के मिनी कटोरे कहे जाने वाले औरंगाबाद जिले में उर्वरक की किल्लत और कालाबाजारी ने किसानों को बेहाल कर दिया है। स्थिति यह हो गई कि मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान उर्वरक बिक्री केंद्र पर यूरिया खाद के लिए किसानों के बीच जमकर मारपीट और धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान बिक्री केंद्र का पूरा परिसर रणभूमि में तब्दील हो गया।

सुबह से ही सहकारी केंद्र पर सैकड़ों किसान भूखे-प्यासे कतार में खड़े थे। जैसे ही स्टॉक कम होने की जानकारी मिली, वैसे ही किसानों का सब्र टूट गया और ?पहले मैं, पहले मैं? की होड़ में लात-घूंसे चलने लगे। नौबत सिर फुटौव्वल तक पहुंच गई और मौके पर मौजूद बिक्री केंद्र के कर्मी मूकदर्शक बने रहे। गनीमत रही कि कुछ समझदार किसानों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

धान की फसल अब बालियां देने की तैयारी में है और इस चरण में टॉप ड्रेसिंग यानी यूरिया खाद का छिड़काव बेहद जरूरी होता है। यदि किसान समय पर खाद नहीं डाल पाए तो पैदावार पर असर पड़ेगा। यही कारण है कि यूरिया के लिए किसानों की बेताबी बढ़ गई है। जहां

## बिक्री केंद्र रणभूमि में बदला

सक्षम किसान कालाबाजारी से महंगे दामों पर खाद खरीद रहे हैं, वहीं बाकी किसान सहकारी संस्थाओं के केंद्रों का रुख कर रहे हैं, जहां उन्हें लंबी कतारों और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है।

बिस्कोमान केंद्र पर सुबह से लगी लंबी कतारें स्टॉक कम होने की खबर सुनते ही बेकाबू हो गईं। किसान आपस में भिड़ गए और स्थिति हिंसक हो गई। धक्का-मुक्की, मारपीट और बांस तक से हमला करने की नौबत आ गई। बिक्री केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ तमाशा देखते रहे। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने खाद संकट की खबरों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि अच्छी बारिश के कारण इस बार अधिक रकबे में धान की खेती हुई है, जिससे अस्थायी दिक्कत आई। अब तक जिले में दो लाख बोरी यूरिया वितरित किया जा चुका है। मंगलवार को 8 हजार बैग की आपूर्ति की जा रही है और दो दिनों में 27 हजार और बोरी पहुंचेगी। डीएम ने आश्वासन दिया कि किसानों को जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाएगा और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई जारी है।

# घूसखोरी में पूरी तरह से लिप्त तिसरी सीओ को हाईकोर्ट द्वारा लगाई गयी कड़ी फटकार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** घूसखोरी में पूरी तरह से लिप्त तिसरी सी० ओ० को हाई कोर्ट द्वारा लगाई गयी कड़ी फटकार से डी० सी० गिरिडीह को भी सबक लेकर माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के रिट याचिका संख्या 5925/2022 में पारित आदेश के आलोक में तिसरी, गिरिडीह सदर एवं बेंगाबाद अंचल से भी बिना घुस का रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति दिलाने की मांग को लेकर शोषित पीड़ित किसानों ने मंगलवार को किसान जनता पार्टी के बैनर तले झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया।



धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले के सुनवाई के दौरान तिसरी सी० ओ० को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि आप बिना घुस लिए सिर्फ तनख्वाह पर काम करें नहीं तो नौकरी छोड़ दें अन्यथा मैं आपको यहीं से सस्पेंड कर दूंगा। किसी भी सरकारी अधिकारी को नागरिकों को परेशान करने का कोई अधिकार नहीं है। माननीय न्यायालय के उक्त टिपण्णी के बाद भी अब तक उपायुक्त गिरिडीह श्री रामनिवास यादव, भ्रष्ट तिसरी सी० ओ० अखिलेश प्रसाद का ढाल बनकर खड़े हैं। पूर्व में उपायुक्त महोदय से जब यह शिकायत किया गया था कि माननीय हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में शुल्क के साथ लगभग एक हजार आवेदन रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने हेतु तिसरी सी० ओ० ने ले लिया और रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति देने के बजाय आवेदकों को भूमाफिया गुंडों और पुलिस से बेरहमी से पिटवाया और कई झूठा केस बनाकर जेल भेज दिया तो डी० सी० आवेदक पर ही जोर जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगे और धमकी देते हुए कहे कि हम हाई कोर्ट से निबट लेंगे। तिसरी सी० ओ० रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं देगा। तुमलोग रजिस्टर टू लेने वाले होते कौन हो। किसान जनता पार्टी के संयोजक दसो मुर्मू ने कहा कि डी० सी० गिरिडीह ने अपने हठधर्मिता को नहीं छोड़ा और न्यायालय का आदेश नहीं माना तो गिरिडीह जिला में भी नेपाल और बांग्लादेश जैसी स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। किसान जनता पार्टी के तिसरी अंचल अध्यक्ष नीलम कुमारी ने कहा की जब तक एक साथ पुरे मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति नहीं निकल जाएगा तब तक ये भ्रष्ट अधिकारी मूल रजिस्टर टू में छेड़ छाड़ और फाड़ चीर का सिलसिला जारी रखते हुए अवैध तरीके से गरीब रैयतों का जमीन भूमाफियाओं, दबंगों और पैसेवाले के नाम पर रजिस्टर टू में जमाबंदी कायम करते रहेंगे इसलिए किसान जनता पार्टी अंतिम दम तक माननीय हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में पुरे मौजा के रजिस्टर टू का सत्यापित प्रति लेने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से लड़ते रहेंगे। धरना में उपस्थित छत्रधारी सिंह, टिप्पण ठाकुर, संझली हेम्ब्रम, बसिया टुडू, मुस्लिम अंसारी, विजय कुमार, बडकी बेसरा, सबीना हेम्ब्रम, थाम्मी मंडल, लेवा हंसदा, संतोष बास्के, घनश्याम पंडित, बडकी किस्कू, दहनी देवी, रेखा कुमारी, बिना बास्के, जोशील मरांडी आदि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को लेकर नगर निगम ने शुरू किया विशेष सफाई अभियान



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम ने दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है। उप नगर आयुक्त प्रशांत लायक ने नगर निगम टीम के साथ विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और लाइटिंग की व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और सफाईकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो नगर निगम ने पूजा के लिए कई विशेष कदम उठाए हैं। अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती की गई है और कचरे के निस्तारण के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। साथ ही पंडालों के आसपास कूड़ा डंपिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे जिन्होंने सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया। नगर प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें ताकि दुर्गा पूजा का पर्व साफ-सुथरे और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।

# फरोग ए अदब गिरिडीह के द्वारा शायरी नशिस्त कवि गोष्ठी आयोजित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** "हिन्दी दिवस" के अवसर पर कोलडीहा में जनाब मकसूद के आवास पर गिरिडीह के सब से सक्रिय संस्था "फरोग ए अदब" गिरिडीह के द्वारा एक शायरी नशिस्त /कवि गोष्ठी आयोजित की गई जिस की अध्यक्षता अल्हाज मोईनुद्दीन शमसी सरपरस्त फरोग ए अदब ने की तथा मंच संचालन सरफराज चांद सचिव फरोग ए अदब ने की कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश सिंह शामिल हुए और विशिष्ट में डॉक्टर सफदर इमाम शामिल हुए।




जिन कविओं ने अपने कविता का पाठ किया उनके नाम इस प्रकार हैं मेरी निगाह में तो है दोनों का इंतखाब हिन्दी भी लाजवाब है उर्दू लाजवाब होती नही है शायरी उर्दू के बिन मगर हिन्दी बगैर उर्दू मुकम्मिल नहीं जनाब तसौव्वर वारसी हिन्दी दिवस का जश्न मनाना है दोस्तो नगमा खुशी के सब को सुनाना है दोस्तों हिन्दी अगर हैं मुल्क की पहचान दोस्तों उर्दू भी है भारत की मेरी शान दोस्तों चल एकता का दीप जलाना है दोस्तों सरफराज चाँद अल्हाज मोइनुद्दिन शमसी, डॉक्टर महेश सिंह,डॉक्टर सफदर ईमाम, अल्हाज मशकूर मैकश, तसउवर वारसी, एकरामूल हक वली, सरफराज चाँद,सद्दाम हुसैन, अंसार कौनैन, और मुख़्तार हुसैनी, आखिर मे अध्यक्ष महोदय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और अपना कलाम पेश किया "फरोग ए अदब" के संस्थापक मुख़्तार हुसैनी ने आने वाले मेहमानों कोलडीहा के नौजावानों का शुक्रिया अदा किया और अगली नशिस्त तक प्रोग्राम को मलतवी करने का एलान किया और मुख़्तार हुसैनी ने यह भी कि फरोग ए अदब किसी वेशाखी के सहारे नहीं चलता ?

प्रोग्राम रात दस बजे तक चला प्रोग्राम को सफल बनाने एकरामूल हक वली, मोहम्मद मकसूद, मोहम्मद जुबैर,मोहम्मद मुख़्तार ने भरपुर सहयोग किया।

# सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं : पंकज कुमार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के झंडा मैदान स्थित विवाह भवन में आध्यात्मिकता और संस्कृति से भरपूर एक भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की आराधना और रंग-बिरंगे डांडिया नृत्य से हुई, जहां महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर भारतीय परंपराओं को जीवंत किया इस अवसर का मुख्य आकर्षण 251 महिलाओं द्वारा एक साथ गूंजते हुए हनुमान चालीसा पाठ रहा।



पूरे सभागार में भक्ति सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक उत्साह की लहर दौड़ गई, जिसने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया कार्यक्रम के बीच सक्षम श्री और हितिका केडिया का जन्मोत्सव भी वैदिक मंत्रोच्चार और आरती के साथ मनाया गया, जिसने इस आयोजन को और खास बना दिया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ओम वैष्णवी नर्सिंग होम के डॉ. श्रवण कुमार शामिल हुए। इसके अलावा सीआरपीएफ अधिकारी पंकज कुमार, भाजपा नेत्री उषा कुमारी, डॉ. मनीषा जालान, जूली केडिया, तनुजा सहाय और निर्मला कौर सहित अनेक गणमान्य हस्तियां भी मौजूद रहीं। सभी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को जोड़ने और महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने में अहम हैं।आयोजन की प्रमुख संयोजिका पूनम बरनवाल थीं, जिन्हें मिन्नी बरनवाल, संध्या बरनवाल, सबिता, सोनी बरनवाल और अल्का बरनवाल का सहयोग मिला। आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि सामाजिक एकता और भारतीय मूल्यों को भी जीवित रखते हैं।

# डीवीसी मुख्यालय की समस्याओं पर खुली चर्चा, अध्यक्ष ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** दिनांक 15 सितम्बर 2025 को डीवीसी टावर्स में दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) के अध्यक्ष सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।



बैठक में विस्थापित परिवारों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। इनमें पुनर्वसित परिवारों को बसाई गई भूमि पर स्वामित्व अधिकार दिलाना, पुनर्वसित गाँवों का विकास (विशेषकर जमताड़ा क्षेत्र), म्यूटेशन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए आमीनों की नियुक्ति, पंजीकृत विस्थापितों को नौकरी के बदले एक समान मुआवजा राशि देना, प्रभावित परिवारों को दुकान एवं भूमि आवंटन करना, संविदा कार्यों में रोजगार उपलब्ध कराना तथा युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। समिति ने प्रस्तावित सोलर प्रोजेक्ट का भी विरोध जताया और कहा कि इससे स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। जब तक वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक ऐसे प्रोजेक्ट लागू करना न्यायसंगत नहीं होगा। चर्चा के दौरान अध्यक्ष सुरेश कुमार ने झारखंड सरकार के राजस्व सचिव से सीधे फोन पर बात की और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने व एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि म्यूटेशन से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने के लिए जिला प्रशासन और डीवीसी अधिकारियों की संयुक्त समिति बनाई जाएगी और इस विषय को राज्य सरकार के समक्ष भी रखा जाएगा। कोनार डैम के पुनर्वास, उन्नयन एवं रोजगार से संबंधित बिंदुओं पर समिति के श्री दिनेश्वर मंडल और श्री सुरेश राम ने विस्तार से चर्चा की, जिस पर अध्यक्ष ने सहमति जताते हुए समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में समिति अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल (कोनार डैम), महासचिव उत्तपाल चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव (बोकारो थर्मल), संयुक्त सचिव (मैथन इकाई) बदन दास, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष मंडल, सुरेश राम, शंकर कुमार महतो (कोनार) एवं चंद्रपुरा से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का संचालन महासचिव उत्तपाल चक्रवर्ती ने किया।

# बरही बाईपास स्थित राधा गोपाल फैक्ट्री में दो मजदूर झुलसे

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत रियाडा जियाडा स्थित राधा गोपाल फैक्ट्री में मंगलवार को अचानक फर्निश पंचर हो गया। हादसे के दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में से दो को गर्म भांप लगी, जिससे वे आंशिक रूप से झुलस गए। दोनों को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, घायल मजदूरों में धीरज कुमार महतो (पिता- सुकेश्वर महतो, ग्राम- गेंनपुर, थाना- राजपटी, जिला- सीतामढ़ी, बिहार) तथा सुरेंद्र चौधरी (रामपुर, बिहार) शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य मजदूर हरेंद्र यादव (रोहतास, बिहार) भी मौके पर मौजूद था। गौरतलब है कि करीब तीन माह पूर्व भी इसी फैक्ट्री में फर्निश पंचर की घटना हुई थी, हालांकि उस समय कोई नुकसान नहीं हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की।

# झापा पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत जरूरतमंदों को मिला वस्त्रों का लाभ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** झापा पंचायत के परसावां गाव में मंगलवार को झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती-साड़ी-लुंगी योजना के तहत वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्डधारियों को धोती, साड़ी और लुंगी प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य भाग-1 राकेश रंजन तथा झापा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों को वस्त्र उपलब्ध कराते हुए कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि हर परिवार गरिमा और आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सके।

# चौपारण में बीडीओ ने बीएलओ को दिए निर्देश, मतदाता सूची अद्यतन करने पर जोर

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नीतीश भास्कर ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक की। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारी और मतदाता सूची के अद्यतन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बीडीओ ने कहा कि चुनाव आयोग ने अभी से मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में घर-घर सर्वे कर मतदाता सूची का मिलान करने को कहा गया। उन्होंने विशेष रूप से 2003 की मतदाता सूची और 2025 की वर्तमान सूची का आपसी मिलान कर गहन जांच करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से छूट गए हों, उनका नाम जोड़ा जाए और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाएं। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम शामिल करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि तय समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जाएं, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ मौजूद रहे और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को साझा किया। बीडीओ ने भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर से उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# जिला स्तरीय अभिसरण समिति डीएलसीसी से 105 ग्रामों का भीडीपी का अनुमोदन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**पलामू।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति (DLCC) का बैठक उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत फेज - 1 के 08 ग्राम एवं फेज - 2 के 97 ग्राम कुल 105 ग्रामों के ग्राम विकास योजना (VDP) का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जिसमें प्रखंड चैनपुर के 13, छतरपुर के 01, हरिहरगंज के 14, हुसैनाबाद के 07, मोदीनगर के 03, नौडीहा बाजार के 04, नीलांबर पीतांबरपुर के 11, पांडु के 07, पाटन के 07, पिपरा के 13, रामगढ़ के 05, सतबरवा के 06 एवं तरहसी के 14 ग्राम शामिल है। प्रत्येक ग्राम में अभिसरण एवं गैप फिलिंग फंड दोनों के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जायेगा।

# उसरी बचाव अभियान में नए मेंबर को जोड़कर फिर से अभियान करेंगे तेज : राजेश सिन्हा



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नदियों को बर्बाद किया जा रहा है,कोख नहीं उजडने देंगे एनजीटी के रोक के बाद भी हो रही है लगातार बालू लुट - राजेश सिन्हा

आज नदियों को बचाने के लिए नया परिसीमन भवन में एक बैठक हुई, लिया गया कई निर्णय, बैठक की अगुवाई राजेश सिन्हा, आलोक मिश्रा और सूरज नयन कर रहे थे, कहा सरकारी आदेश के बाद भी उसरी नदी, बडाकर जैसी नदियों से,अवैध तरीके से बालू प्रशासन के नजर के सामने उठ रहा है, उसरी में छिलका डैम देर से बनने के कारण,वाटर ट्रीटमेंट प्लान आखिर कब बनेगा, उसरी नदी के किनारे हजारों पेड़ कब लगेंगे, उसरी नदी के किनारे अतिक्रमण आखिर क्यों नहीं रुक रहा है, इन तमाम विषयों पर आज उसरी बचाओ अभियान के अधिकारियों और मेंबर के बीच नया परिसदन में एक बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता आलोक मिश्रा ने की वही मुख्य वक्ता सूरज नयन थे दोनों ने कहा गिरिडीह के शहरी इलाकों और मुफ्फसिल क्षेत्र से लगातार अवैध बालू का उठाव हो रहा है, पेट्रोलिंग और बाइक वाले पुलिस से गठबंधन के कारण ऐसा हो रहा है, दोनों ने कहा कि उसरी बचाव अभियान के सदस्य इस मुद्दे पर थाना का घेराव करेंगे, यदि दो तीन दिन में पुलिस प्रशासन इसपर सुधार नहीं करता है तो उसरी बचाव अभियान के सैकड़ों मेंबर थाना के सामने प्रदर्शन करेंगे, अभियान में हजारों लोगों को जोड़ेंगे उसरी बचाव अभियान के राजेश सिन्हा ने कहा कि छिलका डेम के अलावे उपरोक्त सभी विषयों को लेकर नगरविकास मंत्री सुदीब्य कुमार सोनू से कई बार बाते हुई है, उन्होंने सकारात्मक बाते कही है, लगातार बेहतर प्रयास मंत्री का जारी है, बरसात के बाद कार्य होने की संभावना है, सिन्हा ने जहां की छिलका डेम के लिए सीसीएल गिरिडीह ने दो करोड़ रुपए दिया है, किंतु लगभग चार करोड़ का प्रोजेक्ट है, सरकार जल्द इस अभियान को पूरा करेगी, अतिक्रमण रोकने के लिए उसरी के सीमांकन का नापी करवाना होगा, इसके लिए भी उपायुक्त गिरिडीह को ज्ञापन दिया जाएगा, सिन्हा ने कहा कि जनवरी से हजारों पेड़ भी लगेंगे गिरिडीह डीएफओ ने वादा किया है, इसके लिए भी नगर विकास मंत्री ने प्रयास किया है, उसरी नदी में शास्त्री नगर और सिहोडीह का पुल भी बरसात के बाद बनना तय है, सिन्हा ने कहा कि सभी विषयों के लिए फिर से सभी अधिकारियों को और मंत्री जी को ज्ञापन देंगे। गिरिडीह की सभी जलस्त्रोतों का बचाव करना आम जनता का भी काम है, आज गिरिडीह के लगभग 70% तालाब और सार्वजनिक तालाब का अतिक्रमण हो गया है, तालाब भर कर कई मुहल्ले बस गए है, तत्कालीन सरकार इसपर कोई कार्यवाही नहीं किया है, आज एकराम अंसारी आदि के साथ दर्जन भर मेंबर उपस्थिति थे।

# सीरनाटांड़ फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज पातालडीह सीरनाटांड़ नवयुवक कमेटी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट शुभारंभ विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समाज सेवियों तथा अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा फीता काट कर किया गया।



जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य विमल कुमार सिंह,जेएमएम के प्रखण्ड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी, राजद नेता सह समाज सेवी एमडी जाकिर हुसैन अंसारी, जन कल्याण संगठन के अध्यक्ष रूपेश सिंह, माले के प्रखंड सचिव मुस्तकीम अंसारी, जेएमएम के संगठन मंत्री टुकलाल हाजरा, कांग्रेस नेता रामनारायण दास, जेएमएम प्रखण्ड सचिव रघु मरांडी, बेड़ोडीह के मुखिया अशोक लाला, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, समाज सेवी सुखदेव हाजरा, रजाक अंसारी, रुकरुद्दीन अंसारी, खलील अंसारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष धोकल दास, शमसुद्दीन अंसारी, निर्णायक इनामुल अंसारी, मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों, सहित सभी लोगों के मौजूदगी में इस खेल का शुभारंभ किया गया जिसमें आज कुल 8 टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया और शेष टीम के खिलाड़ियों का मुकाबला कल होगा और कल ही शाम तक फाइनल खेल का दिलचस्प मुकाबला होगा तत्पश्चात विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के बीच अतिथियों के द्वारा पारितोषिक का वितरण किया जाएगा उक्त महत्वपूर्ण फुटबॉल टूनार्मेंट में सभी टीमों के मैन ऑफ द मैच में चयनित खिलाड़ी को वितरित मेडल का सारा खर्च राजद नेता सह समाज सेवी एमडी जाकिर हुसैन अंसारी के द्वारा किया जा रहा है फुटबॉल टूनार्मेंट के प्रतिपादन में तमाम टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और शानदार मुकाबले से सभी दर्शकों का मन मोह लिया करीब सैकड़ों दर्शकों ने दिलचस्प मुकाबले का बेहतरीन लुत्फ उठाया।

## संपाकीय

# नेपाल की अंतरिम सरकार से संतुलन की उम्मीद

करीब हफ्तेभर की उथलपुथल के बाद नेपाल का फिर से शांति की ओर बढ़ना अच्छी खबर है। नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की बेदाग छवि और संतुलित नजरिये के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में वहां जल्द चुनाव होने और हालात के सामान्य होने की उम्मीद है। सुशीला कार्की नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। उनके पास राजनीतिक अनुभव बेहद कम है। इसके बावजूद जेन-जेड ने उनके नाम पर सहमति जताई, क्योंकि बाकी राजनेताओं से उसका भरोसा उठ चुका है। कार्की भ्रष्टाचार विरोधी सख्त रुख के लिए जानी जाती हैं और नेपाल की नई पीढ़ी को उनसे आस है कि वह करप्शन को खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगी। सुशीला कार्की के लिए इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना आसान नहीं। उनके सामने ऐसा देश है, जिसकी व्यवस्था उखड़ चुकी है। उन्हें हालात को संभालने के साथ ही राजनीतिक स्थायित्व भी प्रदान करना है। अच्छी बात यह है कि अंतरिम सरकार के गठन के साथ ही अगले साल मार्च में चुनाव कराने का भी ऐलान कर दिया गया। नेपाल ने इस मामले में बांग्लादेश से सबक लिया। आंदोलन ने चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंका था। हालांकि एक साल से ज्यादा वक्त बाद भी तय नहीं हो सका है कि चुनाव कब होंगे। इससे वही अनिश्चितता और बेचैनी फिर पैदा हो रही है, जिससे उबरने के लिए जनता सड़कों पर उतरी थी। नेपाल का जल्द से जल्द सामान्य होना भारत के लिए भी अच्छा होगा। दोनों देश आपस में इस कदर जुड़े हैं कि काठमांडू की कोई भी हलचल नई दिल्ली में महसूस हुए बिना नहीं रह सकती। फिर पड़ोस में स्थायित्व इसलिए भी जरूरी है, ताकि दूसरे तत्वों को फायदा उठाने का मौका न मिले। बांग्लादेश की अस्थिरता का उदाहरण सामने है, जहां पाकिस्तान अब भारत विरोधी नैरेटिव बनाने में लगा हुआ है। भारत-नेपाल की सीमाएं ही नहीं जुड़तीं, दोनों की संस्कृति, रहन-सहन, खानपान भी बहुत हद तक साझा है। लेकिन, केपीएस ओली के दौर में दूरी साफ महसूस की जा सकती थी। वह नेपाल को धीरे-धीरे चीन की तरफ शिफ्ट कर रहे थे। यहां तक कि लिपुलेख का मुद्दा भी उन्होंने चीन के सामने उठाया। इससे नेपाल में ही वह वर्ग बहुत नाराज था, जो पेइचिंग को संशय की नजरों से देखता है। सुशीला कार्की से द्विपक्षीय रिश्तों में ज्यादा बैलेंस की उम्मीद है। मणिपुर से पीएम नरेंद्र मोदी का नेपाल को संदेश देना इस रिश्ते की अहमियत बताता है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर विशेष**

# सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी मोदी



**अमित शाह**

17 सितम्बर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निज़ाम और रज़ाकारों से मुक्ति मिली थी। और, आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया - हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वाँ जन्मदिन है। मैं 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मोदी जी को मनपूर्वक जन्मदिन की बधाई देता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि भारत के मजबूत भविष्य के निमित्त वे मोदी जी को लंबी आयु, ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है। ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं।

हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएँ से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुँचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया। जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आँखों में संतोष और भरोसा देखता हूँ, तो समझ में आता है कि मोदी जी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रूबरू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी जी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किये। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी जी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला।



कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है। इस मामले में मोदी जी की नेतृत्व क्षमता अलग ही लोहे से बनी है। अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी वे असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए।

अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी जी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा ! लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित निःशुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा। पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुँचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है।

विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी जी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहाँ भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी- 20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन - हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है।

नरेंद्र मोदी जी को जितना मैंने जाना है, उसके आधार पर यह कहता हूँ कि उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं। उनकी वाणी में सहजता और सरलता का वह कौशल है, जो संवाद करते हुए उन्हें सीधे जनता के मन तक पहुँचा देता है। वे जब रेडियो पर 'मन की बात' करते हैं, तो करोड़ों लोग महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री सीधे उनसे संवाद कर रहे हैं। किसी गाँव का कोई किसान हो या शहर का कोई छात्र हो अथवा कोई गृहिणी हो, हर कोई उनसे आत्मीयता का अनुभव करने लगता है। यह कोई सामान्य बात नहीं है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो पाता हूँ कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को केवल आर्थिक और राजनीतिक रूप से ही नहीं, अपितु मानसिक और सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाया है। भारत की आतंरिक शक्ति की सही समझ रखने वाले मोदी जी का ही विजन है कि 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करे, तब हमारा देश 'आत्मनिर्भर भारत' और एक महान देश के रूप में पुनः विद्यमान हो, और इसकी पूर्ति के लिए वे अपनी दूरदर्शी नीतियों से देश को तेजी से इस दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने हर भारतीय के भीतर यह विश्वास जगाया है कि हम विश्व में किसी से कम नहीं हैं। पिछले 11 वर्षों में एक उनके नेतृत्व में देश ने आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई ऊँचाइयाँ छुई है, जो मेरी नजर में ऐतिहासिक भी है और अद्वितीय भी।

वस्तुतः सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी जी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

( लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं )

# भारतीय दिल खतरे में, एक गंभीर चुनौती की टंकार

**(ललित गर्ग )**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं।

आधुनिक युग को यदि सुविधाओं और संसाधनों का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी, लेकिन इन सुविधाओं और विलासिताओं की कीमत भी समाज को चुकानी पड़ रही है। मशीनों और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, परंतु इसके साथ ही ऐसी अनेक जीवनशैली-जनित बीमारियों को जन्म दिया है जो पहले दुर्लभ थीं। इन बीमारियों में सबसे बड़ी और भयावह बीमारी है-दिल का रोग। दिल की बीमारियाँ आज विश्व में असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं और भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जारी कॉजेज ऑफ डेथ इन इंडिया 2021-23 की रिपोर्ट इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। पहले जहाँ माना जाता था कि हृदय रोग और दिल के दौरे बुजुर्गों की बीमारी है, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हृदयाघात से होने वाली मौतें तेजी से बढ़ रही हैं। यानी युवाओं में दिल का दौरा अब असामान्य नहीं, बल्कि आम होता जा रहा है। यह न केवल चिकित्सा जगत के लिए चिंता का विषय है बल्कि समाज और परिवार के लिए भी गहरी चिंता का कारण है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में हृदय रोगों के कारण विश्वभर में लगभग 1.8 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई। यह आंकड़ा किसी भी अन्य बीमारी से कहीं अधिक है। अकेले भारत में प्रतिवर्ष लगभग 28 प्रतिशत मौतें हृदय रोगों से होती हैं। इसका अर्थ यह है कि हर चौथा भारतीय हृदयाघात या उससे जुड़ी बीमारी का शिकार होकर अकाल मृत्यु का सामना कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में यह दर और भी अधिक है क्योंकि वहाँ तनाव, प्रदूषण, अस्वस्थ भोजन और व्यायाम की कमी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं ज्यादा है। विशेष चिंता की बात यह है कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक दिल के दौरे 40 वर्ष से कम आयु में आ रहे हैं। यह आंकड़ा अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों से कहीं अधिक है, जहाँ यह दर 10 से 15 प्रतिशत के बीच है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि भारतीय युवा पीढ़ी का हृदय पहले से कहीं अधिक असुरक्षित एवं खतरे में है।

नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40.3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38.67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित क्षेत्रों में करीब 88 लाख लोगों पर किए गए इस सर्वेक्षण से यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि भारत में मौत की वजह क्या है और किस बीमारी से कितनी जान जा रही है? एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण मृत्यु दर में वृद्धि हुई। हालांकि, 2022 और 2023 में स्थिति में सुधार देखा गया, लेकिन महामारी के प्रभाव से उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों का असर अभी भी महसूस किया जा रहा है।

दिल की बीमारियों की बढ़ती प्रवृत्ति को केवल चिकित्सा या आनुवंशिक कारणों से नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और जीवनशैली संबंधी कारण हैं। आज का युवा वर्ग फास्ट फूड, जंक फूड और प्रोसेस्ड भोजन पर अधिक निर्भर है। इसमें उच्च मात्रा में तेल, नमक और चीनी होती है, जो हृदय की धमनियों को अवरुद्ध कर देती है। पारंपरिक संतुलित आहार जिसमें दाल, सब्जियां, अनाज और फल शामिल थे, अब जीवन से गायब होते जा रहे हैं। आधुनिक जीवन की दौड़-भाग, नौकरी और कैरियर की अनिश्चितता, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ युवाओं को लगातार मानसिक तनाव में रखती हैं। तनाव से हार्मोनल असंतुलन होता है और यह हृदय की धड़कन तथा रक्तचाप को प्रभावित करता है। धूम्रपान, शराब और अन्य नशे की वस्तुएँ दिल की बीमारी के सबसे बड़े कारणों में शामिल हैं। धूम्रपान से रक्त नलिकाएँ सिकुड़ जाती हैं और धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यही स्थिति शराब और ड्रग्स से भी उत्पन्न होती है।

शहरी जीवनशैली ने युवाओं को गतिहीन बना दिया है। दिनभर दफ्तर या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने से शारीरिक गतिविधियाँ नगण्य हो जाती हैं। मोटापा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज इसी निष्क्रिय जीवनशैली की उपज हैं और ये तीनों मिलकर दिल की बीमारी का बड़ा खतरा पैदा करते हैं। महानगरों की हवा में जहरीले कणों की बढ़ती मात्रा भी दिल की धड़कन और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि प्रदूषण से हृदयाघात की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जिन परिवारों में पहले से दिल की बीमारियाँ रही हैं, उनमें यह जोखिम अधिक रहता है। लेकिन पहले केवल यही एक बड़ा कारण माना जाता था, जबकि अब जीवनशैली के कारक अधिक प्रभावी साबित हो रहे हैं। दिल की बीमारियाँ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की समस्या नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिणाम हैं। जब कोई 30 या 40 वर्ष का युवा अचानक दिल का शिकार होकर मर जाता है तो उसके परिवार की आर्थिक रीढ़ टूट जाती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ युवाओं को सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति माना जाता है, वहाँ उनका इस प्रकार बीमार होना राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डालता है।

दिल की बीमारियों से बचाव संभव है, यदि समाज और व्यक्ति दोनों ही स्तर पर गंभीर प्रयास किए जाएँ। भोजन में ताजे फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें और कम वसा वाला भोजन शामिल किया जाए। नमक, चीनी और तैलीय भोजन का सेवन सीमित किया जाए।

# जीएसटी में कटौती: आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत



**डॉ मणिकांत झा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए गए संकेतों के अनुरूप जीएसटी में सुधार की नई पहल पर 3 सितंबर को मुहर लगी वहीं इसे अब 22 सितंबर से लागू करना तय माना जा रहा है। जीएसटी में सुधार के इस नई पहल से जहां आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी वहीं अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगा। नये सुधारो के अंतर्गत दैनिक उपभोग की आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बड़ी कटौती की गई है। इन चीजों पर टैक्स को 12 फीसदी और 18 फ़ीसदी से घटकर सीधे 5 फीसदी के निर्धारित स्लैब में शामिल किया गया है ।जिससे यह स्पष्ट होता है कि जीएसटी के इस नए सुधारो में आम उपभोक्ताओं को सुविधा मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया है। वास्तव में इस नए कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंच सके इसमें सरकार की भूमिका भी निहित है।वैसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबंधित पक्षों से संवाद कर आम जनों तक इसका लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई है।

वस्तुत~जीएसटी दरों में कमी से दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ती होगी ,इससे आम उपभोक्ताओं की बचत बढ़ेगी ,जिसका सीधा असर मांग में वृद्धि होगी। उत्पादन में वृद्धि होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे फिर बचत में वृद्धि होगी और अंततः इस आर्थिक प्रक्रियाओं से सुधारो को बल मिलेगा ।आर्थिक सुधारो को गति मिलेगी फलस्वरूप आम आदमी, किसान, उद्यमियों, निम्न व मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में स्वाभाविक रूप से सुधार आएगा। जीएसटी कटौती के नए प्रावधानों में चार की जगह अब दो स्लैब ही रखे गए हैं। जिसमें दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुएं जो आम उपभोग के लिए है उसे 18 व 12 फ़ीसदी के जीएसटी दरों के बदले नई प्रावधान के अंतर्गत सिर्फ पांच फीसदी जीएसटी लगेगी। इस तरह उपभोक्ताओं को सात फीसदी या उससे अधिक की बचत होगी। निश्चित रूप से इस बचत से उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होना तय है तभी वह अन्य वस्तुओं की सुविधा लेने के लिए बाजार में मांग करेंगे। नई जीएसटी के प्रावधानों के अंतर्गत 375 वस्तुओं व सेवाओं पर जीएसटी दर कम होना तय है। इतना ही नहीं कुछ अनिवार्य एवं जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी को हटा दिया गया है। जिसमें दवा सहित जरूरी मेडिकल उपकरण को भी शामिल किया गया है। वही पुरानी 12 फ़ीसदी जीएसटी स्लैब में शामिल 99 फ़ीसदी वस्तुएं निकाल कर पांच फ़ीसदी वाले स्लैब में शामिल किया गया है। जबकि पुरानी 28 फ़ीसदी स्लैब के अंतर्गत आने वाले अधिकांश वस्तुओं को 18 फ़ीसदी स्लैब में शामिल कर दिया गया है। जिससे यह प्रमाणित होता है कि जीएसटी में कटौती का प्रावधान आम जनों ,किसानों व मध्यम वर्ग के कठिनाइयों को ध्यान में रखकर ही किया गया है जिससे ऐसे वर्गों का हित सुरक्षित किया जा सके।

दूसरी ओर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जीएसटी के इस नए दर के लागू होने के बाद सरकार के राजस्व में कमी आएगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस कमी की पूर्ति वस्तुओं की बढ़ती हुई मांग से की जा सकती है। वैसे सरकार के अन्य राजस्व स्त्रोत को बढ़ाकर भी इसकी पूर्ति तत्काल किया जा सकता है। आर्थिक घटनाओं की दृष्टि से दीर्घकाल में भी इसका लाभ लोगों को दिया जा सकता है। मुडी के द्वारा दिए गए अपनी रिपोर्ट में यह स्वीकार किया गया है कि जीएसटी के नई दरों से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा जिसका सकारात्मक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर दिखेगा ।वही सरकार के आय पर प्रतिकूल प्रभाव भी देखने को मिलेगा यानी सरकारी कोष पर बोझ बढ़ेगा। रिपोर्ट में इस बात का संकेत है कि महंगाई पर नियंत्रण पाना आसान होगा हालांकि सरकार की रेवेन्यू में 48000 करोड रुपए तक की कमी हो सकती है।

जो भी हो जीएसटी के नये स्लैब में किसानों को बड़ी राहत दी गई है। खाद पर 12 फ़ीसदी या 18 फ़ीसदी लगने वाले टैक्स की जगह अब सिर्फ 5त्न टैक्स देना होगा वही बीज और फसल के लिए जरूरी पोषक तत्व पर टैक्स 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी कर दिया गया है। बिजली के कुछ खास उपकरण पर भी टैक्स 28 फ़ीसदी से घटकर 18 फ़ीसदी हो जाएगा ।जबकि जूते चप्पल और कपड़ों पर जीएसटी 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी कर दिया गया है ।निश्चित रूप से नये स्लैब के अंतर्गत किसानों व आम जनों को इससे काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा नमकीन, भुजिया और मिक्सर पर टैक्स 18 परसेंट से घटकर 5त्न हो जाएगा जबकि बादाम पिस्ता काजू और खजूर अब सामान्य लोग भी उपयोग में ला सकेंगे। इस पर पहले 12 फ़ीसदी टैक्स लगता था जो अब पांच फ़ीसदी टैक्स लगेगा। इस प्रकार दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर बड़ी कटौती कर राहत दी गई है जबकि स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा प्रीमियम पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा।




इस प्रकार जीएसटी कटौती में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों के हितों को देखते हुए ही जरूरी सामानों की कीमतों में कटौती की गई है। इस श्रेणी की अधिकांश वस्तुएं 12 फ़ीसदी से घटकर 5 फ़ीसदी स्लैब में शामिल किया गया है।

आम उपभोक्ता के साथ वस्तुओं की खरीद में किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो इसके लिए भी सरकार सचेत है। विशेष व्यवस्था की अंतर्गत वस्तु के उत्पादन करने वाली कंपनियों को अपने पुराने और बिना बिके सामग्री पर पुराने मूल्य के साथ नया बाजार मूल्य लिखना भी अनिवार्य कर दिया है ताकि उपभोक्ताओं के साथ कोई कपट ना किया जा सके। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया पोर्टल प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि किस उत्पाद पर कितना बचत होगा।

निस्संदेह भारत ने जीएसटी में सुधार को लेकर एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है। जिससे आम जनों को राहत मिलेगा वहीं अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम परिवारों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमत में कमी आएगी साथ ही क्रय शक्ति में भी वृद्धि होगी लेकिन इसके प्रति सरकार को अपनी जिम्मेदारियां को लेकर सचेत रहना होगा जिससे सुधरो का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंच सके ।इसके लिए एक टीम का गठन कर कंपनियों के गतिविधियों पर विशेष नजर रखना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनियों ने अपने उत्पादन एवं सेवाओं में उस अनुपात में कमी की है या नहीं जिस अनुपात में जीएसटी दरों में कटौती की गई है।

कहना ना होगा कि इस नए सुधार से भारत के आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा और यह अर्थव्यवस्था के लिए एक बूस्टर डोज की तरह काम करेगा। निश्चित ही भारत की स्थिति विश्व बाजार स्तर पर मजबूत होगी। आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा ऐसी पूरी संभावना है ।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएनएल वेंडरों ने दिया धरना, दो दिन में समाधान का मिला आश्वासन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीएसएनएल वेंडर एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को गोलमुरी स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर वेंडरों ने धरना-प्रदर्शन किया. अध्यक्ष बबलू झा के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में जिला कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर भी शामिल हुए. वेंडरों ने आरोप लगाया कि बिना सूचना कमीशन का हिस्सा काटा जा रहा है. एसएलए के नाम पर मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है, ओटीटी सेवा बंद होने के बावजूद वेबसाइट पर उसका प्रचार जारी है और तकनीकी खामियों से राजस्व हानि हो रही है. उन्होंने अकाउंट्स ऑफिसर संतोष कुमार के तबादले और जीएसटी भुगतान समय पर करने की भी मांग की. मुख्य महाप्रबंधक धरना स्थल पर पहुंचे और सभी समस्याओं को सुनते हुए दो दिनों में समाधान का आश्वासन दिया. वेंडरों ने चेतावनी दी कि यदि दुर्गा पूजा से पहले मांगें पूरी नहीं हुई तो इंटरनेट सेवा ठप कर दी जायेगी.

### ठगी के आरोपी के घर गढ़वा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने लाखों रुपये की ठगी के फरार आरोपी आलोक कुमार उर्फ आलोक कुमार मिश्रा के मानगो स्थित आवास पर सोमवार को इश्तेहार चिपकाया. इस दौरान गढ़वा पुलिस के एसआइ रवि शंकर मिश्र ने आरोपी के परिजनों से कहा कि वह सरेंडर करे, नहीं तो कोर्ट के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी. मामला 30 अगस्त 2024 का है. घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुकेश्वर प्रसाद ने कांडी थाना में केस दर्ज कराया था. मुकेश्वर से आरोपी ने दोस्ताना तौर पर कर्ज लिया था. बाद में वह किसी न किसी परेशानी में खुद को बता कर वादी से लाखों रुपये की ठगी कर ली. लेकिन जब रुपये देने का वक्त आया तो, वह मौके से फरार हो गया. उसके बाद मुकेश्वर ने कांडी थाना में केस दर्ज कराया.



### बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे राज्यपाल

**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज मंगलवार को बाबा नगरी देवघर पहुंचे. यहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद लिया. तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच उन्हें संकल्प दिलाया. इस दौरान राज्यपाल ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर विशेष पूजा की. पूजा-अर्चना के बाद जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया. इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सह मंदिर प्रभारी रवि कुमार, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. मालूम हो राज्यपाल देवघर एम्स की छठी वर्षगांठ को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे हैं.



### आयुष चेकअप कैंप में 109 मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

**पालोजोरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला आयुष समिति देवघर के बैनर तले सोमवार को सीएचसी के सामने आयुष हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ. दो दिवसीय इस कैंप में 109 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवा व चिकित्सकीय परामर्श दिया गया. आयुष कैंप में होम्योपैथ चिकित्सक डॉ जयशंकर झा व डॉ अशोक कुमार के अलावा योग प्रशिक्षक प्रदीप हेंब्रम व दिलीप हांसदा ने लोगों को कई तरह के योग व व्यायाम बताया, जिससे मरीज अपना स्वास्थ्य को बेहतर कर सके. मौके सहिया दुलारी देवी, बानी रानी सिंह, शाहीन हसन सहित अन्य लोग मौजूद थे. डॉ अशोक कुमार ने बताया कि दो दिवसीय कैंप के पहले दिन वात, नस रोग सहित अन्य मरीजों का इलाज किया गया. दुसरे दिन वृद्ध लोगों के लिए कैंप का आयोजन होगा. इसमें अधिक से अधिक लोग आए और कैंप का लाभ उठाएं.




### सोशल मीडिया पर गलत सूचना न फैलायें : इंस्पेक्टर

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में दुगार्पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सोमवार को रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. पुलिस निरीक्षक दयानंद साह ने सभी पूजा समितियों को अपने स्वयंसेवकों की सूची मोबाइल नंबर सहित थाना में जमा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की सलाह भी दी, ताकि शरारती तत्वों पर रोक लग सके. थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि रामगढ़, गम्हरिया हाट, महुबना और भालसुमर में लाइसेंस प्राप्त पूजा समितियां हैं, जबकि अन्य जगहों पर लाइसेंस नहीं है. चारों लाइसेंसी समितियों को लाइसेंस की फोटो कापी थाना में जमा कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में सुरक्षा के लिए पंडालों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और मेले में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया. बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने से बचने का अनुरोध किया. सभी पूजा समितियों को आग्रह किया गया कि वे थाना प्रभारी के संपर्क में रहें.

### दीपक के समान होते हैं शिक्षक : निदेशक

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री गुरुकुल कैरियर इंस्टूट्यूट में शिक्षक दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, झांकी, गायन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. संस्थान के निदेशक प्रीतम कुमार ने कहा कि शिक्षक दीपक के समान होते हैं, जो खुद जल कर विद्यार्थियों के जीवन को रोशन करते हैं. शिक्षकों के समर्पण से ही विद्यार्थियों व देश का विकास होता है. मौके पर संस्थान द्वारा 13 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा के प्रथम तीन विद्यार्थियों को 10-10 हजार प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया. इसमें प्रथम अभिषेक कुमार, द्वितीय पुष्पा कुमारी और तृतीय खुशी कुमारी के नाम शामिल हैं. मौके पर पर शिक्षक निलेश कुमार, सोनू साहू, अजय कुमार, अमन कुमार, रूपेश महतो, विद्यार्थियों में अशोक, इग्नेसियश, करमू, अल्बर्ट, रोहित, प्रिया, पूजा, संतोषी, शिवानी, नैंसी, नमिता, सुष्मिता आदि उपस्थित थे.

### प्रमोद अध्यक्ष व कुलदीप बने सचिव

**बानो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बानो प्रखंड के बोरोसेता में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक प्रमोद साहू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया. मौके पर आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रमोद साहू, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, सचिव कुलदीप सिंह, उप सचिव ब्रजेश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, उप कोषाध्यक्ष कलिंद्र सिंह, महामंत्री विकास साहू, उप महामंत्री राधेश्याम सिंह, संगठन मंत्री अमित सिंह, उप संगठन मंत्री पंचू साहू, संरक्षक अनूप साहू, बंटी सिंह, गोपाल सिंह को बनाया गया गया. मौके पर दिवाकर सिंह, जतन साहू, पवन साहू, लुकेश्वर सिंह, विजय साहू, संजय साहू, संजय सिंह आदि उपस्थित थे.

### मृतक के परिजन से मिले राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिंदापाथर थाना क्षेत्र के सालुका गांव निवासी उत्तम मंडल की हुई हत्या पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा सोमवार को उनके घर पहुंचे. बिंदापाथर थाना क्षेत्र के सालुका गांव निवासी उत्तम मंडल की हुई हत्या पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा सोमवार को उनके घर पहुंचे. मृतक के पुत्र गणेश मंडल से मुलाकात कर पार्टी की ओर से आर्थिक मदद भी की. कहा कि जब से राज्य में झामुमो की सरकार बनी है, तब से झारखंड की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. देखने को मिल रहा है कि सरकार का तंत्र जो प्रशासन है वह झामुमो के फ्रंटलाइन कार्यकर्ता के तरह काम कर रहा है. शासक दल के द्वारा ही अपने ही राज्य में अराजकता का वातावरण बनाया जा रहा है. कुछ दिन पहले नाला के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राउत अपनी पत्नी के साथ आ रहे थे.



# राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

## भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पालोजोरी प्रखंड मुख्यालय में किया विरोध प्रदर्शन

**पालोजोरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह की अगुवाई में प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना देकर झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों व बिगड़ती विधि व्यवस्था के खिलाफ विरोध जताया. इस अवसर पर राज्यपाल के नाम 16 सूत्री ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने व जनविरोधी नीतियों में सुधार की मांग की है. इसमें विभिन्न पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ता व नेता का जुटान प्रखंड परिसर में हुआ. वहीं, पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चा पर फेल है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधि व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है. जल्द ही इसमें सुधार नहीं हुआ तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन का रास्ता अपनायेगी. इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मौके पर पिंटू हालदार, संतोष साह, अजय शर्मा, सुनील दास, कामदेव यादव, त्रिवेणी मंडल, गौरा दास, सुशील साधु, रबी चार, गुलशन कुमार, सत्यवान पंडित, राजू पंडित, भूदेव यादव, मुन्नू यादव, रोशन साह, पवन मिर्धा, बाटूल रजवार, मिथिलेश राय, उत्तम राय, पिंटू मोदी, सलामत अंसारी, लोखाय मंडल, पंकज भदोरिया समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.




**ये हैं प्रमुख मांगें :**

राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में मुख्य रूप से सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने, रिम्स 2 का निर्माण कार्य खेतिहर जमीन के मालिकों को उजाड़ कर नहीं की जाये, संताल परगना में अवैध तरीके से पुलिस संरक्षण में हो रही गौ तस्करी पर रोक लगाई जाए, मंईया सम्मान योजना में दस लाख से ज्यादा महिलाओं का जो नाम हटाया गया है, उसे फिर से जोड़ा जाय, राज्य सरकार के द्वारा सभी बालू घाटों को कॉमर्शियल घाट कर दिया गया है, जिससे आने वाले समय में प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिल पायेगा, ऐसे में लोगों को बालू मिले इसकी व्यवस्था सरकार करें, किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कराया जाए, झारखंड में यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगायी जाये, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया मिल सके, जनता को जनता को निर्बाध मिले, खराब ट्रांसफॉर्मर अविलंब बदला जाये, झारखंड में एसआइआर को सख्ती से लागू किया जाये, ताकि अवैध बांग्लादेशियों को यहां से बाहर निकाला जा सके, राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था में अविलंब सुधार किया जाए, असंगठित मजदूरों के पलायन पर रोक लगाया जाए, विधवा, वृद्धा, दिव्यांगों का पेंशन 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये किया जाये, भारत सरकार द्वारा राज्य को दिये गये प्रधानमंत्री आवास को राज्य सरकार जल्द से जल्द धरातल पर उतारे, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में लाखों किसानों का नाम झारखंड सरकार द्वारा हटाया गया है. उनका नाम जल्द जोड़ा जाये, साथ ही क्षेत्र की सभी जलसहिया और सहिया को प्रोत्साहन राशि के जगह मानदेय लागू किया जाये और उनका स्वास्थ्य कराया जाये. हाइलाट्र्स : पूर्व विधायक रणधीर सिंह की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

# छेड़खानी की नीयत से घर में घुसे दो युवकों की हुई पिटाई

## स्थानीय लोगों ने पुलिस के हवाले किया, दोनों से पुलिस कर रही पूछताछ

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुमका के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हिजला रोड स्थित नाग मंदिर के पास घर में किशोरी के साथ छेड़खानी करने की नीयत से दो युवक के घुसने पर गृहस्वामी एवं स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई कर दी. यह घटना सोमवार सुबह की है. जानकारी मिलने पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया. दोनों युवक नशे में धुत्त थे. घटनास्थल मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रहने की वजह से नगर थाना की पुलिस ने दोनों को सौंप दिया. दोनों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पीड़िता के घरवालों के आवेदन का इंतजार कर रही है. जानकारी के अनुसार जरुवाडीह मुहल्ले के दो युवक आकाश राम और मनीष हांसदा को नशे की लत लगी हुई है. दोनों सुबह शाम नशे में डूबे रहते हैं. दोनों आये दिन सरकारी विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ने वाली किशोरी को स्कूल आते-जाते परेशान किया करते थे. किशोरी अपने ही विद्यालय की शिक्षिका के साथ रहकर पढ़ती है. कई बार दोनों ने उसके घर के बाहर भी हंगामा किया था. सोमवार की सुबह दोनों युवक नशे की हालत में किशोरी के घर घुस गये, उस समय शिक्षिका भी वहां पर मौजूद थी. युवकों ने छेड़खानी का प्रयास किया तो किशोरी ने शोर मचा दिया. इसके बाद शिक्षिका ने भी शोर मचाकर मदद मांगी. देखते ही लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी. नशे में होने की वजह से दोनों लेटकर बेहोशी का नाटक करने लगे. लोगों ने पिटाई के बाद नगर थाने की पुलिस को सूचित किया. जब पुलिस वहां पर पहुंची तो पता चला कि जिस जगह मारपीट की गयी है. वह क्षेत्र मुफस्सिल में आता है. इसके बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर आयी. थाना प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है. पीड़िता की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी.

### बाल-बच्चों के अधिकारों के लिए जी-जान से लड़ेंगे आंदोलनकारी

**दुमका नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रमंडलीय सम्मेलन रविवार को अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया. शुरूआत में आंदोलन के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इसमें आंदोलनकारियों को राजकीय मान्यता, सम्मान पेंशन, प्रतीक चिह्न, प्रमाण-पत्र, रोजगार गारंटी और सामाजिक सुरक्षा जैसी मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में तय किया गया कि सरकार की ओर से अब तक आंदोलनकारियों को उनका हक नहीं मिलने और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर 19 सितंबर को बिरसा चौक के पास विशाल धरना और जाम का आयोजन किया जायेगा. मुख्य अतिथि और मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने राज्य निर्माण के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाया, लेकिन आज भी उनके परिवार सोशल सिक्योरिटी और सम्मान से वंचित हैं. सरकार से आंदोलनकारियों को 50-50 हजार रुपये पेंशन, 15 लाख का समूह बीमा, 10 लाख की चिकित्सा सुविधा और टोल प्लाजा व रेल किराया माफी जैसी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराने की मांग की.

# निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मिलेगा संगठन में दायित्व

## कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज, सरैयाहाट में बोले प्रदेश प्रभारी के राजू

**सरैयाहाट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को सरैयाहाट प्रखंड कार्यालय परिसर में संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत कमेटियों की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र और देश के विकास के लिए संगठन को मजबूत करना आवश्यक है. उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कर्मठ और निष्ठावान कार्यकताओं को ही पदाधिकारी बनाया जायेगा. उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से आग्रह किया कि वे अपने गांव की समस्याओं को पंचायत कमेटी में रखें, उनकी नियमित बैठक करें और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें. साथ ही उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने ही मनरेगा लागू किया था और अब पेसा कानून का प्रारूप भी तैयार हो चुका है. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पंचायत स्तर पर 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है. बूथ स्तर पर बीएलओ नियुक्त किए जायेंगे. उन्होंने जिला अध्यक्षों से अपेक्षा जतायी कि वे जमीनी स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करें. पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि दीपावली के अवसर पर सभी घरों में दीप जलाया जायेगा और झंडा लगाया जायेगा, ताकि जनता में जागरुकता बढ़े. उन्होंने संविधान और आरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला. पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन और जनता के बीच विश्वास कायम करने की दिशा में अहम कदम है. उन्होंने सांसद पर सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करने का आरोप लगाया. वहीं चरकापाथर पंचायत की मुखिया प्रीति हांसदा ने कहा कि 15वीं वित्त आयोग की राशि न मिलने से पंचायतों में विकास कार्य ठप हैं. मंच का संचालन जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने किया. मौके पर देवघर जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रताप, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, पुरुषोतम सिंह, मतीन अंसारी, बिनोद यादव, रामदिवस जायसवाल, अख्तर हुसैन, पूर्व मुखिया बसंती मुर्मू, दीपक कुमार आदि मौजूद थे.




# आजसू प्रत्येक गांव में करेगी संगठन मजबूत, बैठक में लिया प्रस्ताव

## वार्ड संख्या 18 स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य की अध्यक्षता में हुई. इसमें जिले के सभी प्रखंडों से कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी दिखायी.

**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आजसू पार्टी की देवघर जिला कार्यसमिति की एक बैठक देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 18 स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष आदर्श लक्ष्य की अध्यक्षता में हुई. इसमें जिले के सभी प्रखंडों से कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी दिखायी. मुख्य अतिथि सह पर्यवेक्षक के रुप में जिला संयुक्त प्रभारी संजीव महतो व देवेंद्र महतो थे. संजीव महतो ने कहा कि आजसू सामाजिक न्याय और विकास के लिए एक नया आंदोलन करने करने जा रही है, जो सूबे की जनता को नयी राह दिखायेगी. देवेंद्र महतो ने कहा कि संगठन को पंचायत से लेकर गांवों तक विस्तार करने की जरूरत है. विशिष्ट अतिथि के तौर पर गोड्डा लोकसभा प्रभारी ब्रजमोहन कुमार, विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय सचिव ध्रुव प्रसाद साह थे. बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक प्रखंडों मे 500 सक्रिय पदाधिकारियों को संगठित करने के अलावा जिले की सभी 196 पंचायतों व 2662 गांवों तक संगठन विस्तार करने का प्रस्ताव लिया गया, साथ ही ग्राम प्रभारी व चूल्हा प्रमुख नियुक्त करने की भी रणनीति बनाने का प्रस्ताव लिया. कई कार्यकताओं ने मोहनपुर व देवीपुर प्रखंड से मो अल्ताफ अंसारी की अगुवाई में आजसू की सदस्यता भी ग्रहण की. मौके पर अल्ताफ अंसारी, लोकनाथ केशरी, रवि कांत झा, अविनाश कुमार, डब्लू राउत, सुभाष कुमार, विराज सिंह, रफाकत अंसारी, संतोष कुमार, अमजद अंसारी, नइम अंसारी, चंदन कुमार, दिलकश अंसारी, सुनील कुमार, मो अर्सलान, खालिद अंसारी, सत्तार अंसारी, सलीम अंसारी, अतीक अंसारी, छोटू अंसारी आदि मौजूद थे.




### मध्यस्थता दोनों पक्षों के लिए लाभकारी : पीडीजे

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीडीजे सह डीएलएसए अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि ने जिले भर में मध्यस्थता द्वारा विवादों का निश्चित समय सीमा के भीतर जल्द तथा आसान तरीकों से निष्पादन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. मध्यस्थता लचीला और अनौपचारिक प्रक्रिया है, क्योंकि इसमें साक्ष्य प्रक्रिया के नियम बाध्यकारी नहीं होते हैं. इसमें हुई चर्चा को गोपनीय रखा जाता है. यह आपसी संबंध में सुधार और उन्हें पुनः स्थापित करने में सहायक होता है. इसके द्वारा वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता विवाद, वैवाहिक या पारिवारिक विवाद, रोजगार या कार्य स्थल से जुड़े विवाद, चेक बाउंस तथा कुछ विशेष आपराधिक विवादों के अलावा अन्य विवादों का भी निबटारा समझौता के आधार पर किया जाता है. मध्यस्थता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत पारा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा शहर, गांव, पंचायत के मुख्य स्थानों पर बैनर लगाकर तथा संबंधित पंपलेट का वितरण कर मध्यस्थता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है.

# सालुका गांव में एक व्यक्ति की रॉड से मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बिंदापाथर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने सालुका गांव में उत्तम मंडल (45) का शव बरामद किया है. बताया जाता है कि उत्तम मंडल की हत्या कर सालुका गांव के ही टोला बड़डंगाल के समीप जंगल में फेंक दिया गया था. घटना की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गयी. हत्या की सूचना पाकर सालुका सहित कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी. सूचना पाकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण, पर भाजपा नेता माधव चंद्र महतो, अभय सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे. हत्यारे की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग पर सालुका गांव के सड़क पर धरने पर बैठ गए. नतीजतन करीब एक ड़ेढ़ घंटे तक नाला जामताड़ा वाया खैरा सड़क जाम रहा. बिंदापाथर थाना प्रभारी विकास कुमार यादव की ओर से लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोगों ने नहीं माना. मौके पर नाला एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव सिंह, नाला बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने लोगों को समझा बुझाकर धरना खत्म कराया. पुलिस ने शीध्र आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया. बताया जा रहा है कि मृतक के सक्रिय कार्यकर्ता थे. बदमाशों ने रॉड से मारकर हत्या की है. इधर समाचार लिखे जाने तक थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी. क्या कहते हैं थाना प्रभारी- मामले में अनुसंधान किया जा रहा है. आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा. पुलिस जांच में जुट गयी है.



### 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक होगा सांसद खेल महोत्सव : प्रदीप वर्मा

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद खेल महोत्सव को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस की. बताया कि जब से इस देश का बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाला है, विभिन्न प्रकार के परिवर्तन देश में देखने को मिले. पिछली बार दुमका सांसद सुनील सोरेन ने भी बहुत अच्छा आयोजन किया था. अब भारत सरकार ने सांसद खेल महोत्सव का एक वेबसाइट लांच किया है.

# महिलाओं व किशोरियों के बीच बांटे गये सेनेटरी पैड

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस पर ठेठईटांगर प्रखंड के रुगड़ाबहार व गोरियाबहार गांव में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया. कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रूप से उपस्थित थीं. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, उर्मिला केर-केट्टा, प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, सुचिता तिर्की, ज्योति मिंज, संगीता एक्का, महिमा कुल्लू, तारामणि सोरेंग, अनिता तोपनो और प्रीति एक्का समेत महिला मोर्चा की कई कार्यकर्ता शामिल थीं. जोसिमा खाखा ने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, हम महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और उत्थान के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं. हर महिला को यह अधिकार है कि वह न केवल सुरक्षित महसूस करें, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका मजबूती से निभायें.

# जलडेगा में 1954 से हो रही है दुर्गा पूजा

**जलडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जलडेगा में दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है, यहां पर 1954 से पूजा की जा रही है. श्री दुर्गा पूजा की शुरूआत जलडेगा थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी गोरखनाथ सिंह व जमादार की पहल पर की गयी थी. इसमें जलावर अग्रवाल, होशियारी साहू, शिखरचंद जैन, परमानंद जैन, बनारसी गोयल, रामनिवास अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, चांदमल अग्रवाल, महावीर साहू, महेश साहू, बनारसी गोयल, बनारसी साहू, बेचु नायक, हेमशरण सिंह, विश्वनाथ साहू, बाबूलाल साहू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. उस समय मिट्टी से दुर्गा मंडप बनाया जाता था तथा प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती थी. बंगाल के अनिल सूत्रधार द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा बनायी गयी थी. दुर्गा पूजा के पहले अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल व सचिव महेश साहू बनाये गये थे. पुरोहित की भूमिका वंशीधर तथा बोछोपति महराज ने निभायी थी. कालांतर में श्री दुर्गा पूजा पर 1962 से स्थानीय लोगों द्वारा दुर्गा पूजा में धार्मिक नाट्य की प्रस्तुति की जाने लगी, जिसमें राजा हरिश्चंद्र, लवकुश, सीता वनवास, वीर अभिमन्यु, राजा भर्तृहरि, कृष्ण सुदामा संवाद, दानवीर कर्ण समेत विभिन्न धार्मिक नाटकों की प्रस्तुति की जाने लगी, जिसे देखने के लिए काफी दूर-दराज से भी लोग आते थे. 1972 के आसपास मिट्टी से ही स्थायी दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया. साथ ही श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया, जो आज तक जारी है. स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री राम लीला की प्रस्तुति नवमी तक की जाती है. इसी बीच 1990 से रावण कुंभकर्ण दहन कार्यक्रम होने लगा.

# पूजा पंडाल पर ड्रोन कैमरों से की जायेगी निगरानी : एसडीपीओ

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. इस अवसर पर एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी ने कहा कि दुगार्पूजा के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा. थाना परिसर में दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. इस अवसर पर एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी ने कहा कि दुगार्पूजा के दौरान सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा. सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी. वहीं, मनचले लड़के और सामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाइक पेट्रोलिंग और पेट्रोलिंग गाड़ी की संख्या और बढ़ाया जाएगा, ताकि दुगार्पूजा के समय में किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी ना हो. कहा कि पुलिस प्रशासन हर स्तर पर निगरानी रखेगी. उन्होंने शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की. मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे. पूजा के दौरान कोई समस्या हो तो करें सूचित : थाना प्रभारी कुंडहित. दुगार्पूजा को लेकर बागडेहरी थाने में शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता बागडेहरी थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने की. बैठक में दुगार्पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन में शांति समिति की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है. पूजा के दौरान कोई समस्या हो तो कॉल के माध्यम से सूचित करेंगे, ताकि जल्द से जल्द उसका समाधान किया जा सके. कहा कि विसर्जन के समय का जो रूट निर्धारित है उसी निर्धारित रूट का उपयोग करना है. सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी अफवाह ना फैलाएं. छोटी-छोटी घटनाओं पर उत्तेजित नहीं होना है. अफवाह फैलाने वालों पर आवश्यक कानूनी करवाई की जायेगी. कहा कि विसर्जन के समय डीजे बजाएंगे तो साउंड निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए. आपसी विवाद को सामाजिक विवाद में नहीं बदलना है. थाना प्रभारी ने अपील की कि कहीं भी विवाद होने की संभावना है तो जरूर सुचित करें. उन्होंने गाइडलाइन का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण ढंग से दुगार्पूजा मनाने की अपील की. पंडाल के अंदर व बाहर लगायें सीसीटीवी : थाना प्रभारी विद्यासागर. करमाटांड़ थाना परिसर में सोमवार को दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी ने की. बैठक में करमाटांड़ प्रखंड प्रमुख छोटेलाल कोल, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र मंडल शामिल हुए. थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा पंडालों में सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जायेगी.



## भारत अमेरिका से खरीदेगा समुद्री गश्ती विमान पी-8आई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही पी-8आई गश्ती विमानों की नई डील पक्की होने के आसार हैं। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों और विमान बनाने वाली बोइंग कंपनी का एक संयुक्त दल मंगलवार को भारत आ रहा है। जो भारतीय नौसेना के लिये छह पी-8आई विमानों के 4 अरब डॉलर के सौदे पर बातचीत करेगा। नौसेना के पास पहले से 12 पी-8आई गश्ती विमान हैं। अमेरिका से हुए सौदे के तहत 2009 में 8 और 2016 में 4 पी-8आई विमान लिये गए थे। इसके बाद नौसेना ने और विमान खरीदने की इच्छा जताई थी। पिछले हफ्ते ही अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से



हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. को हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए तीसरा इंजन मिला था। संकेत साफ हैं कि टैरिफ वॉर पर रिश्तों में आई तल्खी के बाद अब अमेरिका और भारत के रक्षा संबंधों में फिर गर्माहट दिख रही है। पी-8आई समुद्र में गहराई तक छुपी पनडुब्बी को ढूंढ़कर निशाना बना सकता है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों के बीच यह टोही विमान काफी अहम है। यह एक बार में 8,300 किलोमीटर तक की उड़ान भर सकता है। खुफिया जानकारी इकट्ठा कर सकता है। इसमें टॉरपीडो, हार्पून एंटी-शिप मिसाइलें और शक्तिशाली मल्टी मिशन सर्फेस सर्च राडार भी लगे होते हैं। भारत इस विमान का इस्तेमाल सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी गतिविधियों की स्पष्ट तस्वीरें लेने के लिए भी करता रहा है।

## सहारा ग्रुप की कंपनियों ने कैसे डकार लिया लाखों निवेशकों का पैसा? ईडी ने बताई पूरी बात




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि जनता से जुटाए गए जमा धन से खरीदी गई सहारा ग्रुप की कई संपत्तियों को 'गुपचुप' ढंग से नकद लेनदेन के जरिये निपटाया जा रहा था। संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में छह सितंबर को कोलकाता की विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। इसमें सहारा ग्रुप के शीर्ष प्रबंधन में शामिल कार्यकारी निदेशक अनिल वी अब्राहम और लंबे समय से समूह से जुड़े प्रॉपर्टी ब्रोकर जितेंद्र प्रसाद वर्मा को आरोपी बनाया गया है। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। ईडी ने कहा, ''जांच में सामने आया है कि सहारा समूह की कई संपत्तियों का निपटान भारी नकद लेनदेन के माध्यम से गुप्त तरीके से किया जा रहा था। जांच में यह भी स्थापित हुआ है कि अब्राहम और वर्मा ने अन्य लोगों के साथ मिलकर ऐसी संपत्तियों के निपटान में अहम भूमिका निभाई।'' ईडी ने आरोप लगाया कि सहारा समूह जनता से धन जुटाकर 'पोंजी' (चिटफंड) योजनाएं चला रहा था। जमाकर्ताओं को परिपक्वता राशि लौटाने के बजाय जबरन पुनर्निवेश कराया गया और खातों में हेराफेरी कर गैर-भुगतान को छिपाया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा, ''आखिरकार समूह की चार सहकारी समितियों पर भारी देनदारियां डाल दी गईं। वहीं वित्तीय क्षमता न होने के बावजूद जमाकर्ताओं से राशि जुटाना जारी रखा गया। राशि का इस्तेमाल बेनामी संपत्तियां बनाने, कर्ज देने और निजी इस्तेमाल के लिए किया गया और जमाकर्ताओं को उनका वैध बकाया नहीं मिल पाया। इस बीच, उच्चतम न्यायालय ने 12 सितंबर को सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं को बकाया चुकाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास जमा 24,000 करोड़ रुपये में से 5,000 करोड़ रुपये जारी करने का आदेश दिया।

# जीएसटी में सुधारों से कंज्यूमर सेक्टर को मिल सकती रफ्तार

### ग्रामीण मांग पर दबाव कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी मांग और जीएसटी सुधारों के चलते वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में उपभोक्ता कंपनियों के नतीजे बेहतर होने की उम्मीद है। सिस्टेमैटिक्स रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपभोक्ता वस्तुओं में मामूली वृद्धि देखी गई है। वहीं विवेकाधीन खर्च अभी भी कोविड-पूर्व स्तरों से नीचे बना हुआ है।

वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजे सुस्त रहे, लेकिन तिमाही-दर-तिमाही सुधार पहले से ही दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घटती महंगाई, सप्लाई चेन का सामान्य होना और त्योहारों के मौसम की मांग, दूसरी छमाही में सेक्टर की रिकवरी को गति देंगे। उपभोक्ता वस्तुओं की कंपनियों ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में



राजस्व में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वहीं बिक्री में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दोनों संकेतक क्रमिक रूप से थोड़े बेहतर रहे। संकेत दिखे, जबकि ग्रामीण मांग स्थिर रही। हालांकि, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों ने जूस, कार्बोनेटेड पेय, आइसक्रीम, डेयरी, सन और स्किन केयर उत्पाद, और पेंट जैसी श्रेणियों पर असर डाला।

**ग्रामीण मांग की स्थिति नाजुक:** हालांकि, ग्रामीण मांग अब भी नाजुक स्थिति में बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण बाजारों में रिकवरी आय वृद्धि से नहीं, बल्कि महंगाई घटने के कारण दिखाई दे रही है। ग्रामीण परिवारों की खपत अब भी सरकारी ट्रांसफरों पर निर्भर है। घटती बचत, बढ़ता खाद्य खर्च और बढ़ती अनौपचारिक उधारी दबाव को और बढ़ा रही है। मजबूत मानसून ने कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिया है, लेकिन फसलों की कम कीमतें कृषि आय को सीमित कर रही हैं। ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास में मामूली सुधार हुआ है। वहीं शहरी विश्वास अभी भी निराशाजनक बना हुआ है। फिर भी, शहरों में गैर-जरूरी खर्च में फिर से वृद्धि होने लगी है।

### वॉल्यूम मांग में सुधार की उम्मीद

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति में कमी और व्यापक वितरण के कारण वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में वॉल्यूम मांग में सुधार की उम्मीद है। खाद्य और पेय पदार्थों को भी संभावित जीएसटी दरों में कटौती का लाभ मिल सकता है।

## शेयर खरीदने की मची लूट

### ओला ने सरकार से मांगी 400 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में सबसे आगे चल रही ओला इलेक्ट्रिक ने सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत करीब 400 करोड़ का क्लेम फाइल किया है। यह दावा वित्तीय वर्ष 25 में कंपनी की लगभग 3,000 करोड़ की बिक्री के आधार पर किया गया है। यही वजह है कि ओला इलेक्ट्रिक मोबाइलिटी का शेयर 15 सितंबर को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ है। शेयर की कीमत वर्तमान में करीब 60.50 पर ट्रेड कर रही है, जो पिछले बंद भाव से लगभग 3 प्रतिशत की बढ़त को दर्शाती है। आइए इसकी डिटेल्स जानते हैं।

स्कीम के तहत कंपनियों को लोकल मैन्युफैक्चरिंग और रेगुलेटरी मानकों का पालन करने पर इंसेंटिव दिया जाता है। ओला ने अपने प्रोडक्शन और बिक्री दोनों में इस मानक को पूरा किया है। यही वजह है कि कंपनी को बिक्री के लगभग 13-14 प्रतिशत के बराबर राशि यानी करीब 400 करोड़ इंसेंटिव मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि ओला इलेक्ट्रिक पिछले साल भी इस स्कीम के तहत इंसेंटिव पाने वाली एकमात्र टू-व्हीलर कंपनी थी। अब लगातार दूसरे साल भी ओला ने पीएलआई-योग्य बिक्री में टॉप पोजिशन हासिल कर अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। हाल ही में ओला इलेक्ट्रिक ने घोषणा की कि उसकी जनरल 3 स्कूटर लाइनअप को पूरी तरह से पीएलआई-स्कीम के नॉर्म्स के तहत प्रमाणित किया गया है।

### इन्हीं संभावनाओं और चुनौतियों पर मंथन के लिए एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन

# कानपुर के लेदर हब का सफर लंबा, वैश्विक बाजार में मिल रही नई पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश के विकास में बहुआयामी योगदान दे रहे हैं। यह क्षेत्र जहां लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है, वहीं नवाचार, स्थानीय विकास और क्षेत्रीय उद्योगों को भी गति देता है। इन्हीं संभावनाओं और चुनौतियों पर मंथन के लिए एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन कर रहा है। इस मंच पर एमएसएमई के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आसान वित्तीय पहुंच, सप्लाई चेन आधुनिकीकरण, निर्यात बढ़ोतरी, कौशल विकास और नीति सुधार जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ गहन चर्चा करेंगे। कानपुर में स्वस्थ्य फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन 16 सितम्बर को शाम 4 से 6 बजे तक होगा। इसका अयोजन स्थल आईआईए ऑडिटोरियम, औद्योगिक क्षेत्र, साइड नंबर 1 दादा नगर है। इस कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार और विकास के क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख लोग शिरकत करेंगे। एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का उद्देश्य देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए भविष्य की ठोस रणनीतियां तय करना है। इस दौरान विशेषज्ञ फंडिंग



के नए विकल्प, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकें, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर विस्तार से विचार साझा करेंगे। कॉन्क्लेव में खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, एमएसएमई को वैश्विक बाजार से जोड़ने और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उपायों पर भी जोर रहेगा। इस तरह के मंच न केवल एमएसएमई सेक्टर की मजबूती के लिए अहम हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करने में भी मदद करेंगे। कानपुर समेत देशभर के उद्यमियों के लिए यह अवसर नई तकनीक, आधुनिक वित्तीय विकल्पों और वैश्विक बाजार की जरूरतों को समझने का होगा। इस आयोजन में उद्योग, व्यापार और विकास जगत से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि शिरकत करेंगे और अपने अनुभव व सुझाव साझा कर एमएसएमई क्षेत्र को नई दिशा देने में योगदान देंगे।

### कानपुर का चमड़ा उद्योग

कानपुर, जिसे कभी 'लेदर हब' कहा जाता है, आज भी चमड़ा उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। प्रदेश सरकार और केंद्र की योजनाओं ने इस पारंपरिक उद्योग को नई ऊर्जा दी है। एमएसएमई टेक सेंटर और कानपुर फुटवियर पार्क जैसे संस्थान तकनीकी सहयोग और आधुनिक ढांचे के जरिए उद्यमियों को नई दिशा दे रहे हैं। वहीं यूपीएसआईडीए और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत चमड़ा उद्योग को वैश्विक पहचान दिलाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। कानपुर के उद्योग जगत में सुपरहाउस लिमिटेड, मिर्जा इंटरनेशनल, रेड टेप जैसी अग्रणी कंपनियां अपनी गुणवत्ता और निर्यात नेटवर्क के जरिए दुनिया भर में 'कानपुर लेदर' की अलग पहचान बना रही हैं।

### एक ऑर्डर और रॉकेट हो गए सुजलॉन एनर्जी के शेयर

## 2 प्रतिशत से ज्यादा की आई तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी के शेयर रॉकेट हो गए। दोपहर 12 बजे तक इसमें 2 फीसदी से ज्यादा तक की तेजी आ गई। इस शेयर में यह तेजी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड से मिले एक बड़े ऑर्डर के कारण आई है। सुजलॉन को वित्त वर्ष 2026 का सबसे बड़ा ऑर्डर मिला है, जो 838 मेगावाट का है।

यह ऑर्डर सुजलॉन के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा ऑर्डर है। कंपनी इस प्रोजेक्ट को तीन राज्यों में पूरा करेगी। इससे कंपनी के ऑर्डर बुक में काफी बढ़ोतरी होगी और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में उसकी ग्रोथ और भी बेहतर होगी। मंगलवार दोपहर 12 बजे यह शेयर 1.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 59.10 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कंपनी ने बताया कि यह 838 एमडब्लू का प्रोजेक्ट टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट का हिस्सा होगा। इसमें सुजलॉन 266 मेड इन इंडिया एस144 विंड टर्बाइन लगाएगी। हर टर्बाइन की क्षमता




3.15 एमडब्लू होगी।

यह प्रोजेक्ट कर्नाटक (302 एमडब्लू), महाराष्ट्र (271 एमडब्लू) और तमिलनाडु (265 एमडब्लू) में फैला हुआ है। इससे पता चलता है कि सुजलॉन बड़े पैमाने पर क्लीन एनर्जी सोल्यूशंस देने में सक्षम है। इन सोल्यूशंस को ग्रिड में आसानी से इंटीग्रेट किया जा सकता है। ग्रिड का मतलब है बिजली का नेटवर्क।

# अमेरिकी टैरिफ भी नहीं हिला सका हमें

### रोक सको तो रोक लो..., देश के एक्सपोर्ट में आई तेजी, ट्रंप को होगी चिढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के व्यापार के लिए अच्छी खबर है। अगस्त 2025 में जहां देश का एक्सपोर्ट (निर्यात) बढ़ गया तो वहीं इम्पोर्ट (आयात) में कमी आई है। यानी अब सामान से ज्यादा बाहर जा रहा है। भारत ने अगस्त 2025 में कुल मिलाकर 69.16 अरब डॉलर का निर्यात किया। यह पिछले साल के अगस्त महीने से 9.34 प्रतिशत ज्यादा है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के डेटा से यह जानकारी मिली है। अगस्त 2024 में यह आंकड़ा 63.25 अरब डॉलर था।

अगस्त 2025 में सामान का निर्यात 32.89 अरब डॉलर से बढ़कर 35.10 अरब डॉलर हो गया। वहीं, सेवाओं का निर्यात 30.36 अरब डॉलर से बढ़कर 34.06 अरब डॉलर हो गया। इसका मतलब है कि दोनों ही क्षेत्रों में बढ़ोतरी हुई है। इस बार अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता थी, फिर भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। अगस्त में आयात में गिरावट आई है। अगस्त में व्यापार घाटा घटकर 9.88 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल यह 21.73 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा कम होना अच्छी बात है, क्योंकि इसका मतलब है कि हम निर्यात ज्यादा कर रहे हैं और आयात कम। भारत ने अगस्त 2025



में 79.04 अरब डॉलर के सामान और सेवाएं आयात कीं। पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 84.99 अरब डॉलर था। इस बार आयात कम हुआ है। अगस्त में निर्यात बढ़ने के कई कारण हैं। इलेक्ट्रॉनिक सामान, इंजीनियरिंग का सामान, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद और दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन हुआ। रत्न और आभूषणों का निर्यात 15.57 प्रतिशत बढ़कर 2.31 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल यह 2 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 6.54 प्रतिशत बढ़कर 4.20 अरब डॉलर हो गया। वहीं दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 6.94 प्रतिशत बढ़कर 2.51 अरब डॉलर हो गया। ऐसा इसलिए हुआ।

### निर्यातकों को मिली मदद

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापार नीति की अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय निर्यातकों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। यह दिखाता है कि सरकार की नीति सफल रही है। इसका मतलब है कि सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनसे निर्यातकों को मदद मिली।

### कैंसर से जीती जंग...

# फटे कपड़ों से बनाया 20 करोड़ का कागजी साम्राज्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है रितु ऋचा जैन की। उनकी गिनती अब गुजरात की सफल महिला उद्यमियों में होती है। वह मूल रूप से रांची से हैं। रितु ने हिम्मत और लगन की मिसाल पेश की है। उन्होंने कैंसर जैसी बीमारी को हराकर पुरुषों के वर्चस्व वाले उद्योग में खुद की अलग पहचान बनाई है। सूरत में रहकर रितु ने कपड़ों के कबाड़ यानी टेक्सटाइल वेस्ट को रीसाइकल किया। इससे इको-फ्रेंडली स्टेशनरी और पेपर उत्पादों का प्रीमियम ब्रांड खड़ा किया। उनकी कंपनी का नाम पेपरडम है। इसकी नींव 2012 में रखी गई थी। अब यह 20 करोड़ का सफल वेंचर बन चुकी है। आइए, यहां रितु ऋचा जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### जिंदगी में आया सबसे मुश्किल दौर

37 साल की उम्र में जब उनका कारोबार फल-फूल रहा था, रितु को स्टेज 2 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। यह उनके जीवन का सबसे कठिन दौर था। इलाज के दौरान बाल और त्वचा का झड़ना, शारीरिक बदलाव और सबसे बढ़कर सामाजिक भेदभाव ने उन्हें भीतर तक हिला दिया। लंबे समय तक वह खुद को दूसरों से दूर रखती थीं। लेकिन, इस मुश्किल घड़ी में उन्होंने हिम्मत जुटाई और सोशल मीडिया पर अपनी कहानी साझा की। ऐसा करने से उनके मन का बोझ हल्का हुआ और उन्हें दुनिया का सामना करने की ताकत मिली। आज उनका इलाज पूरा हो चुका है और वह पूरी तरह से ठीक होने की राह पर हैं। आज पेपरडम 20 करोड़ की कंपनी बन चुकी है। इसका 80 प्रतिशत रेवेन्यू अपनी वेबसाइट से आता है। बाकी अमेजन, अमाला अर्थ जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से। कंपनी 4,000 वर्ग फीट के क्षेत्र में काम करती है। इसमें 750 वर्ग फीट का एक स्टोर भी शामिल है।

### आसान नहीं थी शुरुआत

रितु रांची में 40 सदस्यों के संयुक्त परिवार में पली-बढ़ीं। उनके पिता का प्रिंटिंग का बिजनेस था। उनकी मां गृहिणी हैं। रितु ने टी एंड टीवी हाईस्कूल, वीवी नगर से पढ़ाई की। 2005 में उन्होंने बीएससी की डिग्री हासिल की। 2007 में गुजरात यूनिवर्सिटी से एमएससी किया। 2007 में उन्हें बॉम्बे में जूनियर रिसर्च फेलोशिप मिली। लेकिन, 2009 में उन्होंने अपनी असली पहचान की तलाश में इसे छोड़ दिया। 2011 में वह जयपुर के सांगानेर गईं। वहां उन्होंने पेपर बनाने की एक वर्कशॉप में भाग लिया। यह अनुभव उनकी जिंदगी बदल देने वाला था। रितु ऋचा जैन ने 2012 में 25 लाख रुपये के निवेश से पेपरडम की नींव रखी। इस पैसे में उनकी अपनी बचत, पेंटिंग से कमाई गई रकम और ससुर से मिली मदद शामिल थी। शुरुआत में पेपरडम का मुख्य काम कागज बनाना था, जिसे वह थोक में डीलरों को बेचती थीं। शुरुआती दिन बेहद मुश्किल थे। 2012 में सस्टेनेबल और रीसाइकिलिंग जैसे शब्द भारत में आम नहीं थे। लोग उनके प्रोडक्ट खरीदने को तैयार नहीं थे। पहले साल में उन्हें एक भी ग्राहक नहीं मिला। रितु को पुरुषों के दबदबे वाले इस उद्योग में अपनी जगह बनाना और मजदूरों को संभालना भी एक बड़ी चुनौती थी।

### कबाड़ से बनाया कागज

रितु की कंपनी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह कपड़ों के कबाड़, मिलों के धागों और केले के रेशों को रीसाइकल करके पेपर बनाती है। कंपनी हर महीने 10 से 15 टन कपड़े के कबाड़ को रीसाइकल करती है। रितु ने अपने इस अनोखे कच्चे माल को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। 2020 में उन्होंने थोक पेपर बेचने के बजाय खुद के तैयार उत्पाद बनाने का फैसला किया। उन्होंने 30 तरह के आइटम लॉन्च किए। इनमें नोटबुक, प्लानर, स्केचबुक और गिफ्ट हैंपर शामिल थे। इस कदम से उनकी सीधी पेपर बिक्री 80 प्रतिशत तक घट गई।

### 410 करोड़ किराया! दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स ने

## बेंगलुरु में भी लीज पर लिया ऑफिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक की भारतीय यूनिट ब्लैकरॉक सर्विसेज इंडिया ने बेंगलुरु के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में एक नया ऑफिस किराए पर लिया है। यह ऑफिस एमजी रोड पर स्थित इंडिक्यूब सिम्फनी में है और लगभग 143,000 वर्ग फीट में फैला है। यह डील 10 साल के लिए है और इसका कुल किराया 410 करोड़ रुपये है। हाल के समय में यह देश में सबसे बड़े एंटरप्राइज फ्लेक्सिबल स्पेस ट्रांजैक्शन में से एक है। प्रोपस्टैक द्वारा शेयर किए गए एक लीज डॉक्यूमेंट के अनुसार, यह लीज इस महीने की शुरुआत में रजिस्टर हुई थी और यह 1 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगी। ब्लैकरॉक 2.72 करोड़ रुपये का मासिक किराया देगी, जो 190 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से होगा। इसके लिए 21.75 करोड़ रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट भी जमा की जाएगी। यह एग्रीमेंट टावर के तल+5 फ्लोर को कवर करता है और इसमें हर साल किराए में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। एक सूत्र ने बताया कि यह



ट्रांजैक्शन इस बात को साबित करता है कि बेंगलुरु सीबीसी अभी भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा जगह है। इंडिक्यूब ने इस डील पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह प्रॉपर्टी इंडिक्यूब के एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इंडिक्यूब ने बेंगलुरु सीबीसी में तीन टावरों में 320,000 वर्ग फीट स्पेस खरीदा है। यह 15 साल का प्रोजेक्ट है जिसमें रेनोवेशन और अपग्रेडेशन किया जाएगा। इसे इंडिक्यूब सिम्फनी के नाम से जाना जाएगा। इसका उद्देश्य एंटरप्राइज किरायेदारों को प्रीमियम मैनेज्ड वर्कस्पेस देना है। मार्च तक इंडिक्यूब 15 शहरों में 115 सेंटर चला रहा था। यह 8.4 मिलियन वर्ग फीट एरिया को मैनेज कर रहा था, जिसमें 186,719 सीटें थीं। बेंगलुरु में 65 सेंटर और 5.43 मिलियन वर्ग फीट जगह थी। इससे यह इंडिक्यूब का सबसे बड़ा बाजार बन गया। भारत के ऑफिस मार्केट में फ्लेक्स स्पेस एक मुख्यधारा की कैटेगरी के रूप में उभरा है।

999999999999999999_page 12 29.05.2025.qxd 16-09-2025 21:26 Page 1



# बारिश से निचले इलाके के लोग हुए पानी-पानी

## नगर निगम और विद्युत विभाग का सिस्टम हुआ फेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भले ही राजधानी रांची को स्मार्ट सिटी का तमगा मिल गया हो लेकिन सोमवार की शाम करीब पांच बजे से शुरू हुई वर्षा ने शहर को पानी पानी कर दिया है। नगर निगम और विद्युत विभाग का पूरा सिस्टम ध्वस्त हो गया। आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। शहर के कई निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आलम यह रहा कि करीब चार घंटे तक हुई झमाझम वर्षा के कारण कांटाटोली बहुबाजार के बीच सड़क किनारे गड्ढे में एक स्कार्पियो-एन गाड़ी गिर गई। स्कार्पियो कार पर सवार लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया। शहर के हर गली मोहल्ले में जलजमाव ने आमजनों की परेशानी बढ़ा दी है।

पंचशील नगर, पंडरा, इमामकोठी, डिसलरी पुल कोकर, हिंदपीढ़ी क्षेत्र, बांधगाड़ी, बड़ा तालाब क्षेत्र, सेवा सदन, किशोरगंज, अपर बाजार समेत कई अन्य जगहों पर वर्षापात के बाद गंभीर स्थिति बनी हुई है। वहीं, रिम्स के बाहर ट्रामा सेंटर के पास तालाब के आसपास के क्षेत्र में जलजमाव हो गया है।

जिस कारण एंबुलेंस की आवाजाही भी प्रभावित है। इस सड़क से होकर हरेक दस मिनट पर एक एंबुलेंस गुजरती है और शाम ढलने के बाद पर्याप्त लाइट की व्यवस्था नहीं होने से आमजनों के साथ साथ मरीज व उनके स्वजन तक परेशान हैं।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र रांची से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को राज्य के निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी के साथ साथ उत्तर पूर्वी क्षेत्र देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, साहिबगंज और उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में कहीं कहीं भारी वर्षा को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि इन जिलों में यह स्थिति 19 सितंबर तक बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्षापात के साथ साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के बहने और बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता दिखी। लगभग सभी स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि कहीं कहीं भारी वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 152 मिमी दुमका में हुई। वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पाकुड़ में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकार्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 30.5 डिग्री जबकि

## सबसे अधिक दुमका में तो सबसे कम रांची में हुई वर्षा

न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

बता दें कि दुर्गा पूजा को लेकर शहर में उत्सवी माहौल बनना शुरू हो गया है लेकिन वर्षापात के बाद शहर में लगातार उत्पन्न हो रही विषम स्थिति ने दुकानदारों का पसीना निकाल दिया है। बाजार में खरीदारी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है जबकि 22 सितंबर से दुर्गा पूजा की शुरूआत हो जाएगी।

ऐसे में कयासों का बाजार भी गरमाने लगा है, दुकानदारों ने बताया कि वर्षापात के बाद शहर की सड़कों पर जलजमाव हो जाता है और ग्राहक आना पसंद नहीं करते हैं। समय पर नालों से ठोस कचरे की उड़ाही नहीं होने का ही परिणाम है कि हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने के बाद ही नाले का गंदा पानी उफनकर सड़कों पर आने लगता है। स्थिति यही रही तो अबकी बार दुर्गा पूजा की रौनक बाजार में कम देखने को मिलेगी।

शहर में सोमवार की शाम लगातार हुई वर्षा के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। शहर के कई क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने के कारण बिजली गुल होने की समस्या देखने को मिली। कोकर के कब्रिस्तान के पास तार में शार्ट सर्किट होने से कोकर के कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा शहर के पुंदाग, नामकुम, चुटिया, सामलौंग, टाटीसिलवे, तुपुदाना, बूटी, बीआइटी, खेलगांव, मांडर, रातू आदि क्षेत्र में बिजली का आना-जाना लगा रहा।

सोमवार को चुटिया के ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशाप के बाहर बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर लेकर ग्रामीण पहुंचे दिखाई पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने पैसे से ही गाड़ी किराया कर टीआरडब्ल्यू तक ट्रांसफार्मर मरम्मत करने के लिए पहुंचे है। इसके अलावा ट्रांसफार्मर खुलवाने के लिए भी बिजली मिस्त्री को अतिरिक्त रुपये का भुगतान करना पड़ा है।

वहीं टीआरडब्ल्यू के इंचार्ज कपिल अंसारी से इस संबंध में बार-बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कपिल अंसारी का विभागीय नंबर बंद मिला। बता दें कि शहर में हर बार वर्षा होते ही पूरा सिस्टम ध्वस्त हो जाता है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मैनपावर और संसाधन की कमी के कारण बार-बार आकाशीय बिजली गिरने के कारण ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाता है। यह सिलसिला जारी है।

शहर में ग्रिड में पिछले दो दिनों से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मरम्मत के कार्य में करोड़ रुपये विभाग महीने में खर्च करता है। इसके साथ ही अलग-अलग फीडर में मरम्मत के कार्य के लिए शट-डाउन लिए जाते है।

# तेज रफ्तार हाइवा ने छीनी मासूम की जिंदगी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हरिहरगंज ,पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के एनएच-139 बेलोदर मोड़ सुरभि होटल के समीप सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में मां-बेटी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए औरंगाबाद ले जाने के क्रम में घायल बेटी प्रीति रानी (15 वर्ष) ने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छतरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हाइवा (संख्या बीआर 25 जीए 9831) ने अचानक सामने सड़क पार कर रहे एक बकरे को बचाने के प्रयास में वाहन को तेजी से दाहिनी ओर मोड़ लिया। इसी दौरान सामने से आ रही टेंपो से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में कोलुहाड़ा गांव की प्रमिला देवी (40 वर्ष), उनकी पुत्री प्रीति रानी (15 वर्ष) तथा अररुआखुर्द गांव निवासी टेंपो चालक अजीत पासवान (30 वर्ष) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज पहुंचाया गया।ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रमिला देवी और प्रीति रानी की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही प्रीति रानी ने दम तोड़ दिया। वहीं, टेंपो चालक अजीत पासवान सीएचसी में इलाजरत है।हादसे के बाद एनएच-139 पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम हटवाकर यातायात बहाल कराया।

# एसपी ने शहीद जवानों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## परिजनों को बंधाया ढांढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद,पलामू।** पलामू की धरती ने हमेशा देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूत दिए हैं। इसी कड़ी में हाल ही में नक्सली मुठभेड़ में शहादत देने वाले हैदर नगर क्षेत्र के बरेवा और परता के अमर वीर जवानों को सोमवार को पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशने ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हुसैनाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद एसपी रीष्मा रमेशन शहीदों के परिजनों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने विनम्र भाव से पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया और परिजनों के दुःख में शामिल होते हुए ढांढस बंधाया। एसपी ने कहा कि शहीद जवानों ने देश और समाज की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पलामू पुलिस और पूरा जिला उनके परिवार के साथ खड़ा है।

एसपी के इस कदम से शहीद परिवारों की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने भी बताया कि उन्हें यह संतोष है कि उनके लाल ने मातृभूमि के लिए अपना प्राण न्योछावर किया। शहीदों के सम्मान में क्षेत्र का वातावरण गमगीन



होकर भी गर्व से भर उठा।शहीदों के प्रति एसपी की इस श्रद्धांजलि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पलामू के वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार जारी रहेगा।

# किन्नर गुटों के तनाव का मामला पहुंचा थाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** श्वेता किन्नर द्वारा बरवाअड्डा क्षेत्र अंतर्गत किसान चौक से पंडुकी तक सर्विस रोड के दोनों साइड में खड़े वाहनों एवं राहगीरों परेशान करने वाले आठ नकली किन्नरों को पकड़ कर धुनाई कर बरवाअड्डा पुलिस को सौंपने को लेकर सुनैना किन्नर गुट और श्वेता किन्नर गुट के बीच में तनाव हो गया। सोमवार शाम श्वेता किन्नर द्वारा बरवाअड्डा थाना पहूंच कर नकली किन्नरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई ना कर चेतावनी देकर छोड़ देने की बात कर थाना से धनबाद के लिए निकली।

श्वेता किन्नर ने बताया कि इस दौरान उदयपुर मोड़ के समीप सुनैना किन्नर अपने टीम के साथ पहुंचकर मेरे वाहन को रोककर घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गई। वाहन घेरते और गाली-गलौज करते देख स्थानीय लोग जुटने लगे।

लोगों को जुटते देख सुनैना किन्नर एवं उनकी टीम भाग निकली। इसके बाद श्वेता किन्नर बरवाअड्डा थाना पहूंच कर सुनैना किन्नर एवं उनकी टीम के खिलाफ आवेदन देकर गाली-गलौज एवं जान मारने की धमकी देने की आरोप लगाई है।

दिये आवेदन में श्वेता किन्नर ने कहा है कि बरवाअड्डा थाना से वापस घर लौटने के दौरान सुनैना किन्नर अपने 10-20 सहयोगियों के साथ थाना से जीटी रोड के बीच रास्ते में मेरी गाड़ी को रोक लिया और सोनाक्षी किन्नर,सोनम किन्नर, रीना किन्नर, मुस्कान किन्नर आदि ने गाली गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी।

साथ ही श्वेता किन्नर ने विश्वास जताते हुए कहा कि सुनैना किन्नर नकली किन्नरों से हफ्ता वसूली करती है और महीने का मोटी रकम लेकर नकली किन्नरों को साथ देती है। श्वेता किन्नर ने प्रशासन से जाल माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेड़ पर लटक रहा कद्दू बना कौतूहल का केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। आमतौर पर कद्दू को बेल पर लटकते देखा जाता है, लेकिन गिद्धौर प्रखंड के पहरा गांव निवासी किसान घनश्याम रजक के आंगन में यह फल सीधे पेड़ पर लदा दिखाई दे रहा है।

करीब 20 से 25 फीट ऊंचे इस पेड़ पर गोल-गोल कद्दू लटकते देख लोग हैरत में पड़ जाते हैं। यह दृश्य पूरे क्षेत्र में कौतूहल का विषय बना हुआ है।

किसान घनश्याम रजक बताते हैं कि करीब 12 साल पूर्व उन्होंने झारखंड के सरायकेला से यह पौधा मंगाया था। शुरूआत में उन्हें भी इसकी असलियत पर यकीन नहीं हुआ।

समय बीतने के साथ पेड़ पर जब कद्दू फलने लगे तो इसे देख लोग दंग रह गए। दूर से देखने पर यह आम के पेड़ जैसा लगता है, लेकिन पास जाने पर अमरूद जैसी पत्तियों वाला यह पेड़ पूरी तरह कद्दू से लदा नजर आता है।

घनश्याम बताते हैं कि इस पेड़ को हर साल लगाने की आवश्यकता नहीं होती। एक बार जड़ पकड़ने के बाद यह लंबे समय तक फल देता है। इस बार उन्होंने इसकी सब्जी बनाकर खाई। स्वाद भी बेहद लाजवाब है।

ग्रामीण बताते हैं कि अब वे भी इस पौधे की टहनी से इसे उगाने की योजना बना रहे हैं। इस पौधे को वैज्ञानिक



भाषा में ‍ॅकलाबसर‍ॅ कहा जाता है। यह मूल रूप से अमेरिका और उसके आसपास के देशों में पाया जाता है। इतना ही नहीं, यह सेंट लूसिया का राष्ट्रीय पौधा भी माना जाता है। वहां इसे बड़े चाव से खाया जाता है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि कलाबस में आयरन की मात्रा भरपूर होती है, जो खासकर महिलाओं के लिए लाभकारी है। इसका रस ठंडी तासीर वाला होता है, जिससे शरीर और मस्तिष्क को शांति मिलती है। यही वजह है कि विदेशों में स्वास्थ्यवर्धक फल के रूप में इसका प्रयोग किया जाता है। गिद्धौर का पहरा गांव इन दिनों इस अनोखे पेड़ के कारण चर्चा में है। आसपास के इलाकों से लोग इसे देखने उमड़ रहे हैं और मोबाइल में तस्वीरें कैद कर रहे हैं।

# पत्नीहंता चढ़ा पुलिस के हत्थे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हुसैनाबाद,पलामू। जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरडंडा गांव के टोला नावाडीह में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के निवासी मिथिलेश पाल ने अपनी पत्नी इंदु देवी (40 वर्ष) की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सोमवार को हुसैनाबाद एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मृतका के भाई पिंटू पाल (निवासी दरीहट, जिला रोहतास, बिहार) के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी पति मिथिलेश पाल ने रविवार को अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है।

एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है और विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 74/2025, धारा 103/(1) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल से मृतिका के शरीर का खून लगा काला रंग का ब्लाउज एवं खून लगा तकिया का कवर बरामद किया गया है।मौके पर एसडीपीओ एस.मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी पुअनि.नारायण सोरेन एवं पुअनि.सुरेन्द्र तिवारी मौजूद थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया। ग्रामीणों के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# घर वापसी अभियान को ले प्रदेश कांग्रेस कर रही मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** प्रदेश में कांग्रेस से नाराज चल रहे जिलास्तर के नेताओं की वापसी के लिए विशेष अभियान चल सकता है। पार्टी इसकी तैयारियों में जुटी है और किन्हीं कारणों से संगठन से दूर हो चुके लोगों को जोड़ने के मकसद से उन्हें पार्टी में बुलाने की तैयारियां जारी हैं। संगठन सृजन कार्यक्रम के समापन के बाद ऐसे लोगों को वापस लाने के लिए कार्यक्रम चलाया जाएगा।

पार्टी को मजबूत करने की कवायद के तहत यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इनमें उन लोगों को खास तौर पर लाने की तैयारी है जो पार्टी से नाराजगी के बावजूद दूसरे दलों में नहीं जाकर अपने क्षेत्र में स्वयं सक्रिय हैं। इसके बाद उन्हें वापस लाया जाएगा जो किन्हीं कारणों से दूसरे दलों में चले गए हैं।

पार्टी छोड़कर गए कई नेताओं ने वापसी के लिए आवेदन दे रखे हैं और इन आवेदनों पर इसी आयोजन के तहत विचार किया जाएगा। जिन प्रमुख लोगों का आवेदन पार्टी के पास पहुंच चुका है उनमें पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला का नाम प्रमुख तौर पर है। उन्हें कई बार सीनियर नेताओं से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मिलवा चुके हैं।

इसके अलावा लातेहार के जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके मानव सिन्हा, प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके आदित्य विक्रम जायसवाल आदि नेताओं को वापस लाने पर विचार किया जा रहा है। झारखंड में पार्टी को मजबूत करने की कवायद के तहत इन नेताओं की घर वापसी हो सकती है।

इसके अलावा पार्टी से नाराज लोगों को मनाने का सिलसिला भी चलेगा। नई कमेटी के नेतृत्व में टीम को सौंपी जाएगी कहीं अधिक जिम्मेदारियां। हालांकि, कोई बदलाव अब दुर्गा पूजा के बाद ही होगा। पार्टी पुराने कार्यकताओं को और अधिक मौका देना चाहती है, ताकि जमीन स्तर पर पार्टी की स्थिति मजबूत हो।

## फर्जीवाड़े की प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** सरकारी कार्यालयों में कैसे कर्मियों की सांठगांठ बिचौलिए कब्जा जमाए हैं और फर्जी सरकारी चिट्ठी सहित अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी राशि का गबन कर रहे हैं, इसका जीता जागता उदाहरण रामगढ़ स्थित जिला कल्याण पदाधिकारी का कार्यालय है।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाखों रुपये की राशि के गबन के मामले में वर्तमान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने विभाग के सप्लायर लातेहार निवासी मो अमजद हुसैन व आईडीबीइ बैंक के अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पूरे मामले का खुलासा तब हुआ, जब जिला कल्याण पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आठ लाख रुपये बैंक को लाभुक के खाते में राशि डालने के लिए पत्र जारी किया, लेकिन पत्र कार्यालय से बैंक न जाकर दूसरा पत्र जिला कल्याण पदाधिकारी के फर्जी दस्तखत के साथ 59 लाख रुपये की निकासी के लिए चला गया। यह शुक्र था कि इस आइडीबीआइ बैंक के सरकारी खाते में राशि कम थी। इस कारण राशि का हस्तांतरण नहीं हो पाया।

# भारी मात्रा में मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

## 25 किलो अफीम भेजी जाएगी गाजीपुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरायकेला ।** सरायकेला-खरसावां जिले के सीनी मोड़ स्थित आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट में झारखंड के विभिन्न जिलों से पिछले सात महीने में बरामद करीब 2800 किलोग्राम मादक पदार्थों को मंगलवार को नष्ट किया गया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर मंगलवार को देश भर में प्रतिबंधित मादक पदार्थों का विनष्टीकरण अभियान चलाया गया। इसकी निगरानी सीधे गृह मंत्रालय स्तर से की जा रही थी। इस क्रम में झारखंड नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि इस अभियान में 300 किलो गांजा, लगभग 2500 किलो डोडा और अन्य मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर 25 किलो अफीम को ट्रीटमेंट कर राजकीय अफीम फैक्ट्री गाजीपुर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे अभियान के दौरान सरकार की सभी गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया गया।

मौके पर सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुणायत, एनसीबी के सब जोनल डायरेक्टर राणा प्रताप यादव, सीनी ओपी प्रभारी राजेंद्र कुमार, कंपनी के प्लांट हेड आशीष सिंह और नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड झारखंड का एकमात्र बायो और इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट है जहां सरकारी मानकों के तहत वेस्ट का सुरक्षित निस्तारण किया जाता है। इससे पहले जनवरी माह में भी यहां झारखंड के विभिन्न जिलों से जब्त किए गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया गया था।

# हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनेगा झारखण्ड

## भविष्य की तकनीक पर हुई अहम चर्चा

## इलेक्ट्रिक भारी वाहनों के निर्माण पर भी पूरा जोर

## सरकार की नीतियों से मिल रहा बल

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*रांची । झारखंड को भविष्य की वाहन प्रौद्योगिकी, विशेषकर हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।*

*मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को टाटा मोटर्स के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें कंपनी ने जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन और इलेक्ट्रिक भारी वाहनों के निर्माण में अपनी प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स के इस ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट को राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है।*

*रांची में मुख्यमंत्री के कांके रोड स्थित आवास पर हुई इस बैठक में टाटा मोटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने हाइड्रोजन इंजन से चलने वाले ट्रक और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण से जुड़ी अपनी पहलों का ब्योरा दिया।*

*प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कंपनी किस तरह से जमशेदपुर प्लांट में नई तकनीक पर काम कर रही है। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य कंपनी की हरित प्रौद्योगिकी परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा करना और झारखंड में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार की रणनीतियों को साझा करना था।*

*बैठक में मुख्यमंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद रहे। टाटा मोटर्स की ओर से ग्लोबल हेड (गवर्नमेंट अफेयर्स) सुशांत चंद्रकांत नाइक, आपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विशाल बादशाह और टाटा कमिंस के प्लांट हेड अनितेश मोंगा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।*

*टाटा मोटर्स ने अमेरिकी कंपनी कमिंस के साथ मिलकर जमशेदपुर में देश का पहला हाइड्रोजन आंतरिक दहन इंजन (एच 2-आइसीई) निर्माण संयंत्र स्थापित किया है।*

*टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपीएल) के तहत स्थापित इस अत्याधुनिक प्लांट ने इसी साल मार्च 2024 से बी 6.7एच हाइड्रोजन इंजनों का उत्पादन भी शुरू कर दिया है, जिन्हें अब टाटा मोटर्स के ट्रकों में लगाया जाएगा। इस प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता चार हजार से अधिक हाइड्रोजन इंजन की है। इस विशाल परियोजना को झारखंड सरकार द्वारा 'मेगा-प्रोजेक्ट' का दर्जा दिया गया है, जिससे इसे सरकारी प्रोत्साहन नीतियों का भी लाभ मिलेगा।*



*टाटा मोटर्स का लक्ष्य अगले 25 से 30 वर्षों में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।*

*इस लक्ष्य को पाने के लिए कंपनी ने न केवल प्लांट स्थापित किया है, बल्कि अपने हाइड्रोजन ट्रकों का सड़क पर परीक्षण भी शुरू कर दिया है।*

*देश के प्रमुख माल ढुलाई गलियारों, जिनमें जमशेदपुर, मुंबई-पुणे और दिल्ली-एनसीआर जैसे मार्ग शामिल हैं, पर 16 हाइड्रोजन ट्रकों का 24 महीने तक चलने वाला ट्रायल जारी है। इन परीक्षणों का उद्देश्य वास्तविक भारतीय परिस्थितियों में इन वाहनों के प्रदर्शन का आकलन करना है।*

*हाइड्रोजन के साथ-साथ, टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के क्षेत्र में भी तेजी से काम कर रहा है। कंपनी छोटे इलेक्ट्रिक ट्रकों, जैसे टाटा एस ईवी के साथ लास्ट-माइल डिलीवरी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। इसके साथ ही, कंपनी देश भर में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रही है और अब तक 25 हजार से अधिक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर चुकी है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में आसानी हो।*

*झारखंड सरकार की नीतियां भी राज्य में हरित परिवहन को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य की 'झारखंड इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022' के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर ग्राहकों को सब्सिडी और रोड टैक्स में छूट जैसे कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाटा के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि सरकार भविष्य की इस तकनीक को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी के प्रयासों में पूरा सहयोग करेगी।*

CMYK

## जुनून और समर्पण तारीफ के काबिल

### पीएम मोदी ने वैषाली रमेशबाबू और आनंदकुमार वेलकुमार को दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैषाली रमेशबाबू ने लगातार दूसरी बार फिडे विमेंस ग्रां प्री स्विस खिताब अपने नाम किया। वहीं, आनंद ने सीनियर मेंस 1000 मीटर स्प्रिंट स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैषाली रमेशबाबू को फिडे विमेंस ग्रां प्री स्विस खिताब जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैषाली का जुनून और समर्पण प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने लिखा, शानदार उपलब्धि। वैषाली रमेशबाबू को बधाई। उनका जुनून और समर्पण काबिले-तारीफ है। उनके आने वाले प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

**लगातार दूसरी बार जीता खिताब**– भारतीय ग्रैंडमास्टर वैषाली रमेशबाबू ने लगातार दूसरी बार फिडे विमेंस ग्रां प्री स्विस खिताब अपने नाम किया। उन्होंने समरकंद में सोमवार को खेले गए 11वें और आखिरी राउंड में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन झोंगयी टैन के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस जीत के साथ उन्होंने विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह बना ली है।

### स्पीड स्केटिंग में भारत को पहला वर्ल्ड चैंपियन

प्रधानमंत्री मोदी ने एक और खेल उपलब्धि पर भी खुशी जाहिर की। उन्होंने सीनियर मेंस 1000 मीटर स्प्रिंट स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार को बधाई दी। पीएम मोदी ने लिखा, आनंद का हौसला, रफ्तार और जज्बा उन्हें भारत का पहला स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियन बनाता है। यह उपलब्धि अनगिनत युवाओं को प्रेरित करेगी। उन्हें बधाई और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## ऑपरेशन व्हाइट बॉल के बाद ICC के सामने भी पाकिस्तान क्लीन बोल्ड

**मांग खारिज**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 में करारी शिकस्त झेलने के बाद पाकिस्तान की एक बार फिर किरकिरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एशिया कप 2025 से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मांग को आधिकारिक तौर पर खारिज कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आईसीसी के संचालन या कानूनी विभाग की ओर से भेजे गए पत्र से स्पष्ट हो गया है कि रविवार को दुबई में भारत–



पाकिस्तान मैच के दौरान हुए हाथ न मिलाने के विवाद में मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की कोई भूमिका नहीं थी। आईसीसी ने पाकिस्तान के इस दावे का खंडन किया है कि मैच रेफरी भारतीय टीम की ओर से काम कर रहे थे। पीसीबी ने भारत–पाकिस्तान मैच के बाद आईसीसी से कहा था कि अगर जिम्बाब्वे के अधिकारी को उनके पद से नहीं हटाया गया, तो पाकिस्तान एशिया कप 2025 के अपने अगले मैच का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तान ने बुधवार को यूएई के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मुकाबला खेलना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीसीबी ने आईसीसी को लिखे पत्र में पाइक्रॉफ्ट को पद से हटाने की मांग की है।

**आईसीसी रैंकिंग में मची खलबली**

# स्टार भारतीय खिलाड़ी ने फिर हासिल किया नंबर-1 का ताज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा रैंकिंग का ऐलान कर दिया है। आईसीसी वूमेन्स बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने कमाल कर दिया है। स्मृति मंधाना ने 1 पायदान की छलांग लगाते हुए एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वर्ल्ड कप का आगाज से महज दो हफ्ते पहले मंधाना इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर नंबर-1 ओडीआई बल्लेबाज बन गई हैं।

स्मृति मंधाना को न्यू चंडीगढ़ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओडीआई सीरीज के पहले मैच में 58 रन की दमदार पारी का आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ। इस पारी की बदौलत उन्हें 7 रेटिंग पॉइंट्स मिले और वह इंग्लैंड की कप्तान से चार पॉइंट आगे निकल गईं।




### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार

मंधाना के अलावा भारत की प्रतिका रावल चार स्थान ऊपर चढ़कर 42वें नंबर पर पहुंची हैं, जबकि हरलीन देओल पांच पायदान की छलांग लगाकर 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टॉप-10 ओडीआई बल्लेबाजों की रैंकिंग में मंधाना एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। ओडीआई सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। बेथ मूनी तीन स्थान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंची। एन्नाबेल सदरलैंड और फोएबे लिचफील्ड ने अर्धशतक जमाकर 25वें स्थान पर संयुक्त रूप से जगह बनाई।

### स्नेह राणा ने लगाई 5 स्थान की छलांग

ओडीआई गेंदबाजों की रैंकिंग में भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। तेज गेंदबाज किम गार्थ एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गईं। स्पिनर अलाना किंग पांचवें नंबर पर पहुंच गईं हैं। भारत की ऑफ स्पिनर स्नेह राणा भी पांच स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन अभी भी नंबर-1 गेंदबाज बनी हुई हैं।

# लारा की शानदार वापसी, 56 साल की उम्र में दिखाया क्लास

**अपनी टीम के लिए खेली शानदार पारी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के महान बल्लेबाजों में शुमार ब्रायन लारा को क्रिकेट फैंस आज भी उनके बड़े-बड़े शॉट्स और लंबे शतक के लिए याद करते हैं. 17 साल पहले इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके लारा ने एक बार फिर बल्ले से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है. त्रिनिदाद एंड टोबैगो में आयोजित नॉर्थ जोन क्रिकेट काउंसिल ञ्20 फेस्टिवल में उन्होंने अपने बचपन की टीम हावर्ड स्पोर्ट्स क्लब के लिए खेलते हुए शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाई.

**बारिश से छोटा हुआ मैच**– डिएगो मार्टिन रिजनल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हावर्ड स्पोर्ट्स क्लब और इबोनी स्पोर्ट्स की टीमें आमने-सामने थी. पहले यह मुकाबला 20-20 ओवर का होना था लेकिन बारिश के कारण इसे घटाकर 15-15 ओवर का कर दिया गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए इबोनी स्पोर्ट्स ने 6 विकेट पर 100 रन बोर्ड पर लगा दिए और हावर्ड की टीम को जीत के लिए 101 रन का लक्ष्य दिया.

**जब मैदान पर आए लारा**– हावर्ड स्पोर्ट्स क्लब ने लक्ष्य का पीछा तेज शुरुआत के साथ किया, लेकिन स्कोरबोर्ड 48 पर पहुंचते ही टीम ने अपने दो विकेट गंवा दिए.

- **नाबाद पारी से जिताया मैच**– लारा ने 26 रन की नाबाद पारी खेली और साथी बल्लेबाज आंद्रे यार्ड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए अहम साझेदारी निभाई. उनकी पारी ने मैच का रुख पूरी तरह हावर्ड के पक्ष में कर दिया. आखिरकार हावर्ड स्पोर्ट्स क्लब ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया और विजयी रन भी लारा के बल्ले से ही निकला. इस तरह उन्होंने साबित कर दिया कि उम्र चाहे कुछ भी हो, क्लास हमेशा कायम रहती है.
- **भारत में भी दिखे थे एक्शन में**– ब्रायन लारा इसी साल की शुरुआत में भारत में खेले गए इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में वेस्टइंडीज मास्टर्स टीम की ओर से मैदान पर उतरे थे. उस टूर्नामेंट में उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी और उपविजेता रही थी.
- **लारा का करियर**– ब्रायन लारा ने 2007 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा था, लेकिन तब तक वह वेस्टइंडीज क्रिकेट का सबसे बड़ा नाम बन चुके थे. उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 131 मैच खेलते हुए 11,953 रन बनाए और आज भी वह वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. उनकी 400 रन की नाबाद पारी और 375 रन की पारी टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दर्ज हैं.

**शर्मनाक रिकॉर्ड!**

### टी20 में सबसे ज्यादा डक पर आउट होने वाले भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट को आमतौर पर तेज रन बनाने और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है, लेकिन इस छोटे फॉर्मेट में कभी-कभी बड़े से बड़ा खिलाड़ी भी बिना खाता खोले पवेलियन लौट जाता है. भारत के कई दिग्गज बल्लेबाजों ने टी20 इंटरनेशनल में ढेरों रिकॉर्ड बनाए हैं, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के नाम ऐसे रिकॉर्ड भी दर्ज हैं, जिन्हें वे शायद याद नहीं करना चाहेंगे. इनमें सबसे अहम है, सबसे ज्यादा 'डक' (0 रन पर आउट होना) का रिकॉर्ड.





**रोहित शर्मा - 12 डक**

भारत के हिटमैन और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रोहित शर्मा ने अपने करियर में कई बड़े शतक लगाए हैं, लेकिन उनके नाम इस फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा 12 डक भी दर्ज हैं. रोहित ने अब तक 159 मैच खेले हैं और 4231 रन बनाए हैं, जिनमें 5 शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं.

# एथलेटिक बिलबाओ को झटका

**पूरे सीजन बाहर रहेंगे मिडफील्डर बेनात प्राडोस**




**मैड्रिड, एजेंसी।** एथलेटिक बिलबाओ को 11 साल बाद चैंपियंस लीग में वापसी से ठीक पहले बड़ा झटका लगा है। मिडफील्डर बेनात प्राडोस को एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की गंभीर चोट लगी है। 24 वर्षीय प्राडोस पिछले हफ्ते ट्रेनिंग के दौरान अपना बायां घुटना चोटिल करवा बैठे थे, जिसके चलते उन्हें पूरे सीजन बाहर बैठना पड़ेगा। क्लब की ओर से बयान में कहा गया है, एथलेटिक क्लब की मेडिकल टीम की तरफ से किए गए टेस्ट से पता चला है कि फर्स्ट-टीम खिलाड़ी बेनात प्राडोस के बाएं घुटने के एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) में गंभीर चोट आई है। जल्द ही सर्जरी की तारीख तय की जाएगी। प्राडोस की फिटनेस को लेकर नियमित अपडेट दिए जाएंगे। कोच अर्नेस्टो वाल्वरडे की रणनीति में प्राडोस को मिकेल जौरेगिजार और चोटिल इनिगो रुइज डी गैलारेटा के बाद सेंट्रल मिडफील्ड में तीसरी पसंद माना जाता था। उनसे चैंपियंस लीग, ला लीगा, कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप जैसे टूर्नामेंट्स में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद की जा रही थी। एथलेटिक की यूथ एकेडमी से निकले प्राडोस ने पिछले सीजन 45 मैच खेले थे। दूसरे डिवीजन की टीम मिरांडेस के लिए लोन से लौटने के बाद पिछले सीजन में 33 मैच खेले थे। एथलेटिक क्लब मंगलवार शाम अपने चैंपियंस लीग अभियान की शुरुआत प्रीमियर लीग टीम आर्सेनल के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। इस मिडफील्डर की कमी को पूरा करने के लिए अर्नेस्टो वाल्वरडे एक और अनुभवी मिकेल वेस्गा और बी-टीम के एलेजांद्रो रेगो की मदद लेंगे।

चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण/लीग चरण में एथलेटिक क्लब ने आखिरी बार 2014/15 सीजन में हिस्सा लिया था। इससे पहले टीम 1998/99 में ही खेली थी। स्पेनिश टीम ने पिछले सीजन यूईएफए यूरोपा लीग के लीग चरण में अपने सभी चार घरेलू मैच जीते थे।

**पथुम निस्सांका का एशिया कप- 2025 में लगातार दूसरा अर्धशतक**

# श्रीलंका के बड़े खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के पथुम निस्सांका ने मौजूदा पुरुष टी20 एशिया कप 2025 में लगातार दूसरे अर्धशतक (68 रन) के बाद 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ ही निसांका ने कुसल मेंडिस और कुसल परेरा जैसे बड़ी श्रीलंकाई खिलाड़ियों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 50 से ज्यादा रनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। निसांका ने छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और पिछले 5 मैचों में अपना तीसरा और मौजूदा एशिया कप में दूसरा अर्धशतक जड़ा। 27 वर्षीय निसांका ने अपने 4 साल से कम के करियर में ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 50 प्लस रन बनाने का रिकॉर्ड बना लिया है। निस्सांका ने अभी तक कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक नहीं लगाया है। निस्सांका ने श्रीलंका के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17 बार पचास से ज्यादा रन बनाए हैं, जो इस प्रारूप में श्रीलंका के अनुभवी खिलाड़ी कुसल मेंडिस और कुसल परेरा से एक ज्यादा है।



### टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 50 से ज्यादा रन

पथुम निस्सांका - 17
कुसल मेंडिस - 16
कुसल परेरा - 16 (15 अर्धशतक, 1 शतक)
टीएम दिलशान - 14 (13 अर्धशतक, 1 शतक)
महेला जयवर्धने - 10 (9 अर्धशतक, 1 शतक)

बाबर आजम और विराट कोहली के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 39 अर्धशतक हैं।

# ईडी ने युवराज सिंह को भेजा समन

**23 सितंबर को पेश होने के लिए कहा, रॉबिन उथप्पा से भी होगी पूछताछ**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ियों युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा और अभिनेता सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के हवाले से मंगलवार 16 सितंबर को यह जानकारी दी।

**युवराज को 23 और उथप्पा को 22 सितंबर को बुलाया**– अधिकारियों ने कहा कि विश्व कप विजेता क्रिकेटरों युवराज सिंह (43 साल) और रॉबिन उथप्पा (39 साल) तथा सोनू सूद (52 साल) को '1एक्सबेट' नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अगले सप्ताह उनके बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि रॉबिन उथप्पा को 22 सितंबर को बयान दर्ज कराने को कहा गया है। युवराज सिंह को 23 सितंबर, जबकि सोनू सूद को 24 सितंबर को बुलाया गया है।

- **रैना और धवन से भी केंद्रीय जांच एजेंसी कर चुकी है पूछताछ**– केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस मामले में सोमवार को पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा इस मामले में अपने निर्धारित समन पर मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हुए, जबकि 1एक्सबेट की भारत की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को तय तिथि पर अब तक पेश नहीं हुईं।
- **कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से संबंधित है जांच**– यह जांच कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से संबंधित है। जिसके बारे में कहा गया है कि ऐप संचालन कंपनी ने कई लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है या भारी मात्रा में कर चोरी की है। कंपनी के अनुसार, 1एक्सबेट एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सट्टेबाजी ऐप है जो इस क्षेत्र में 18 वर्षों से कार्यरत है।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई के स्टार ट्रिपल एच ने किया बड़ा ऐलान, अब इस शो में करेंगे डेब्यू



**फैंस हो गए खुश**

नई दिल्ली, एजेंसी। डब्ल्यूडब्ल्यूई के चीफ कंटेंट ऑफिसर और दिग्गज रेसलर ट्रिपल एच के फैसलों का डब्ल्यूडब्ल्यूई पर हमेशा से प्रभाव रहा है। उन्होंने हाल ही में दो बड़ी घोषणाएं की हैं, जिनमें से एक ने फैंस को निराश किया और दूसरी ने उत्सुकता बढ़ा दी है। फैंस के बीच तरह-तरह के रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि ये घोषणाएं क्या हैं।

**सऊदी अरब में होगा डब्ल्यूडब्ल्यूई का सबसे बड़ा इवेंट**– ट्रिपल एच ने घोषणा की कि रेसलमेनिया 43 रियाद, सऊदी अरब में होगा। इस खबर से कई फैंस निराश हैं क्योंकि वे चाहते थे कि यह प्रतिष्ठित शो अमेरिका में ही हो या किसी यूरोपीय देश को पहली बार इसकी मेजबानी का मौका मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले अब धूप की तपिश से हाल बेहाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में सूरज की तपिश ने गर्मी बढ़ा दी है। अपनी पूरी ताकत दिखा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, इस सितंबर में पहली बार तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। वहीं आज आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे, लेकिन तेज धूप दिल्लीवालों को खूब परेशान करेगी। न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, जो रात में हल्की राहत दे सकता है। आईएमडी के ताजा अपडेट के मुताबिक, 17 से 21 सितंबर तक दिल्ली में अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 26 डिग्री के बीच रहेगा। इस दौरान बारिश की संभावना न के बराबर है, यानी दिल्ली को अभी सूखा और गर्म मौसम झेलना पड़ेगा। हालांकि, स्काईमेट वेदर की एक रिपोर्ट ने थोड़ा अलग अनुमान जताया है। उनके मुताबिक, 17 और 18 सितंबर को दिल्ली-एनसीआर में छिटपुट बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है, जो गर्मी से मामूली राहत दे सकती है। दिल्ली में मॉनसून अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, लेकिन अभी पूरी तरह विदाई नहीं ले रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 10 दिनों से दिल्ली में बारिश का नामोनिशान नहीं है, और यह सूखा दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। सामान्य तौर पर, दिल्ली से मॉनसून सितंबर के अंत तक विदा ले लेता है, लेकिन इस बार हल्की-फुल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे का निकास मार्ग बनेगा, करीब एक करोड़ रुपये होंगे खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डे पर बसों के निकास मार्ग के टूटने की वजह से प्रभावित हो रहा बसों का आवागमन जल्द ही सुचारू होगा। बस अड्डे का रखरखाव करने वाला डीटीआईडीसी 96 लाख रुपये खर्च कर निकास मार्ग का निर्माण कराएगा। यह मार्ग पानी की वजह से बार-बार क्षतिग्रस्त न हो, इस लिए इस बार सीमेंटेड सड़क का निर्माण कराया जाएगा। भारी वर्षा में हुए जलभराव की वजह से आनंद विहार बस अड्डे पर बसों का निकास मार्ग करीब एक महीने से बदहाल स्थिति में है। इस कारण डीटीसी की लो-फ्लोर ई-बसों को बस अड्डे के अंदर लाना और बाहर ले जाने में मुश्किलें हो रही हैं। गड्ढों की वजह से बसों में हो रही टूटफूट के कारण ड्राइवरों ने बसों को बस अड्डे के अंदर लाना ही बंद कर दिया है। दो शिफ्ट में डीटीसी और क्लस्टर की बसें यहां से करीब एक हजार ट्रिप लगाती थीं, लेकिन अब प्रत्येक शिफ्ट में महज 60 से 70 ट्रिप ही लग रही हैं। ई-बस ड्राइवर बस अड्डे के बाहर से ही बसों को वापस ले जा रहे हैं और आईएसबीटी के अंदर यात्री बसों का इंतजार करते रहते हैं। हिन्दुस्तान ने बस अड्डे की बदहाली और यात्रियों की परेशानी को 28 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### बाइक हटाने के लिए कहा तो छोड़ दिया कुत्ता, फिर लाठी डंडों से पीटा; दिल्ली में पूरे परिवार से हैवानियत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के यमुनापार का उत्तर पूर्वी जिला के थाना वेलकम इलाके में बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में हैवानियत की हद पार कर देने वाली वारदात सामने आई है। सुभाष पार्क में हुई ये वारदात रोंगटे खड़े कर देने वाली है। यहां बाइक हटाने के लिए कहने से नाराज़ पड़ोसी लड़कों नें एक परिवार पर पालतू कुत्ते से हमला करा दिया। साथ ही लोहे की रोड और डंडे से पिटाई कर डाली। इस मामले में महिला समेत 6 लोग घायल हुए हैं। एक शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित चेतन राठौड़ ने बताया कि रविवार रात तकरीबन 11-30 बजे गली के बाहर खड़ी बाइक को पार्किंग में लगाने के लिए उनके पिता 53 वर्षीय अरविंद राठौड़ गली में गए। उनके घर के बाहर पड़ोसी शालू स्वामी अपनी बाइक पर अपने दो साथियों के साथ बैठा हुआ था। पिता ने शालू स्वामी को बाइक हटाने के लिए कहा, जिससे नाराज होकर उसने अपने पड़ोसी के साथ गाली गलोच की। चेतन राठौड़ ने बताया कि इसके बाद उसके पिता ऊपर अपने घर फ्लैट में आ गए। चेतन राठौड़ ने कहा कि उसने शालू स्वामी को फोन कर पिता के साथ की गई बदतमीजी के बारे में पूछा तो उसने उसे नीचे बुलाया।

# दिल्ली का दम घोंट रहा ओजोन प्रदूषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में ओजोन प्रदूषण गर्मियों में भी दम घोंट रहा है। खासकर दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में हालात सबसे खराब हैं। राजधानी में दस ऐसे स्थान हैं जो हॉट स्पॉट बन रहे हैं। इस साल गर्मी के मौसम में इन स्थानों पर ज्यादातर दिनों में ओजोन प्रदूषण का स्तर औसत से ज्यादा रहा।

दिल्ली की हवा में आमतौर पर प्रदूषक कण पीएम 10 और पीएम 2.5 का स्तर सामान्य से ज्यादा रहता है। सर्दियों में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण का स्तर कम रहता है। लेकिन, अब इसमें भी बदलाव आ रहा है। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने इस वर्ष मार्च से मई के बीच अलग-अलग स्थानों पर ओजोन के स्तर का विश्लेषण किया। पता चला कि एनसीआर की ज्यादातर जगहों पर ओजोन का प्रदूषण बढ़ रहा है। नेहरू नगर इलाके में सभी 92 दिनों में ओजोन प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहा। ओजोन प्रदूषण के स्तर को औसत समय में मापा जाता है। एक दिन में आठ घंटे तक 100 माइक्रोग्राम का स्तर सामान्य है। पिछली गर्मियों की उपरोक्त अवधि में औसतन 12 घंटे जबकि इस वर्ष



14.2 घंटे ओजोन प्रदूषण मौजूद रहा। पिछले वर्ष औसतन 17.6 दिन ऐसे थे जब ओजोन प्रदूषण का स्तर ज्यादा था। इस साल यह बढ़कर 18.8 दिन हो गया।

सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रायचौधुरी ने बताया, इस बार 25 मई से 11 जून के बीच के 18 में से 12 दिन ऐसे रहे थे जब ओजोन ही प्रमुख प्रदूषक रहा। प्रदूषण की रोकथाम के लिए तैयार ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) में ओजोन के जोखिम को कम करने के लिए प्रावधान किए जाने चाहिए। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, नाइट्रोजन ऑक्साइड के प्रदूषक तेज धूप की मौजूदगी में वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) के कणों के साथ प्रतिक्रिया करके ओजोन का प्रदूषक बनाते हैं। एक बार बनने के बाद यह हवा में काफी देर तक मौजूद रहते हैं। इनकी रोकथाम के लिए वाहनों, उद्योगों व अन्य दहन स्रोतों से निकलने वाले गैसीय प्रदूषण पर रोकथाम का परामर्श दिया जाता है।

## दिल्ली का लाल किला पड़ रहा काला, प्रदूषण की मार से खो रहा अपना रंग; स्टडी में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की शान लाल किला, जिसकी दीवारों पर कभी मुगलों का शौर्य गूंजा करता था, आज प्रदूषण की काली छाया से जूझ रहा है। एक नए शोध में यह खुलासा हुआ है कि दिल्ली की जहरीली हवा इस ऐतिहासिक इमारत को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रही है। दिल्ली का लाल किला, जिसे 17वीं सदी में मुगल बादशाह शाहजहां ने बनवाया था, आज अपनी पहचान खोने की कगार पर है। भारतीय और इतालवी वैज्ञानिकों के एक संयुक्त अध्ययन में पता चला है कि वायु प्रदूषण के कारण इसकी लाल बलुआ पत्थर की दीवारों पर काली परतें जम रही हैं। ये परतें न केवल किले की खूबसूरती को फीका कर रही हैं, बल्कि इसकी संरचनात्मक अखंडता के लिए भी एक गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। यह स्टडी जून में प्रकाशित हुई थी। इस विस्तृत वैज्ञानिक जांच में 2021 से 2023 तक के वायु गुणवत्ता डेटा



का विश्लेषण किया गया। इसमें सामने आया कि दिल्ली में फाइन पार्टिकुलेट मैटर का स्तर राष्ट्रीय सीमा से ढाई गुना अधिक है, जबकि नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर भी सामान्य से ऊपर है, जो पत्थर के क्षरण को बढ़ा रहा है। वैज्ञानिकों ने किले के विभिन्न हिस्सों जैसे जाफर महल, मोती मस्जिद और दिल्ली गेट से नमूने एकत्र किए। इन नमूनों के विश्लेषण से पता चला कि ये काली परतें, जिप्सम, बसानाइट और वेडेलाइट जैसे पदार्थों से बनी हैं। इन परतों में सीसा, जस्ता, क्रोमियम और तांबा जैसी भारी धातुएं भी पाई गईं, जिनका स्रोत वाहनों से निकलने वाला धुआं, सीमेंट फैक्ट्रियां और निर्माण कार्य हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि ये काली परतें कुछ जगहों पर 0.05 मिलीमीटर से लेकर 0.5 मिलीमीटर तक मोटी हो गई हैं, खासकर उन दीवारों पर जो भारी ट्रैफिक वाले इलाकों की ओर हैं। ये मोटी परतें पत्थर से इतनी मजबूती से चिपक गई हैं कि इनके कारण सतह पर दरारें पड़ रही हैं और पत्थर उखड़ने का खतरा बढ़ गया है, जिससे लाल किले की बारीक नक्काशी को भी नुकसान पहुंच रहा है। इस शोध में आईआईटी रुड़की, आईआईटी कानपुर, वेनिस विश्वविद्यालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिक शामिल थे। यह अध्ययन भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और इटली के विदेश मंत्रालय के बीच एक सहयोग का हिस्सा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन लाल किले पर वायु प्रदूषण के प्रभाव को समझने वाला पहला शोध है।संरक्षण के लिए भी प्रभावी नीतियां और उपाय अपनाए जा सकते हैं।

## जेल तोड़कर भारत भागा बदमाश

**दिल्ली में 8 साल पहले किया था मर्डर, अब पुलिस ने दबोचा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक लंबे वक्त तक पीछा करने के बाद आखिरकार एक खूंखार फरार अपराधी को दबोच लिया है। नाम है अर्जुन एलियास भोला, जो नेपाल भाग गया था। नवंबर 2017 में दिल्ली के न्यू अशोक नगर में उसने अपनी कथित गर्लफ्रेंड की क्रूर हत्या कर दी थी। पीड़िता उसी इमारत में रहती थी जहां भोला का परिवार था। जब पीड़िता ने शादी से इनकार किया, तो भोला ने चाकू से हमला कर उसकी जान ले ली। उसके बाद वह फरार हो गया और नेपाल भाग गया, जहां वह पिछले 8 साल से छिपा हुआ था। भोला का अपराध सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं रहा। नेपाल पहुंचने के बाद वह एक स्थानीय दोस्त नौशाद के प्रेम प्रसंग के कांड में फंस गया। नौशाद का अफेयर एक शादीशुदा महिला से था, जिसकी मां ने इस रिश्ते का कड़ा विरोध किया। गुस्से में भोला ने महिला की मां पर चाकू से हमला किया, उसे घोंप दिया और सिर काट दिया - ठीक वैसा ही क्रूर तरीका जैसा दिल्ली वाली हत्या में अपनाया था। इस अपराध के लिए नेपाल की



अदालत ने उसे 25 साल की सजा सुना दी थी। लेकिन भोला जेल में भी चैन से नहीं रहा। पिछले हफ्ते नेपाल में जेन जेड प्रदर्शनों ने पूरे देश को हिला दिया। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ भड़की हिंसा में कम से कम 51 लोग मारे गए, जिसमें एक भारतीय भी शामिल था। इसी अराजकता के बीच नेपाल की जेलों से 12,000 से ज्यादा कैदी फरार हो गए। भोला भी इनमें से एक था। उसने जेल तोड़कर आजाद हो गया और भारत की ओर रवाना हो गया। दिल्ली पुलिस को खुफिया जानकारी मिली कि वह बिहार के रक्सौल बॉर्डर से नेपाल-भारत सीमा पार करने वाला है। तुरंत एक टीम तैनात की गई और भोला को सीमा पर ही दबोच लिया गया। भोला को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस ने शुरू में 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जो बाद में बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया। डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि भोला ने कक्षा 5 तक ही पढ़ाई की थी और दिल्ली में काम करता था।

नेपाल भागने के बावजूद क्राइम ब्रांच ने सालों तक उस पर नजर रखी। अब वह भारत लाया जाएगा और दिल्ली केस में मुकदमा चलेगा।

## जिनके कंधों पर हो रही थी शराब की तस्करी

**वो तीनों ऊंट अब दिल्ली के सरकारी आश्रय में बने मेहमान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने पिछले हफ्ते एक अनोखे तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया, जिसमें तीन ऊंटों को शराब की तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। ये ऊंट अब उत्तरी दिल्ली के बुलेवार्ड रोड पर तीस हजारी कोर्ट के सामने बने सरकारी पशु आश्रय में मेहमान बनकर रह रहे हैं। गुरुवार देर रात दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद से संगम विहार की ओर जंगल के रास्ते 2 हजार से ज्यादा शराब की बोतलें ढो रहे तीन ऊंटों को पकड़ा। इनके साथ पांच तस्कर भी धराए, जो इस अनोखे तरीके से पुलिस की नजरों से बचकर शराब की खेप ले जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, जंगल के रास्ते ऊंटों का इस्तेमाल इसलिए किया गया ताकि चेकपॉइंट्स से बचा जा सके और कोई शक न करे।

शनिवार को इन ऊंटों को दिल्ली सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स के आश्रय गृह में लाया गया। 7 हजार वर्ग गज में फैले इस आश्रय में ऊंटों को खास सुविधाएं दी जा रही हैं। दो ऊंट 30 फीट लंबे और 12 फीट चौड़े बाड़े में एक साथ रह रहे हैं, जबकि तीसरा, जो थोड़ा छोटा और जवान दिखता है, बगल के बाड़े में है। सोमवार को जब टीम वहां पहुंची, तो एक ऊंट जमीन पर बैठकर जुगाली कर रहा था, जबकि बाकी दो छत के पंखों के नीचे आराम फरमा रहे थे। उनके लिए कंक्रीट के गट्टर में घास और सूखा भूसा रखा गया था। खास बात ये कि सबसे बुजुर्ग ऊंट के गले में एक घंटी भी बंधी थी, जो उसकी मौजूदगी को और मजेदार बना रही थी। डीएसपीसीए के इस आश्रय में पांच बड़े बाड़े हैं। दो खाली हैं, एक में गायें हैं और बाकी दो में ये ऊंट मेहमान हैं। 14 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में ये जगह पशुओं के लिए एक सुरक्षित ठिकाना है, जहां जब्त किए गए या कटाई से बचाए गए जानवरों को रखा जाता है। एक अधिकारी ने बताया, ऊंटों को पुलिस ने दो चक्करों में ट्रक से यहां पहुंचाया।



पहले दो, फिर एक। इसके अलावा हमारे पास फ्लाईवे से बचाई गईं 100 से ज्यादा भेड़ें और 18 अन्य पशु भी हैं। आश्रय के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ऊंट पूरी तरह स्वस्थ हैं और दिन में दो बार इन्हें खाना दिया जा रहा है। पशु चिकित्सकों की निगरानी में इनका ध्यान रखा जा रहा है। एक ऊंट के पिछले बाएं पैर पर रस्सी से बंधने की वजह से हल्का घाव था, जिसका इलाज हो चुका है। अधिकारी ने कहा, शनिवार के बाद से कोई इन ऊंटों को देखने नहीं आया। इनका भविष्य कोर्ट तय करेगा। हो सकता है इन्हें आरोपियों के साथ रिहा कर उनके मालिकों को सौंप दिया जाए, या फिर अगले आदेश तक यहीं रहें।

## पत्नी के साथ घर देखने गया शख्स, दरवाजा खोलते ही दरवाजा खोलते ही मिली लाश

**ओहियो एजेंसी।**
हर कोई अपने सपनों का घर खरीदने का सपना देखता है लेकिन क्या हो अगर आपका सपनों का घर किसी भयानक राज़ को छुपाए हो? अमेरिका के ओहियो में एक कपल के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। एक शख्स अपनी बीवी के साथ घर खरीदने के इरादे से प्रॉपर्टी का मुआयना करने गया था लेकिन जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला अंदर का खौफनाक मंजर देखकर उनके होश उड़ गए।

यह घटना 10 सितंबर की है। एक रियल एस्टेट एजेंट ने कपल को घर की चाबी दी थी ताकि वे अकेले घर को देख सकें। जब वे पीछे के दरवाजे से अंदर गए तो उन्हें एक अजीब और भयानक बदबू महसूस हुई। जैसे ही वे कमरे में पहुंचे उन्होंने देखा कि फर्श पर एक बुरी तरह से सड़ी हुई लाश पड़ी है। इस खौफनाक मंजर को देखकर कपल बुरी तरह से डर गया और उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया।

पुलिस को सुबह 10 बजे डेल्फोस एवेन्यू पर स्थित घर से सूचना मिली। पुलिस सार्जेंट क्रेगी कोलमैन ने बताया कि लाश इतनी बुरी तरह से गल चुकी थी कि यह पता लगाना मुश्किल था कि वह कौन है। पुलिस को शक है कि शव कई दिनों से घर में पड़ा था। पड़ोस में रहने वाले डोनाल्ड अर्नोल्ड ने बताया कि पिछले दो हफ्तों से घर से असहनीय बदबू आ रही थी। उन्हें लगा था कि कोई जानवर मर गया होगा इसलिए उन्होंने करीब जाकर जांच नहीं की।

## रेजा-रेजा हो गए..., ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी मसूद अजहर के परिवार की मौत पर जैश कमांडर का कबूलनामा

**लाहौर, एजेंसी।**
ऑपरेशन सिंदूर का दर्द पाकिस्तान और आतंकवादियों के मन में अब भी बैठा है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के महीनों बाद जैश-ए-मोहम्मद के एक कमांडर ने कबूला है कि आतंकवादी संगठन के शीर्ष कमांडर मसूद अजहर के परिवार को बहावलपुर में जान गंवानी पड़ी।

इंटरनेट पर वायरल एक वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी को यह बताते हुए सुना जा सकता है कि कैसे भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों में घुसकर उन पर हमला किया। मसूद इलियास कहता है, आतंकवाद को गले लगाते हुए, हमने इस देश की सरहदों की हिफाजत की है। इसके लिए



दिल्ली, काबुल और कंधार से जंग लड़ी। अपना सब कुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को भारतीय सेना ने बहावलपुर में मार गिराया। बहावलपुर को निशाना इसलिए बनाया गया क्योंकि यह जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है। लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर, जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है, जिसे उस्मान-ओ-अली परिसर के नाम से भी जाना जाता है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से बैन आतंकवादी मसूद अजहर की तरफ से कश्मीर में जिहाद के नाम पर उकसाया जाता है। 2000 के दशक की शुरुआत में गठित जैश ए मोहम्मद पिछले 20 साल से भारत में आतंकी हमले कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि मसूद अजहर ने एक बयान जारी कर कबूला था कि भारतीय ऑपरेशन में उसके परिवार के 10 सदस्य मारे गए थे।

### खेत बचाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने हत्या के दोषी को दी 4 सप्ताह की आजादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में हत्या के दोषी करार दिए गए एक शख्स को फसल बचाने की छूट दी। अदालत ने चार सप्ताह के लिए पेरोल में वृद्धि कर दी ताकि वह 1.4 एकड़ खेत में लगी फसल को बाढ़ से हुए नुकसान को कम कर सके। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस अरुण मोंगा ने कहा कि बाढ़ से फसल को नुकसान भगवान का कृत्य है और याचिकाकर्ता प्रवीण राणा की मौजूदगी आवश्यक है ताकि वह परिवार के एकमात्र आय के साधन की रक्षा कर सके। जरूरी है ताकि वह अपने परिवार के एकमात्र आय के साधन की रक्षा कर सके। उसकी विधवा मां और दो छोटे बच्चे पूर्ण रूप से इस पर निर्भर हैं। अदालत ने इस बात का जिक्र किया कि बाढ़ का पानी अब नीचे उतर रहा है, खेत में लगी फसल को बचाने के लिए कई कदम उठाने की जरूरत है, जैसे उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव। अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता की मौजूदगी के बिना खेती की रक्षा प्रभावी रूप से नहीं हो सकेगी और उस पर निर्भर परिवार के लिए मुश्किलें होंगी।

## दोहा पर हमले से पहले नेतन्याहू ने ट्रंप को बता दिया था

**उन्होंने मना नहीं किया; दावे से हड़कंप**

**दोहा, एजेंसी।** इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में पिछले हफ्ते हमास के नेताओं पर हवाई हमला किया था। रिपोर्ट में अब दावा किया गया है कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसकी सूचना पहले ही दे दी थी। ट्रंप को यह जानकारी अटैक से करीब 50 मिनट पहले दी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 7 इजरायली अफसरों ने एक्सिओस को बताया कि व्हाइट हाउस को पिछले मंगलवार को मिसाइलें दागने से पहले खबर मिल गई थी। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले के बाद कहा था कि यूएस को दोहा स्ट्राइक की ठीक तरीके से चेतावनी नहीं मिली थी। उन्होंने कोशिश तो की मगर कतर को वार्निंग देने का समय ही नहीं मिला। वह इस घटना से बहुत नाराज भी हुए।

डोनाल्ड ट्रंप ने रिपोर्टर्स से कहा कि इजरायल को कतर के साथ डील करते वक्त बहुत सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कतर को यूएस का शानदार सहयोगी भी बताया। हालांकि, हमले को लेकर रिपोर्ट में जो दावा किया गया है वो ट्रंप के बयान से अलग है। इसमें कहा गया कि इजरायल ने जब नोटिस भेजा, तब ट्रंप के पास स्ट्राइक रोकने का पूरा टाइम था। तीन अफसरों ने बताया कि नेतन्याहू ने सुबह करीब 8 बजे ट्रंप को फोन किया और दोहा में धमाकों की पहली खबर इसके 50 मिनट बाद आई। सीनियर इजरायली अफसर ने एक्सिओस को कहा,



नेतन्याहू और ट्रंप के बीच पॉलिटिकल लेवल पर बात हुई। ट्रंप ने ना नहीं कहा। दूसरे अफसर का कहना था कि अगर ट्रंप रोकना चाहते तो रोक सकते थे, लेकिन प्रैक्टिकल में उन्होंने कुछ नहीं किया।

**इजरायल से भड़कीं अरब सरकारें**-दोहा में इजराली हमले में हमास के 5 गैर-प्रमुख सदस्य और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारे गए। हालांकि, टॉप लीडर्स सुरक्षित बच गए। अरब सरकारें अटैक से भड़क उठी हैं। सोमवार को इस हमले को लेकर आपातकालीन बैठक हुई, जिसमें इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध रखने वाले देशों के नेता शामिल थे। इस बैठक में यहूदी राष्ट्र की कड़ी निंदा की गई। इजरायल ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के जवाब में गाजा पर आक्रमण शुरू किया था।

## ट्रंप की मीडिया के खिलाफ जंग तेज

**न्यूयार्क एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार और उसके चार पत्रकारों के खिलाफ सोमवार को 15 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अदालत के दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमे में अखबार के दो पत्रकारों द्वारा लिखे गए और 2024 के चुनाव से पहले प्रकाशित कई लेखों और एक किताब का जिक्र है। इसमें कहा गया है कि ये ''राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण मानहानि करने की न्यूयॉर्क टाइम्स की दशकों पुरानी प्रवृत्ति का हिस्सा हैं। बयानों को लापरवाही से, बयानों के झूठ होने की जानकारी के साथ, और/या उनकी सच्चाई या झूठ की बेपरवाही से अनदेखी करते हुए प्रकाशित किया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार सुबह इस बारे में प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए भेजे गए ईमेल का तत्काल जवाब नहीं दिया। मुकदमे की घोषणा करते हुए 'ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर उनके बारे में झूठ बोलने और उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि यह रेडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट पार्टी का एक ''आभासी मुखपत्र बन गया है। ट्रम्प ने अन्य मीडिया संस्थानों पर भी हमला बोला है, जिसमें जुलाई में द वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया कारोबारी रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर करना भी शामिल है।

# उपायुक्त की पहल पर बैंक ने मानवीय आधार पर ग्राहक को लौटाया वाहन

## जनता दरबार में 63 मामलों पर की गई सुनवाई, ऑन स्पॉट कई मामलों का निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इसी क्रम में चास निवासी मोनिका विश्वकर्मा ने अपने सास-ससुर के साथ जनता दरबार में अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वाहन की किस्तें समय पर जमा नहीं हो पाई थीं, जिसके कारण बैंक ने वाहन जब्त कर लिया। इस मामले को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर ही जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी - एलडीएम आबिद हुसैन को जरूरी दिशा निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने इंडसइंड बैंक के प्रतिनिधियों से वार्ता की। कुछ घंटों में ही मानवीय आधार पर बैंक ने वाहन (जेएच 09 बीसी 7736) की चाभी मोनिका विश्वकर्मा को लौटाने का निर्णय लिया। जिसके बाद समाहरणालय स्थित





कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा के समक्ष बैंक के प्रतिनिधि पवन श्रीवास्तव ने वाहन ची चाभी पप्पु विश्वकर्मा के परिजनों को सौंप दिया। वाहन मिलने पर मोनिका और उनके परिजनों ने भावुक होकर उपायुक्त का आभार जताया।

**संवेदनशील प्रशासन की पहल-परिवार को मिली राहत**

इस अवसर पर मोनिका विश्वकर्मा ने भरोसा दिलाया कि आगे से सभी किस्तें समय पर जमा की जाएंगी। उपायुक्त की तत्परता और संवेदनशील पहल और बैंक के सहयोग से एक परिवार को बड़ी राहत मिली।

**जनता दरबार में हुई 63 मामलों की सुनवाई**

आज के जनता दरबार में कुल 63 मामलों की सुनवाई हुई। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कई मामलों का समाधान तत्काल मौके पर ही कर दिया गया। जनता दरबार में जमीनझ्जायदाद, जबरन कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, शिक्षा, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, राजस्व, अंचल चंदनकियारी और अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कई में त्वरित निर्णय लेते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

**दाखिल-खारिज शिविर का करें आयोजन**

जनता दरबार में भूमि से जुड़े कई मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपर समाहर्ता को आम लोगों की सुविधा के लिए विशेष दाखिलझ्खारिज शिविर लगाने का निर्देश दिया। कहा कि इस शिविर में लंबित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। शिविर की तिथि एवं स्थल शीघ्र ही घोषित की जाएगी, ताकि आमजन आसानी से लाभान्वित हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिले का प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है, क्रमवार सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का आज से शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उद्घाटन आज पूर्वाहन 11:00 बजे से सदर अस्पताल, बोकारो के सभागार में सांसद धनबाद ढुल्लू महतो के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। यह अभियान 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें समुदाय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सघन स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच किया जाएगा।

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत तिथिवार निम्न कार्यक्रम किया जाना है :-**

18 सितम्बर 2025 को टीकाकरण, 19 सितम्बर 2025 को गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग एवं उपचार, 20 सितम्बर 2025 को मानसिक स्वास्थ्य की जांच, 21 सितम्बर 2025 को एनिमिया, राष्ट्रीय शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मासिक स्वच्छता सम्बन्धित जागरूकता। 22 सितम्बर 2025 को एएनसी की जांच, 23 सितम्बर 2025 को सिकलसेल एनिमिया एवं ब्लड डोनेशन कार्यक्रम, 24 सितम्बर 2025 को टीबी के मरीजों की पहचान व उपचार, 25 सितम्बर 2025 को पोषण सम्बन्धित जागरूकता कार्यक्रम, 26 से 02 अक्टूबर 2025 तक को सभी का उपचार के साथ-साथ फालोअप कार्यक्रम किया जाना है।

## महिलाओं के स्वास्थ्य व रक्तदान शिविरों पर रहेगा फोकस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' के तहत खासकर स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा कि 'स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार' की आधारशिला है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथझ्साथ रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। रक्तदान सेवा से मातृ स्वास्थ्य को मजबूत बनाया जा सकता है।

**क्या होगा अभियान में**

- महिलाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन
- रक्तदान शिविरों का समन्वित संचालन
- स्वयंसेवी संगठन, युवा समूह और शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी
- एनीमिया मुक्त भारत अभियान से जोड़कर विशेष रक्तदान शिविर
- रक्तदाताओं व संगठनों को सम्मानित किया जाएगा

सिविल सर्जन डॉ. ए बी प्रसाद ने जिले वासियों विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' को सफल बनाएं और समाजहित में योगदान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### सरवाईकल कैंसर की जांच हेतु दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता मे सरवाईकल कैंसर की जांच हेतु चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण ने बताया कि बोकारो जिला में 30 नए सीएचओ जो अभी तक सरवाईकल कैंसर पर प्रशिक्षित नही थी उन्हें 10 दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण डॉ रशमी मेघा और डॉ राजश्री रानी सिंह द्वारा दिया गया।



**समय रहते इसकी पहचान कर उपचार किया जा सके-**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद द्वारा अपने सम्बोधन में बताया कि कैंसर तेजी से बढ रही है जो गम्भीर और जानलेवा तथा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। कैंसर के बढते खतरों को लेकर लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि एनसीडी कोषांग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुख कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सरवाईकल कैंसर की जांच की जाती है। 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की महिलाओं में सरवाईकल कैंसर की जांच अवश्य कराना चाहिये ताकि समय रहते इसकी पहचान कर उपचार किया जा सके। कार्यक्रम में डॉ. अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, डॉ. रशमी मेघा, डॉ. राजश्री रानी सिंह, रवि शंकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा एवं । अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक ने किया एसबीआई वेल्थ हब का उद्घाटन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय स्टेट बैंक के बोकारो स्टील सिटी शाखा परिसर में एसबीआई वेल्थ हब का उद्घाटन किया गया। झारखंड नेटवर्क के महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल के कर कमलों द्वारा वेल्थ हब का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर धनबाद अंचल के उपमहाप्रबंधक विजय कुमार और बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विवेक चंद्र जायसवाल ने कहा कि वेल्थ हब का उद्देश्य ग्राहकों को उच्च स्तरीय व्यक्तिगत बैंकिंग, निवेश परामर्श एवं सम्पत्ति प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना है। उच्च-नेट-वर्थ वाले ग्राहकों को उनकी विशिष्ट बैंकिंग और वित्तीय आवश्यकताओं के लिए प्रीमियम सेवाएं प्रदान की जाएंगी। विभिन्न फंड हाउसों के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद और सेवाओं के साथ आधुनिक एवं समग्र वित्तीय समाधान भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाएगा। बोकारो के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदैव अपने ग्राहकों को सेवाएँ उपलब्ध कराने और समाज के सभी वर्गों तक बैंकिंग सुविधाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वेल्थ हब का उद्घाटन और वित्तीय समावेशन शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम निरंतर प्रयासरत हैं कि बैंकिंग सेवाएं देश के हर नागरिक तक पहुंचे तथा "हर हाथ को वित्तीय सशक्तिकरण" का लक्ष्य साकार हो सके।



### विस्थापितों को अब हाई कोर्ट पर भरोसा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रशासनिक भवन के पास सीआईएसएफ के द्वारा की गई लाठी चार्ज में मारे गए विस्थापित युवक प्रेम महतो के परिजनों और विस्थापितों को उच्च न्यायालय से आस जग गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए जांच को आगे बढ़ने का निर्देश दिया है ,साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी पर 18 सितंबर तक रोक लगा दी है। विस्थापितों ने न्यायालय के



इस फैसले का स्वागत किया है। विस्थापित अजय महतो का कहना है कि हम लोग चाहते हैं कि मामले में जांच में तेजी आए। ताकि प्रेम महतो के परिजनों को न्याय मिले। प्रेम महतो के पिता ने बेटे की हत्या का मुकदमा बीएस सिटी थाने में दर्ज कराई थी । जिस एफआईआर को न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसको लेकर परिजन सुप्रीम कोर्ट गए थे और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर यह कार्रवाई हाईकोर्ट ने शुरू की है।

# जिले के 3 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को खिलायी जायेगी कृमि की दवा : सिविल सर्जन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के द्वारा राष्ट्रीय कृमि दिवस का शुभारम्भ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चास में किया गया, जिसमें सिविल सर्जन द्वारा अपने सामने बच्चों को कृमि की दवा खिलाई गई। पेट के कीड़ों (कृमि) के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाता है और इसमें बच्चों को मुफ्त में कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल दी जाती है।



**जिले के कुल 3,18,034 लाभार्थियों को कृमि की दवा खिलाई जायेगी-**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि बोकारो जिले में कुल 3,18,034 लाभार्थियों को कृमि की दवा खिलाई जायेगी, जिसमें 01-05 आयुवर्ग के 1,22,596 एवं 06-19 आयु वर्ग के कुल 1,95,438 लाभार्थी शामिल है। साथ ही उन्होंने कहा कि 01-05 आयु वर्ग के बच्चों को दवा चूर कर साफ पानी में मिला कर खिलायें। वहीं 06-19 आयु वर्ग के बच्चों को भी अपने निर्देशन में ही दवा खिलायें। कोई भी बच्चा दवा घर ले जाकर नही खायेंगे। दवा हमेशा शिक्षक की देखरेख में ही खिलाना है इस बात का ध्यान दें। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य 01-19 वर्ष के बच्चों और प्रजनन आयु की महिलाओं (खासकर जो गर्भवती नहीं हैं) को निःशुल्क कृमि नाशक दवा देकर कृमि संक्रमण को खत्म करना है, ताकि उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हो सके। इससे बच्चों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना और उन्हें एक स्वस्थ भविष्य देना है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास डॉ अनिल कुमार, कस्तूरबा गांधी चास के प्राचार्य, स्वास्थ्य विभाग के चन्द्रशेखर एवं मधुमिता सहित अन्य उपस्थित थे।

# आजसू ने जिले में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को लेकर आजसू पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो के नेतृत्व में मंगलवार को बोकारो हवाई अड्डा से जिला मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली गई। इस दौरान आजसू जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कई गंभीर मामलों में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की माँग की। कहा कि अगर प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाचार पत्रों और जनमानस के माध्यम से कई गंभीर घोटाले सामने आए हैं, लेकिन जिला प्रशासन अभी तक ठोस कदम उठाने में विफल रहा है। रैली के बाद आजसू प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की माँग की।

**प्रमुख मुद्दे जिन पर आजसू ने उठाई आवाज**

**बोकारो डीएमएफटी घोटाला :** हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार करीब 600 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। इसमें जिलास्तरीय अधिकारियों की संलिप्तता की बात कही जा रही है। इसकी न्यायिक जाँच की माँग की गई।

**भर्ती प्रक्रिया में धांधली :** होमगार्ड और चौकीदार भर्ती प्रक्रिया में धांधली की आशंका जताई गई है।

**छात्रवृत्ति भुगतान लंबित :** कल्याण विभाग की लगभग 11 हजार छात्रवृत्ति फाइलें लंबित हैं, जिससे एस सी, एस टी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी वंचित हैं।

**अबुआ आवास 2 योजना :** जिले के 1700 से अधिक लाभुकों को जियो टैग के बावजूद आवास नहीं मिल पाया है।

**जरीडीह प्रखंड अस्पताल :** करोड़ों में बने अस्पताल भवन को ट्रस्ट को संचालन हेतु सौंपे जाने की जाँच की माँग।



**जियादा क्षेत्र की फैक्ट्रियां :** प्रदूषण से प्रभावित हो रही स्थानीय आबादी के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की माँग।

**रेलवे साइडिंग में कोयला परिवहन :** तय मात्रा से अधिक ट्रकों द्वारा कोयला परिवहन की शिकायत।

ग्रामीण कार्य विभाग की लापरवाही एनएच-32 से हीरटांड तक सड़क अधूरी छोड़ी गई, जाँच की माँग।

**ईएसएल वेदांत दुर्घटना :** कंपनी परिसर में कर्मी विष्णु रेड्डी की संदिग्ध मृत्यु की घटना की जाँच की माँग।

**चास थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी :** प्रतिबंधित लॉटरी संचालन की शिकायत और कार्यवाही की मांग।

**खाद्य आपूर्ति विभाग :** 2 लाख से अधिक राशन कार्ड आवेदन लंबित रहने का मामला उठाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अनिल झा ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, दुर्गा चरण महतो, केंद्रीय सदस्य सूरज महतो, महेंद्र चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फखरुद्दीन अली, महिला अध्यक्ष रीना देवी, बासुदेव लहरी, मिलन महतो, रितिक रजक, जुबेर अहमद, सहित सेंकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दवा का सेवन कर उपायुक्त ने किया कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने बरमसिया स्थित मिडिल स्कूल में एल्बेंडाजोल गोली का सेवन कर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृमि मुक्त समाज का निर्माण करना केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस दवा का सेवन नहीं करने से सरकार का पोषण कार्यक्रम व्यर्थ हो जाएगा क्योंकि शरीर में जाने के बजाय सारा पोषण कृमि को मिलेगा। कहा कि अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूट नहीं इसके लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है। दवा के सेवन से बच्चे कृमि मुक्ति होंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। उपायुक्त ने कहा कि अभियान के दौरान जिले में एक से 19 वर्ष के 3 लाख 86 हजार 159 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। आज बलियापुर में 23517, गोविंदपुर में 48572, टुंडी में



26853 व पूर्वी टुंडी में 9966 बच्चों को गोली का सेवन कराया जाएगा। जबकि 18 सितंबर को बाघमारा में 61170, धनबाद सदर में 80638, झरिया में 41881, निरसा में 66573, एवं तोपचांची में 26989 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं 19 सितंबर को मॉप-अप डे के दौरान बलियापुर, गोविंदपुर, टुंडी व पूर्वी टुंडी में छुटे हुए बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। वहीं 19 एवं 20 सितंबर को बाघमारा, निरसा, झरिया, तोपचांची एवं धनबाद सदर में मॉप-अप डे के दौरान छुटे हुए बच्चों को गोली का सेवन कराया जाएगा। इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से उपायुक्त का स्वागत किया। छात्राओं ने मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। अभियान के शुभारंभ के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, डीपीएम प्रतिमा कुमारी के अलावा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र मौजूद थे।

# अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में 19 सितंबर को रोजगार मेला

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला के अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में दिनांक - 19 सितंबर (शुक्रवार) को 2008 पदों के लिए सुबह 10:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन होगा। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन 2008 पदों के लिए किया जा रहा है। वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस मेला में शामिल होना चाहते है वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 दिनांक - 19 सितंबर 2025 (शुक्रवार) को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 04:00 तक रहेगी। अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है। रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर 40 हजार तक की नौकरी मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी, पदमा कुमारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। इस रोजगार मेला में आवेदक स्थानीय रोजगार से लेकर दुबई यूएई, में नौकरी पाने का भी सुनहरा अवसर का लाभ उठा सकेंगे` इस रोजगार मे नन मैट्रिक, मैट्रिक इंटर, स्नातक आई टी आई, डिप्लोमा, बीएससी, नर्स, बीई बी-टेक बीएचम एवं अन्य योग्यताधारी शिक्षित बेरोजगारो के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है( मेले में रिटेल सेक्टर, टेली कॉलर, कम्प्युटर ऑपरेटर, इंजीनियरिंग, टेकनीशियन, इलेक्ट्रिशियन, सुपरवाइजर, मेनेजर, सेफ़्टी ऑफिसर, हेल्पर आदि विभिन्न पदो के लिए रिक्तियाँ उपलब्ध है` आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक,आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते है` इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। अधिक जानकारी के लिए नियोजनालय से संपर्क कर सकते हैं।

## झारखंड के सभी जिलों में विश्व ओजोन दिवस मनाया जाएगा

**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क द्वारा हरमू स्थित कार्यालय में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर सामूहिक चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दामोदर बचाओ अभियान के गुलाब चंद्र और सीधा फाउंडेशन के हेमंत ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और बढ़ती जागरूकता की अहमियत पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ओजोन परत का क्षरण हमारे अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा है, और इसके समाधान हेतु सामूहिक प्रयास जरूरी है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष झारखंड के सभी जिलों में विश्व ओजोन दिवस मनाया जाएगा। जलवायु परिवर्तन, जस्ट ट्रांजिशन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सारथी नेटवर्क को और मजबूत किया जाएगा। 5 नवंबर से 12 नवंबर 2025 तक ह्यसारथी जस्ट ट्रांजिशन यात्राह्ल का आयोजन झारखंड के 15 जिलों में किया जाएगा।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत बीजीएच नर्सिंग स्कूल में वाक-पटुता प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा थीम 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर आधारित तीन माह के अभियान और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत बोकारो जनरल हॉस्पिटल के नर्सिंग स्कूल सभागार में अंग्रेजी एवं हिंदी भाषाओं में वाक-पटुता प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (प्रभारी) डॉ. विभूति करुणामय उपस्थित रहे. साथ में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा, एसीएमओ डॉ. अभिनव कुमार सहित कई अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा ने सभी का






स्वागत करते हुए नर्सिंग विद्यार्थियों को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. विभूति करुणामय ने नैतिक मूल्यों, कार्य में ईमानदारी तथा सतर्कता जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पारदर्शिता अपनाने, अनुशासन का पालन करने तथा कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखने के लिए प्रेरित किया. प्रतियोगिता में नर्सिंग स्कूल के कुल 27 विद्यार्थियों ने अपनी वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया. निर्णायक की भूमिका निभाते हुए एजीएम (अस्पताल सेवाएँ) सुश्री कैरोल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि छात्रों ने उत्कृष्ट उत्साह और गहन तैयारी का परिचय दिया है. अंग्रेजी भाषा के वाक-पटुता प्रतियोगिता में अनु प्रिया ने प्रथम, अन्नु झा ने द्वितीय और तनुश्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्चना कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया. वहीं, हिंदी भाषा के वाक-पटुता में संजीवनी ने प्रथम, आस्था कुमारी ने द्वितीय और राज नंदनी ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि प्रथम वर्ष की गायत्री कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ. विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (सतर्कता) सुश्री चित्रा पराशर ने किया तथा वरीय प्रबंधक (सतर्कता) श्री पंकज कुमार एवं नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या श्रीमती नीलिमा कुमारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. यह कार्यक्रम बीएसएल में सतर्कता को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने, पारदर्शिता, नैतिकता और ईमानदारी को जीवन का अंग बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है.



**सेल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कंपनी की 53वीं वार्षिक आम बैठक में दृढ़ता, परिवर्तन और भविष्य के लिए तत्परता पर किए विचार साझा**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चिन्मया मिशन, नई दिल्ली में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की, जहां सेल के सीएमडी श्री अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया और वैश्विक चुनौतियों के बीच कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और भविष्य के विकास के लिए इसके रणनीतिक रोडमैप को रेखांकित किया. अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए, श्री प्रकाश ने कहा, "इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है - मजबूत, लचीला और टिकाऊ. इस्पात की तरह, हमारी कंपनी भी अग्नि-परीक्षा से गुजरी है, चुनौतियों से आकार लेती रही है और अनुभव से मजबूत हुई है." उन्होंने जोर देकर कहा कि सेल 2047 तक विकसित भारत की ओर भारत की विकास यात्रा में एक साक्षी और एक भागीदार, दोनों के रूप में मजबूती से खड़ा है. उन्होंने बुनियादी ढाँचा, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा आदि सहित विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात आपूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया. उन्होंने कहा, "सेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है." उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के मार्गदर्शन में, कंपनी ने अपनी यात्रा के अगले चरण की शुरूआत कर दी है, जहाँ आगामी परियोजनाएँ शुरू से ही हरित प्रौद्योगिकियों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक-केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK